# Commercial Engineers & Body Builders Co. Limited

...bodies in motion ...

AN ISO/TS 16949:2009 Company
CIN-L24231UP1979PLC004837

Regd. Office : 84/105-A, G.T. Road, Kanpur Mahanagar, Kanpur - 208003 (U.P.) INDIA Email Id – cs@cebbco.com
Head Office : 48, Vandana Vihaar, Narmada Road, Gorakhpur, Jabalpur (M.P.) Website – www.cebbco.com


06.02.2019

To,

The Secretary,
Bombay Stock Exchange Limited,
25th Floor, P J Towers,
Dalal Street,
**MUMBAI – 400 001**
**Fax No.022 2272 2061/022 2272 2041**

The Secretary
National Stock Exchange of India Ltd
Exchange Plaza, 5th Floor, Plot No C/1 G Block, Bandra Kurla Complex, Bandra (East)
**Mumbai 400051**
**Fax No. 022-2659 8237/38, 66418124/25/26**

**Sub:- Publication of Notice / Intimation of Closure of Trading Window**

Ref :- Scrip Code 533272 NSE :- CEBBCO

Dear Sir / Madam,

We have published the intimation regarding notice of Board Meeting and Closure of Trading window in Rashtriya Sahara and Financial Express Newspaper (Kanpur, U.P.) on 06.02.2019

Please find enclosed herewith a copy of the paper cutting of the same.

This for your intimation and record

For COMMERCIAL ENGINEERS AND BODY BUILDERS CO. LIMITED

Amit K Jain
Company Secretary


Factory (Unit I) : 21,22,33,34, Industrial Area Richhai, Jabalpur - 482010 M.P., Tel. +91-761-233 0817 / 872, Fax : 0761-2331488
Factory (Unit II) : NH12-A, Village Udaipura, Teh. Niwas, Distt. Mandla - 481661 M.P., Tel. +91-7643-227403, 227389
Factory (Unit III) : Plot No. 690 to 693 & 751 to 756, Sector III, Industrial Area, Pithampur, Distt. Dhar, Tel. - 07292-407981
Factory (Unit IV) : Industrial Area Richhai, Jabalpur - 482010 M.P.
Factory (Unit V) : Plot No. 742, Asangi Phase Area, Saraikela, Jharkhand - 932109 Tel. 0657-2200251 / 252
Factory (Unit VI) : Village Imlai, Near Deori Railway Station, P.O. Panagar, Jabalpur - 483220

अफगानिस्तान में तालिबान के हमले में 21 की मौत पेज-11


सत्ता पर कब्जा करना चाहता है 'चोर तंत्र' पेज-13

ममता जी, आपके देश आना है, वीजा मिलेगा ?
—मेजर सुरेंद्र पुनिया@MajorPoonia

न्यूजीलैंड से टी-20 का पहला मुकाबला आज पेज-14



नगर संस्करण

www.facebook.com\rashtriyasahara https://twitter.com/SaharaRashtriya www..rashtriyasahara.com




श्रद्धा की फिल्म का नाम होगा स्ट्रीट डांसर
पेज-16



# राष्ट्रीय सहारा

राष्ट्रीयता ■ कर्त्तव्य ■ समर्पण

■ कानपुर ■ नई दिल्ली ■ लखनऊ ■ गोरखपुर ■ पटना ■ देहरादून ■ वाराणसी से प्रकाशित

कानपुर

बुधवार ● 6 फरवरी ● 2019

पृष्ठ 16+4 (आधी दुनिया), मूल्य ₹ 2.00


सराफा दिल्ली सोना (प्रति 10 ग्राम) ₹ 34,475 | चांदी (प्रति किलो) ₹ 41,700 | शेयर सेंसेक्स 36,616.81 +34.07 | निफ्टी 10,934.35 +22.10 | विनिमय दर ₹/$ 71.57 +0.23 | मौसम (कानपुर) तापमान अधिकतम 23° | न्यूनतम 8.8°

# विस में जबरदस्त हंगामा, विधायक घायल

## राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान सपा विधायकों ने फेंके कागज के गोले

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

बजट सत्र शुरू

लखनऊ।

यूपी विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को राज्यपाल राम नाईक के अभिभाषण के दौरान विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान कांग्रेस सदस्य जहां अपने सीट पर खड़े होकर सदन में विरोध करते रहे वहीं सपा व बसपा सदस्यों ने जमकर

- राज्यपाल को दिया गया गार्ड आफ ऑनर
- सपा-बसपा व कांग्रेस ने सरकार विरोधी नारेबाजी की, कहा- राज्यपाल वापस जाओ
- हाथों में किसानों व जनता की दिक्कतों संबंधी नारे लिखे बैनर-पोस्टर दिखाये
- सपा विधायकों ने बैठक शुरू होने से पहले सदन के बाहर दिया धरना

सरकार विरोधी नारेबाजी की तथा राज्यपाल वापस जाओ के नारे लगाते हुए कागज के गोले फेंके।

राज्यपाल जैसे ही विधान सभा में पहुंचे तो वहां सर्वप्रथम विधान परिषद के सभापति रमेश यादव, विधान सभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने स्वागत किया। इसके बाद प्रोटोकाल के अनुसार राज्यपाल को 'गार्ड आफ आनर' दिया। इसके बाद राज्यपाल ने सदन में पहुंचकर सुबह 11 बजे जैसे ही संयुक्त बैठक में अभिभाषण पढ़ना शुरू किया तभी समाजवादी पार्टी, बहुजन समाज पार्टी और कांग्रेस के सदस्य अपनी जगह पर खड़े हो गये और नारेबाजी करने लगे। विपक्षी विधायकों ने सरकार विरोधी नारे लगाये। उन्होंने अपने हाथों में किसानों और आम जनता की दिक्कतों संबंधी नारे लिखे हुए बैनर और पोस्टर भी लिये हुये थे।

राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी विधायकों ने 'कानून व्यवस्था ध्वस्त है, योगी सरकार मस्त है'। 'भाजपा जनता से डरती है, सीबीआई-ईडी को आगे करती है' और 'किसान विरोधी यह सरकार नहीं चलेगी-नहीं चलेगी के नारे लगाये। इससे पहले भी विपक्षी सदस्य उस वक्त नाराज हुए जब संयुक्त बैठक शुरू होने से सिर्फ 15 मिनट पहले पौने 11 बजे सदन के दरवाजे खोले गये। सपा के सदस्यों ने बैठक शुरू होने से पहले सदन के बाहर धरना भी दिया।

विधानमंडल में विपक्ष के हंगामे के बावजूद राज्यपाल ने 30 पृष्ठीय अभिभाषण को पूरा पढ़ा। लगभग एक घंटे तक चले अभिभाषण के दौरान सपा के सदस्यों ने राज्यपाल श्री नाईक की तरफ कागज के तमाम गोले फेंके। जिन्हें राज्यपाल तक पहुंचने से रोकने के लिये विधानसभा के सुरक्षाकर्मियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान ही मेज पर चढ़कर नारेबाजी कर रहे सपा विधायक सुभाष पासी नीचे गिर गये और चोट लगने से बेहोश हो गये। कुछ विधायक उन्हें तुरंत उठाकर लाबी में ले गये, जहां डाक्टर ने उनका चेक-अप करने के बाद एम्बुलेंस से सिविल अस्पताल के लिए रिफर कर दिया। सदन में नया और दिलचस्प नजारा भी तब दिखा जब विधानसभा अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने सदन में हंगामे के बीच पूरा अभिभाषण पढ़ने के लिए राज्यपाल को धन्यवाद देने की कोशिश की।


मंगलवार को सत्र में राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान प्रदर्शन करते विपक्षी दलों के विधायक।

### विपक्ष का आचरण अराजक : योगी

**लखनऊ (एसएनबी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विधानमंडल के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को राज्यपाल के अभिभाषण के दौरान विपक्षी सदस्यों के हंगामे की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि लोकतंत्र को कमजोर करने वाले ये दल किस तरह की व्यवस्था चाहते हैं। सदन में विपक्ष का यह आचरण अराजक व बर्बर है। (विस्तृत पेज 9)

■ सबका साथ-सबका विकास का संकल्प साकार करेगी सरकार : नाईक -पेज 9

### सपा विधायक ट्रामा सेंटर में भर्ती, हालत गम्भीर



**लखनऊ (एसएनबी)।** यूपी विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन मंगलवार को सदन के वेल में प्रदर्शन कर रहे समाजवादी पार्टी के गाजीपुर की सैदपुर सीट से विधायक सुभाष पासी गिरकर बेहोश हो गये। डाक्टरों के अनुसार ब्रेन हेमरेज के बाद बेहोश हो गये। उन्हें मेडिकल कालेज के ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत गंभीर है।

(विस्तृत पेज 9)

## राम मंदिर निर्माण पर बात अब चुनाव के बाद : विहिप

■ नई दिल्ली (भाषा)।

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मंगलवार को कहा कि अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के लिए उसका अभियान आम चुनावों के संपन्न



होने तक रोक दिया गया है क्योंकि वह नहीं चाहता कि यह कोई चुनावी मुद्दा बने।

इलाहाबाद में विहिप द्वारा आयोजित धर्मसभा के कुछ दिनों बाद संगठन ने यह घोषणा की है। धर्मसभा में यह प्रस्ताव स्वीकार किया गया था कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण तक हिंदू चैन से नहीं बैठेंगे और न ही दूसरों को चैन से बैठने देंगे। राम जन्मभूमि आंदोलन का नेतृत्व करता रहा विहिप पिछले कई महीनों से देश भर में अभियान चलाकर मांग कर रहा है कि अयोध्या में विवादित स्थल पर राम मंदिर निर्माण के लिए संसद से एक कानून पारित हो।

इस अभियान के तहत विहिप ने देश भर में रैलियां की हैं और हर पार्टी के सांसदों से मुलाकात की है। विहिप के अंतरराष्ट्रीय संयुक्त महासचिव सुरेंद्र शेष पेज 13

## पुरानी पेंशन बहाली के लिए हड़ताल आज से

■ लखनऊ (एसएनबी)।

पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर डेढ़ सौ से अधिक कर्मचारी संगठनों की सात दिनों तक चलने वाली महाहड़ताल बुधवार से होगी। हड़ताल का आह्वान करने वाले पुरानी पेंशन बहाली मंच के नेताओं ने दावा किया है कि उनकी तैयारियां पूरी हैं।

उधर, सरकार भी हड़ताली कर्मचारियों से निपटने को सख्त नजर आ रही है। कर्मचारी नेताओं ने हड़ताल की सफलता के लिए लखनऊ सहित समस्त जिलों में मंगलवार को रैलियां निकालकर सभाएं कीं। दूसरी ओर शासन में बैठे आला अफसरों ने भी कर्मचारियों के इस चक्रव्यूह को भेदने के लिए मातहतों के साथ माथापच्ची की।

मंच के संयोजक हरि किशोर तिवारी ने बताया कि हड़ताल की नोटिस मंच की ओर से पूर्व में ही जारी की जा चुकी है। इसके बावजूद यदि हड़ताल अवधि के दौरान कर्मचारियों व शिक्षकों के खिलाफ किसी प्रकार की अनुशासनात्मक कार्रवाई होती है, तो जरूरी सेवाओं को भी ठप कराना मजबूरी होगी।

## उप्र में 6 माह के लिए एस्मा लागू, नहीं होगी स्ट्राइक

■ लखनऊ (एसएनबी)।

उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में आवश्यक सेवा अनुरक्षण अधिनियम (एस्मा) लागू करते हुए सभी विभागों और निगमों में हड़ताल पर अगले छह महीने तक के लिए पाबंदी लगा दी है। मुख्य सचिव अनूप चंद्र पाण्डेय ने सोमवार रात इस सिलसिले में अधिसूचना जारी की। अधिसूचना के मुताबिक राज्य के कार्यकलापों से सम्बन्धित किसी भी लोकसेवा, राज्य सरकार के स्वामित्व या नियंत्रण वाले किसी निगम या स्थानीय प्राधिकरण में हड़ताल पर एस्मा-1966 की धारा तीन की उपधारा एक के तहत अगले छह माह तक के लिए प्रतिबंध लागू कर दिया गया है।

## शायर मुनव्वर राना पीजीआई में भर्ती

**लखनऊ (एसएनबी)।** मशहूर शायर मुनव्वर राना को दिल में दर्द की परेशानी होने पर परिजनों ने मंगलवार को पीजीआई में भर्ती कराया है। उनका इलाज हृदय रोग विशेषज्ञ प्रो.सुदीप कुमार की देखरेख में चल रहा है। डॉक्टरों ने कई जांचे कराई।



प्रो. सुदीप ने बताया कि डायबिटीज की वजह से शरीर में पानी जमा हो रहा था जिसके कारण दिल में दर्द की परेशानी हो रही थी। श्री राना को सोमवार को दिल में दर्द की परेशानी होने पर परिजन उन्हें लेकर इमरजेंसी में पहुंचे। डॉक्टरों ने देखने के बाद उन्हें आईसीयू में भर्ती कर दिया था। प्रो.सुदीप के मुताबिक राना के स्वास्थ्य में सुधार है। उन्हें वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया है। पीजीआई निदेशक प्रो राकेश कपूर और सीएमएस प्रो. अमित अग्रवाल ने श्री राना से मिलकर हालचाल लिया।

## NGT ने यूपी सरकार पर 25 लाख का जुर्माना लगाया

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने मंगलवार को ऊपरी गंग नहर में गंदा पानी गिरने से रोकने में नाकाम रहने पर उत्तर प्रदेश सरकार पर 25 लाख रुपए का जुर्माना लगाया। एनजीटी ने कहा कि किसी जलधारा में सीवर का पानी गिराना अपराध है। एनजीटी प्रमुख न्यायमूर्ति आदर्श कुमार गोयल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि उचित कूड़ा प्रबंधन और इसके शोधन के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए गए। एनजीटी ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण मौलिक अधिकार है और अधिकारियों की उदासीनता से दंडात्मक कार्रवाई करके निपटा जाना चाहिए।

# CBI करे राजीव कुमार से पूछताछ, गिरफ्तार नहीं

## शीर्ष कोर्ट की शारदा घोटाले में जांच एजेंसी को हिदायत

■ विवेक वार्ष्णेय

नई दिल्ली। एसएनबी

कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार के सिर पर मंडरा रहा रिफ्तारी का संकट टल गया है। सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि राजीव कुमार से शिलांग में पूछताछ की जाए, लेकिन उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कोलकता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार से कहा है कि वह शारदा चिटफंड घोटाले की जांच में सीबीआई को सहयोग करें।

**शिलांग में हो राजीव कुमार से पूछताछ :** सुप्रीम कोर्ट ने साथ ही कहा कि



सीबीआई यह पूछताछ पश्चिम बंगाल के बजाय मेघालय की राजधानी शिलांग में करेगी। चीफ जस्टिस रंजन गोगोई, जस्टिस दीपक गुप्ता और संजीव खन्ना की बेंच ने कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को निर्देश दिया कि वह शारदा चिटफंड घोटाले से संबंधित मामले की जांच में सीबीआई के साथ पूरी ईमानदारी से सहयोग करें और उसके लिए उपलब्ध रहें। अदालत ने कहा कि राजीव कुमार मेघालय के शिलांग स्थित सीबीआई के दफ्तर में तयशुदा तारीख पर हाजिर रहेंगे। शेष पेज 13


कोलकाता : धरना स्थल पर चंद्रबाबू नायडू के साथ ममता बनर्जी। फोटो : देबज्योति वर्ती/एसएनबी

> विपक्ष की अहम पार्टियों के नेताओं के साथ सलाह-मशविरे और अदालत से अनुकूल आदेश आने के बाद मैंने धरना खत्म कर दिया।
> —ममता बनर्जी

## मांगें माने जाने पर अन्ना ने अनशन तोड़ा

**रालेगण सिद्धि (भाषा)।** सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना हजारे के स्वास्थ्य की चिंताओं के बीच महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फड़नवीस और दो



केंद्रीय मंत्रियों ने मंगलवार को 81 वर्षीय गांधीवादी नेता से मुलाकात की और उनसे अनशन समाप्त करने का आग्रह किया। बाद में, फड़नवीस ने दावा किया कि सरकार द्वारा मांगों को स्वीकार किए जाने के बाद सामाजिक कार्यकर्ता अन्ना ने अपना अनशन समाप्त कर दिया है। भ्रष्टाचार निरोधक नियामक के गठन की मांग को लेकर हजारे ने 30 जनवरी को अनशन शुरु किया था।

# ...तो गले में तख्ती डालकर घूमेंगे तृणमूल के गुंडे : योगी

**पुरुलिया (भाषा)।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को एक जनसभा में कहा कि पश्चिम बंगाल में भाजपा की सरकार बनी तो तृणमूल कांग्रेस के गुंडे उसी तरह अपने गले में तख्ती लगा के चलेंगे, जैसे उत्तर प्रदेश में सपा-बसपा के गुंडे चलते हैं और कहते हैं कि हमें बख्श दो।

आदित्यनाथ ने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि वह एक 'भ्रष्ट' अधिकारी को बचाने की कोशिश कर रही हैं और इससे ज्यादा 'शर्मनाक और असंवैधानिक' कुछ नहीं हो सकता कि एक मुख्यमंत्री इसलिए धरने पर बैठी हैं कि कहीं 'भ्रष्टाचार से जुड़े राज' बाहर न आ जाएं। पड़ोसी राज्य झारखंड के बोकारो तक हेलीकॉप्टर से आने के बाद सड़क मार्ग से पश्चिम बंगाल के पुरुलिया पहुंचे आदित्यनाथ ने चिटफंड घोटालों के सिलसिले में कोलकाता के पुलिस आयुक्त से पूछताछ की सीबीआई की कोशिश का विरोध करने को लेकर ममता पर निशाना साधा। रैली को संबोधित करते हुए आदित्यनाथ ने ममता पर आरोप लगाया कि वह बंगाल के गरीबों का शोषण कर रही हैं और केंद्रीय योजनाओं का लाभ राज्य के लोगों तक नहीं पहुंचने दे रही। उन्होंने उच्चतम न्यायालय के उस आदेश का भी जिक्र किया, जिसमें कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को शारदा घोटाले की जांच में सहयोग करने को कहा गया है। आदित्यनाथ ने सवाल किया कि ममता पुलिस अधिकारी को बचाने की कोशिश क्यों कर रही हैं।


पुरुलिया : जनता का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। फोटो : प्रेट्र

> एक 'भ्रष्ट' अधिकारी को बचाने की कोशिश कर रही हैं ममता

# जीप में ट्रक ने टक्कर मारी, तीन महिलाओं की मौत

■ कानपुर (एसएनबी)।

- सात गंभीर, रोहतक से कुम्भ स्नान को आये थे
- गुजैनी फ्लाईओवर पर हुई हृदयविदारक घटना

गुजैनी फ्लाईओवर पर एक तेज रफ्तार ट्रक द्वारा सड़क किनारे खड़ी लग्जरी जीप में टक्कर मार देने से जीप पलट गयी और उसमें सवार लोग नीचे दब गये। मौके पर पहुंची पुलिस ने जीप में फंसे लोगों को बाहर निकाला और हैलट भेजा, जहां तीन महिलाओं को मृत घोषित कर दिया गया। जीप सवार सात लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। जीप में रोहतक के लोग सवार थे जो कुंभ में गंगा स्नान करने के बाद घर लौट रहे थे। रास्ते में टायर पंचर हो जाने के कारण वह लोग टायर बदलने के लिए रुके थे, तभी हादसा हो गया। घटना के बाद ट्रक चालक मौके से भाग निकला है।

हरियाणा के रोहतक जिले के बोहरा गांव की आठ महिलाएं और एक युवक पांच दिन पूर्व एक किराये की लग्जरी जीप से प्रयागराज कुंभ में गंगा स्नान और काशी विश्वनाथ के दर्शन करने के लिए निकले थे। जीप में दो चालक सुंदर और सुरेन्द्र थे, जो बारी-बारी से गाड़ी चला रहे थे। शेष पेज 13




संपादकीय
08 कांग्रेस की रैली-शैली





मार्केट
15 सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में कमी




# प्रियंका की लोकप्रियता को पूरे देश में भुनाएगी कांग्रेस

■ अजय तिवारी

नई दिल्ली। एसएनबी

लोकसभा चुनाव में कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा पूरे देश में कांग्रेस की प्रमुख स्टार प्रचारकों में से होंगी। पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के समक्ष प्रदेश अध्यक्षों और चुनाव प्रबंधकों ने इस डिमांड को रखा था। बताया जा रहा है कि युवा नेताओं ने ही नहीं, मोतीलाल वोरा, अहमद पटेल, शीला दीक्षित, जयराम रमेश सरीखे कई पुराने नेताओं ने प्रियंका से देशव्यापी प्रचार कराने का आग्रह किया था। चुनाव तैयारियों पर काम कर रहे नेताओं की मानें तो प्रियंका उन सीटों पर भी जाएंगी, जहां कांग्रेस अपेक्षाकृत कुछ कमजोर आंकी जाती है।

प्रियंका का महत्व बढ़ाते हुए उन्हें अमेरिका से लौटते ही कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी के कक्ष के बगल वाला कक्ष भी दे दिया गया। इस कक्ष पर मंगलवार को उनके नाम की प्लेट भी लगाई गई। उनके साथ यूपी की जिम्मेदारी देख रहे महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया का मान रखते हुए उन्हें भी मुख्यालय में वह कक्ष दिया गया है, जिसमें अब तक संगठन मामलों के महासचिव बैठा करते थे। इस मामले में एक दिलचस्प वाकया भी घटा। संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल इस कक्ष में बैठने के लिए आए, तो प्रशासनिक मामले देखने वाले महासचिव मोतीलाल वोरा ने उन्हें सूचित किया कि यह कक्ष राहुल के यहां से सिंधिया को आवंटित किया गया है।

प्रियंका को वैसे तो पूर्वी यूपी का प्रभार दिया गया है, लेकिन राहुल गांधी ने अटकलों पर विराम लगाते हुए साफ कर दिया है कि महासचिव होने का मतलब ही है कि वह पूरे देश के लिए उपलब्ध होंगी। बताया जा रहा है कि विदेश से लौटने के बाद कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने प्रियंका और पश्चिमी यूपी के प्रभारी महासचिव ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ बैठक की है। इस बैठक में राहुल ने प्रियंका और सिंधिया दोनों को फ्रीहैंड काम करने की छूट भी प्रदान की। बैठक में चर्चा हुई है कि यूपी के चुनाव में प्रदर्शन सुधारने के लिए संगठन और संसाधन के स्तर पर क्या-क्या किया जाना है।




नई दिल्ली : मंगलवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के घर पहुंचीं। कांग्रेस दफ्तर में प्रियंका की नेम प्लेट। फोटो : प्रेट्र




# दिनोंदिन बढ़ रहा उर्दू पत्रकारिता का दायरा

■ लखनऊ (एसएनबी)।



रोजनामा राष्ट्रीय सहारा की 20वीं सालगिरह के मौके पर केक काटते वरिष्ठगण।

रोज़नामा राष्ट्रीय सहारा अपने प्रकाशन के 20 वर्ष पूरे कर 5 फरवरी को 21वें वर्ष में दाख़िल हुआ। अख़बार की वर्षगांठ के मौके पर मंगलवार को सहारा इण्डिया टावर स्थित सभागार में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि सहारा इण्डिया परिवार के डिप्टी डायरेक्टर वर्कर एवं रोज़नामा राष्ट्रीय सहारा के मुद्रक व प्रकाशक ज़िया कादरी अजमेरी ने शिरकत की और केक काटा। इस मौके पर सहारा इण्डिया परिवार के डिप्टी डायरेक्टर वर्कर संदीप दासगुप्ता और असिस्टेन्ट डायरेक्टर वर्कर (रि.कर्नल) बीपीएस तुलसी, राष्ट्रीय सहारा के समूह सम्पादक मनोज तोमर, राष्ट्रीय सहारा लखनऊ के यूनिट हेड अजीत वाजपेई, स्थानीय सम्पादक अरुण प्रताप शाही, डिप्टी सीनियर मैनेजर डेरिक गोडिन आदि मौजूद थे।

इस मौके पर श्री कादरी ने पत्रकारिता के उसूलों और समाज के प्रति पत्रकारों की ज़िम्मेदारियों पर रोशनी डालते हुए कहा कि सहारा इंडिया परिवार के प्रबंध कार्यकर्ता एवं चेयरमैन सहाराश्री सुब्रत रॉय सहारा ने सकारात्मक पत्रकारिता के जिन उसूलों की बुनियाद राष्ट्रीय सहारा के रूप में डाली, वह अपने मकसद में पूरी तरह कामयाब है। रोज़नामा राष्ट्रीय सहारा देश में सबसे ज्यादा स्थानों से निकलने वाला अखबार है और वह देश में इस मामले में नंबर वन है। उन्होंने कहा कि उर्दू पत्रकारिता का दायरा दिनोंदिन तेजी के साथ बढ़ रहा है। राष्ट्रीय सहारा के समूह सम्पादक मनोज तोमर ने कहा कि किसी भी जबान को धार्मिक व क्षेत्रीय सीमा में नहीं बांधा जा सकता है। उर्दू और हिन्दी में इतनी एकरूपता है कि यह समझ पाना कई बार मुश्किल होता है कि कौन सा शब्द हिंदी का है और कौन सा उर्दू का। समारोह का संचालन रोज़नामा राष्ट्रीय सहारा के स्थानीय सम्पादक डा. हिमायत हुसैन जायसी ने किया और धन्यवाद ज्ञापन राष्ट्रीय सहारा लखनऊ के यूनिट हेड अजीत वाजपेई ने किया।

> **रोजनामा राष्ट्रीय सहारा की मनाई गई 20वीं सालगिरह**
>
> **रोजनामा राष्ट्रीय सहारा उर्दू का नंबर वन अखबार : जिया कादरी**

# ई-सिगरेट की गिरफ्त में शहर के युवा!

■ जितेंद्र मिश्रा

कानपुर। एसएनबी

सिगरेट पीना आम बात है। यदि इसके स्टैंडर्ड को और बढ़ा दें तो यह ईसिगरेट में बदल जाती है। शहर के युवाओं में आजकल इसका क्रेज बढ़ रहा है। युवा ईसिगरेट से कश लेते नजर आ रहे हैं। वयस्क हो या नाबालिग, सभी इसकी गिरफ्त में आ रहे हैं। अलग-अलग फ्लेवर के साथ ईसिगरेट उन्हें आम सिगरेट से ज्यादा रास आ रही है। वहीं, इस बात से कम लोग ही वाकिफ हैं कि ईसिगरेट उनके शरीर को खोखला कर रही है। डॉक्टरों की मानें तो ईसिगरेट से फेफड़े खराब होने के साथ कैंसर व हार्ट अटैक भी हो सकता है।

> **डॉक्टरों का कहना है कि शरीर को खोखला कर रही है ई-सिगरेट**

सार्वजनिक जगहों पर सिगरेट पीने पर लगी पाबंदी के कारण आजकल ईसिगरेट का चलन बढ़ रहा है। सबसे ज्यादा युवा वर्ग के लोग इसके शिकार हो रहे हैं। शौक-शौक में वह इसके आदी बन रहे हैं। शहर के पॉश इलाकों स्वरूपनगर, सिविल लाइंस, मालरोड, गोविंदनगर, किदवईनगर, श्यामनगर आदि क्षेत्रों में ज्यादातर युवा ईसिगरेट से कश लेते हुए देखे जा सकते हैं। वयस्क से लेकर नाबालिग भी इसके लती हो रहे हैं। वे यह नहीं जानते हैं कि ईसिगरेट की कश से जो धुआं उनके शरीर में जा रहा है, वह उनके फेफड़ों को छलनी करने के साथ और भी बीमारियां पैदा कर रहा है। हालांकि, युवाओं का कहना है कि ईसिगरेट उनके लिए ज्यादा सुरक्षित है। इसे वह कहीं पर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। इसमें धुआं भी न के बराबर होता है।



> **वयस्क हो या नाबालिग, हर किसी में ई-सिगरेट से कश लेने का बढ़ रहा है क्रेज**

"ई-सिगरेट से जो धुआं शरीर में जाता है, वह फेफड़े को छलनी करता है। साथ ही और भी कई बीमारियों को जन्म देता है। युवाओं में इसकी संख्या ज्यादा देखने को मिल रही है।"

**डॉ. एसके सिंह, चेस्ट रोग विशेषज्ञ**

### क्या है ई-सिगरेट

ई-सिगरेट बैटरी संचालित एक डिवाइस है, जिसमें तरल पदार्थ मौजूद होता है। इस तरल पदार्थ में तम्बाकू से उत्पन्न निकोटीन और फ्लेवर्ड एडिटिव्स शामिल होते हैं। इसके गर्म होने पर कश लेने से भाप निकलती है। कोई उपयोगकर्ता जब ई-सिगरेट के जरिये कश लेता है तो डिवाइस में लगी बटन दबाने से एक सेंसर इस प्रवाह को जान जाता है। गर्म होने के बाद मसालेदार तरल घोल वाष्पीकृत होता है। कश लेते समय हर बार यही प्रक्रिया दोहरानी पड़ती है।

### ई-सिगरेट के फ्लेवर्स

ई-सिगरेट में मिंट, वनीला, दालचीनी, लौंग, स्ट्राबेरी, केला, स्पाइसी कूलिंग आदि फ्लेवर्स आते हैं।

### शरीर पर पड़ता विपरीत असर

- ई-सिगरेट में इस्तेमाल किये गये फ्लेवर्ड एडिटिव्स हमारे शरीर की रक्त वाहिका के काम करने की क्षमता को कम करता है। इसी वजह से इसका सेवन करने वालों को दिल से जुड़ी समस्याएं होने की संभावनाएं ज्यादा हो जाती हैं।
- ई-सिगरेट पीने की वजह से एंडोथेलियल सेल्स पर प्रभाव पड़ता है, जो रक्त वाहिकाओं और दिल के अंदर पायी जाती हैं। इतना ही नहीं, मेंथाल, लौंग, वैनिलीन, दालचीनी फ्लेवर शरीर में ब्लड फ्लो को रोकता है।
- ई-सिगरेट में वही विषाक्त रासायनिक पदार्थ होते हैं, जो तम्बाकू के धुएं में पाये जाते हैं। इससे फेफड़ों का जीवाणु रोधी रक्षा तंत्र बाधित होता है।
- धुएं में पाये जाने वाले जहरीले एल्डिहाइड की तरह ही ई-सिगरेट में मौजूद रासायनिक पदार्थ शरीर की सामान्य कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। इससे सांस सम्बंधी बीमारियां विकसित होती हैं। ई-सिगरेट में उपयोग होने वाला फ्लेवर फेफड़ों के महत्वपूर्ण एंटी बैक्टीरियल रक्षा तंत्र को नुकसान पहुंचा सकता है।
- ई-सिगरेट मुंह के डीएनए को नष्ट करने वाले तत्वों का स्तर बढ़ाकर मुंह के कैंसर की बीमारी का कारण बन सकती है। यदि शरीर ई-सिगरेट पीने के बाद नष्ट हुए डीएनए की मरम्मत नहीं कर पाता है तो कैंसर होने का खतरा बढ़ जाता है।

# स्वाइन फ्लू के तीन और संदिग्ध मरीज आये




**कानपुर (एसएनबी)।** मौसमी उठापटक के चलते स्वाइन फ्लू वायरस का संक्रमण नहीं थम रहा है। मंगलवार को स्वाइन फ्लू के लक्षण वाले तीन और मरीज आईडीएच अस्पताल पहुंचे। तीनों संदिग्ध मरीजों के थ्रोट स्वाब के नमूने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेजे गये हैं। अब तक फ्लू के पांच केस सामने आ चुके हैं, जबकि संदिग्ध मरीजों की संख्या 20 हो गयी है।

मंगलवार को हैलट ओपीडी के मेडिसिन विभाग में दो मरीजों में स्वाइन फ्लू के लक्षण पाये गये। इनमें सिविल लाइंस की पचास वर्षीय महिला व जवाहर नगर बिल्हौर का एक पुरुष शामिल है। उन्हें आईडीएच अस्पताल रेफर किया गया। आईडीएच के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अनूप कुमार शुक्ला ने बताया कि दोनों मरीजों को कई दिनों से सर्दी व खांसी की शिकायत है। गले व फेफड़े में दिक्कत बढ़ने पर वह यहां दिखाने आये। इसके अलावा एक युवक मुरारी लाल चेस्ट अस्पताल से जांच के लिए भेजा गया। उसे गंभीर चेस्ट इंफेक्शन है। फ्लू की आशंका पर तीनों मरीजों के थ्रोट स्वाब के नमूने जांच के लिए मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग भेजे गये हैं। दो से तीन दिनों मे जांच रिपोर्ट आयेगी।

**चार मरीजों की जांच रिपोर्ट आना बाकी**

**कानपुर।** मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग ने अब तक पांच मरीजों में इन्फ्लूएंजा ए एच1एन1 वायरस की पुष्टि की है। इसमें तीन मरीज बर्रा, एक मंधना व एक कन्नौज जिले का है। स्वाइन फ्लू के 20 संदिग्ध मरीजों में 11 नमूनों की रिपोर्ट निगेटिव आ चुकी है, जबकि चार की रिपोर्ट का इंतजार है।

**जहरीली शराब से सचेंडी व रूरा में 19 लोगों की मौत का मामला**

# पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर के नाती को हाईकोर्ट ने दी जमानत

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

जहरीली शराब से 19 लोगों की मौत के मुख्य आरोपी पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर के नाती नीरज सिंह को हाईकोर्ट से जमानत मिल गयी। इस मामले में पूर्व मंत्री श्री गौर भी आरोपी बनाये गये हैं, मगर वृद्धावस्था के आधार पर हाईकोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी। पुलिस सभी आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। प्रदेश भर में चर्चा का विषय बने इस मामले में पुलिस ने नीरज सिंह पर रासुका भी लगायी थी मगर हाईकोर्ट ने उसे खारिज कर दिया था। उसके बाद आरोपी को जेल में रखने के लिये पुलिस ने कोई और जतन नहीं किये।

नगर के सचेंडी थाना क्षेत्र में मई 2018 को जहरीली शराब पीने से आधा दर्जन लोगों की मौत हो गयी थी। उसी के एक-दो दिन बाद कानपुर देहात के रूरा थाना क्षेत्र में भी कई लोगों की मौत हो गयी थी। कुल 19 लोगों की मौत हुई थी। जांच-पड़ताल में पता चला था कि मरनेवाले लोगों ने जिन दुकानों से शराब खरीदी थी वह दुकानें पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर के नाती नीरज सिंह, विनय सिंह की थीं और उनमें शराब की सप्लाई भी यही लोग करते थे। पुलिस ने यह भी दावा किया था कि पूर्व मंत्री के नाती अरसे से न सिर्फ बना रहे थे बल्कि कानपुर देहात और करीबी जनपदों के ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध शराब का बड़ा कारोबार कर रहे थे।

> **पुलिस ने लगाया था रासुका लेकिन हाईकोर्ट ने कर दी थी खारिज**
>
> **आरोपी को जेल में रखने को पुलिस ने नहीं किये और कोई जतन**

पुलिस ने पूर्व मंत्री के परिसर से शराब बनाने का सामान और उपकरण भी बरामद किये थे, जिसके बाद पूर्व मंत्री को भी आरोपी बनाया गया था। नीरज सिंह के रूरा स्थित ठिकानों पर भी शराब बनाने के उपकरण व सामान बरामद हुआ था। इस मामले में हाईकोर्ट ने पूर्व मंत्री रामस्वरूप सिंह गौर की वृद्धावस्था को दृष्टिगत रखकर उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी, जबकि नीरज सिंह, विनय सिंह और सहयोगी राहुल पाल तभी से जेल में हैं।

प्रदेश भर में चर्चा का विषय बने इस मामले में नगर व देहात के कई पुलिस अफसरों पर निलंबन और तबादले की गाज गिरी थी। आबकारी विभाग के अधिकारियों पर भी कार्रवाई की गयी थी। मामले में सचेण्डी और रूरा से धारा 276 आईपीसी, धारा 304, 7 क आबकारी अधिनियम तथा रासुका के तहत मुकदमे दर्ज किये गये थे।

बचाव पक्ष के अधिवक्ता राज नारायण सिंह सेंगर ने बताया कि इस मामले में स्थानीय अदालत से जमानत खारिज होने के बाद हाईकोर्ट में जमानत की अर्जी लगायी। इस अर्जी पर हुई सुनवाई के दौरान हाई कोर्ट ने नीरज सिंह व विनय सिंह पर लगी रासुका को खारिज कर दिया। इसके बाद जमानत पर हुई सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने नीरज की जमानत अर्जी स्वीकार कर ली। जमानत आर्डर लेने के बाद डीजे माती की अदालत में बेल बॉन्ड दाखिला व जांच के उपरांत मंगलवार देर शाम नीरज को रिहा कर दिया गया।


**राष्ट्रीय सहारा क्लासीफाइड विज्ञापन**

**आवश्यकता**

सारथी Visa, No Advance (सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त) सिंगापुर, कनाडा में काम हेतु प्लम्बर, कारपेन्टर, ड्राईवर, Food Packing आदि की आवश्यकता, कमाये 80,000/-, 1,40,000/- तक, सम्पर्क करें। 7087570049, 8054356916

(बैंक पेमेंट)

**सूचना**

**सूचना**

मेरे मकान नं. 23 एल.आई.जी. केशव नगर, कानपुर नगर की रजिस्टर्ड वसीयत व (अन्य मूल दस्तावेज) जो कि मेरे पिता स्व.आई.डी. बाजपेई ने मेरे नाम की थी। कहीं गिर गई है। जिसका प्रयोग अवैधानिक होगा। **स्नेहलता त्रिवेदी पत्नी स्व. प्रताप शंकर त्रिवेदी, नि.-23, एल.आई.जी., डब्ल्यू ब्लाक केशव नगर, कानपुर नगर।**

**राष्ट्रीय सहारा में वर्गीकृत विज्ञापन प्रकाशन हेतु**
**-:- कार्यालय -:-**
**123/474 कालपी रोड फजलगंज, कानपुर**
**सम्पर्क करें :-**
**फोन : 0512-3982132**
**मो. : 9415003008**
**मो. : 8896035458**

**सूचना**

मेरे हाईस्कूल अंकपत्र प्रमाणपत्र वर्ष 2002 अनुक्रमांक 1209714 तथा इण्टरमीडिएट अंकपत्र प्रमाणपत्र वर्ष 2004 अनुक्रमांक 490484 खो गये हैं। **पुन्नूलाल पुत्र रामसजीवन, निवासी बेर्राव, फतेहपुर।**

(सीबीके-फतेहपुर)

मेरे भाई के रिलेशन सर्टिफिकेट में मेरा नाम गलती से राघेन्द्र सिंह लिख गया है। जबकि मेरा सही नाम राघेन्द्र कुमार है। मुझे अब इसी नाम से ही जाना व पहचाना जाये। **राघेन्द्र कुमार पुत्र राजेन्द्र सिंह, ग्राम-बेड़ीजोर, पोस्ट-टिकार, थाना-अरवल, जिला-हरदोई।**

(सीबीके-हरदोई)

राहुल सिंह गौतम व राहुल सिंह दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं। अब मुझे **राहुल सिंह पुत्र नरेन्द्र सिंह गौतम, 627/3 न्यू विमाननगर, चकेरी रोड, कानपुर के नाम से जाना जाये।**

(सीबीके-कानपुर)

मेरा हाईस्कूल अंकपत्र/ प्रमाणपत्र व आधार कार्ड में जन्मतिथि 03/04/1994 दर्ज है। यही वास्तविक व सही है। **दीक्षा वर्मा पत्नी विपिन कुमार वर्मा, 34 सी, विमानपुरी सनिगवांरोड, कानपुर।**

(सीबीके-कानपुर)

I Have Changed My Name Afifa Abdul Kader to Afifa D/o Abdul Kader V V In Future, I Will be Known Afifa, **Room No. S-312 R.A. Tower IIT Kanpur**

(cbk-kanpur)


# स्पष्ट करें कान्सेप्ट, साइकोसोमेटिक रेस्ट से हों तनावमुक्त

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी में रात दिन एक कर रहे छात्र-छात्राओं को बेहतर प्रदर्शन के लिये मनोवैज्ञानिकों की राय है कि वह रटंत के स्थान पर कान्सेप्ट (मूल प्रत्यय) स्पष्ट कर लें। साथ ही तनावमुक्त रहने के लिये अध्ययन के बीच में साइकोसोमेटिक रेस्ट कर शरीर और मस्तिष्क को तरोताजा भी करते रहें।

मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र के प्रभारी मनोवैज्ञानिक डॉ. एलके सिंह का कहना है कि परीक्षा के समय विद्यार्थी इतना तनावग्रस्त हो जाता है कि कई बार तो वह जो पढ़ा है, उसे भी भूल जाता है। ऐसे में बेहतर है कि परीक्षार्थी स्वयं को परीक्षा के तनाव से मुक्त रखें। इसके लिये प्रतिदिन सुबह के समय पांच से दस मिनट तक प्राणायाम अवश्य करें। इसके साथ ही लगातार दो या तीन घंटे की पढ़ाई के बाद जब ब्रेक लें तो कम से कम पांच मिनट तक साइकोसोमेटिक रेस्ट (एक तरह से शवासन) अवश्य करें। साइकोसोमेटिक रेस्ट के लिये समतल स्थान पर सीधा लेटकर शरीर के एकदम निष्क्रिय हो जाने का अहसास करना होता है। इसके साथ ही परीक्षा के दौरान ज्यादा तला हुआ या तैलीय पदार्थ न खाकर हलका और सुपाच्य भोजन ही करें। हो सके तो ज्यादातर फलों या फलों के जूस का सेवन करें। इसके साथ ही श्री सिंह विद्यार्थियों को जो पढ़ा है, उसका कान्सेप्ट स्पष्ट करने की राय भी दी। उन्होंने कहा कि अगर कान्सेप्ट स्पष्ट है तो परीक्षा में प्रश्न घुमा फिराकर भी पूछा जाये तो भी विद्यार्थी उसे हल करने में सक्षम हो जायेगा लेकिन अगर रटा है तो प्रश्न में जरा भी घुमाव उसे चक्कर में डाल सकता है। इसी तरह कान्सेप्ट क्लियर होने से भूलने का डर नहीं सताता, प्रश्न सामने आते ही विद्यार्थी अपने शब्दों में उसका उत्तर लिखने में सक्षम हो जाता है। पुराना पढ़ा हुआ दोहराने पर ध्यान दें, जो अब तक नहीं पढ़ा, परीक्षा के समय उसे पढ़ने और समझने का प्रयास न करें।

> **बोर्ड परीक्षार्थियों को मनोवैज्ञानिकों की सलाह**
>
> **प्रतिदिन सुबह के समय पांच से दस मिनट तक प्राणायाम अवश्य करें**

मनोवैज्ञानिक विनीता त्रिपाठी के मुताबिक परीक्षा के समय विद्यार्थी पढ़ाई कर थक जायें तो मनोरंजन के लिये टीवी का सहारा लेने के स्थान पर गीत-संगीत सुनकर मस्तिष्क को तरोताजा कर सकते हैं। टीवी पर दृश्य-श्रव्य मनोरंजन काफी देर तक के लिये दिमाग में स्थान बना लेते हैं, जिसके चलते टीवी देखने के बाद किया जाने वाला अध्ययन स्थाई प्रभाव नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि इसके अलावा मंडलीय मनोविज्ञान केंद्र, चुन्नीगंज में बोर्ड परीक्षा के चलते सहायता केंद्र शुरू कर दिया गया है। अगर हाईस्कूल या इंटरमीडिएट की परीक्षा देने जा रहे किसी विद्यार्थी को किसी तरह की मानसिक परेशानी है तो वह केंद्र से सम्पर्क कर सकता है।

# परीक्षा ड्यूटी से बच न सकेंगे शिक्षक, होगी कार्रवाई

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

यूपी बोर्ड की परीक्षाओं में ड्यूटी से बचने का प्रयास करने वाले शिक्षक कार्रवाई के लिए तैयार रहें। माध्यमिक शिक्षा परिषद, प्रयागराज से जारी निर्देशों की जानकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों और परीक्षा केंद्रों के व्यवस्थापकों व प्रधानाचार्यों को देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रत्येक परीक्षा में अ उत्तर पुस्तिकाओं का आवंटन क्रमवार करने को भी कहा है ।

बोर्ड की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा को लेकर जारी दिशा निर्देशों की जानकारी देते हुए जिला विद्यालय निरीक्षक ने कहा कि परीक्षा केंद्र के जिस कक्ष में बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र रखे गये हैं, वहां रिकॉर्डर युक्त सीसीटीवी कैमरा निरंतर क्रियाशील रहना चाहिए। साथ ही उन्होंने कक्ष निरीक्षकों की अतिरिक्त आवश्यकता होने पर एक दिन पहले खंड शिक्षा अधिकारी को इसकी जानकारी देने को कहा है।

इसी तरह परीक्षा ड्यूटी से बचने या इनकार और असहयोग करने वाले शिक्षकों व कर्मचारियों के बारे में जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय को सूचना देने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की चेतावनी दी गयी है।

सभी केंद्रों में प्रत्येक पाली की परीक्षा की रिकॉर्डिंग पेन ड्राइव में सुरक्षित कर उसी दिन संकलन केंद्र पहुंचाने, विषय के अध्यापकों की उसी विषय की परीक्षा में ड्यूटी न लगाये जाने, अ और ब उत्तर पुस्तिकाओं के प्रत्येक पन्ने पर परीक्षार्थी द्वारा अनुक्रमांक लिखे जाने, प्रश्नपत्रों की सुरक्षा के लिए केंद्र व्यवस्थापकों से सम्बंधित थानाध्यक्ष से सम्पर्क कर सुरक्षा व्यवस्था कराने और नकलविहीन परीक्षा के लिए सभी प्रयास करने को कहा गया है।

# चेक बाउंस में वकील को दो वर्ष की कैद, 6.50 लाख अर्थदंड

**कानपुर।** चेक बाउंस होने पर अदालत ने वकील को दो वर्ष की कैद व 6.50 लाख रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। बजरिया के पीरोड निवासी ज्ञानचंद्र हजेला कचहरी में वकालत करते हैं। उनके साथी वकील हरी शंकर गुप्ता ने बताया कि एक प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं। पैसे कम पड़ गये। यदि वह उन्हें चार लाख रुपये दे दें तो वह एक वर्ष मे पैसे ब्याज समेत वापस कर देंगे। तब ज्ञान चंद्र हजेला ने साथी वकील को चार लाख रुपये 23 जून 2013 को दे दिये। उसी दौरान हरी शंकर ने एक चेक पांच लाख रुपये की दी। जब वह चेक लगायी तो बाउंस हो गयी। इसके बाद पता किया तो हरी ने पहले ही स्टाप पेमेंट लगा रखा था। तब कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया। इस मामले की सुनवाई पीठासीन अधिकारी सुरेंश चंद्र सविता की अदालत में चल रही थी। उभय पक्षों की बहस के दौरान अदालत ने वकील हरी शंकर को दोषी मानते हुए सजा सुना दी। साथ ही निर्देश दिया कि अर्थदंड की धनराशि में से 10 हजार रुपये सरकारी खजाने में जमा करेगा। शेष राशि 6.40 लाख रुपये परिवादी को अदा की जाये।








मेडिकल हेल्पलाइन में विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें- 9415003008, 8896035458


# टेनरी बंदी के विरोध में बंद रहा जाजमऊ

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

कानपुर।

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा कुंभ मेले से पहले टेनरियों को अग्रिम आदेश तक बंद कराने के विरोध में मंगलवार को जाजमऊ क्षेत्र के कारोबार बंद रहे। चमड़ा उद्योग संयुक्त मोर्चा ने नयी चुंगी के समीप सभा करके प्रदेश सरकार से मांग की कि पूर्व की भांति टेनरियों को चरणबद्ध बंद किया जाये। यदि तीन महीने तक टेनरियां बंद रहीं तो लाखों लोग भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे और जाजमऊ का पुराना चमड़ा कारोबार पूरी तरह से खत्म हो जायेगा।

मोर्चा के अध्यक्ष हाजी अबरार अहमद ने कहा कि मौजूदा समय में जाजमऊ में 249 टेनरियां संचालित हैं। मई 2018 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मौखिक आदेश दिया था कि कुंभ मेले के दौरान जाजमऊ की सभी टेनरियां 15 दिसम्बर 2018 से 15 मार्च 2019 तक बंद रहेंगी। इस मौखिक आदेश का फायदा उठाते हुए जल निगम और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अपनी कमी को छिपाने के लिए टेनरियों पर शिकंजा कसा। उन्होंने बताया कि 11 जनवरी से कुंभ मेला शुरू हुआ है। प्रदूषण बोर्ड ने चार जनवरी तक 249 में से 213 टेनरियां बंद करा दीं। टेनरियों से जुड़े दुकानदार, ठेलिया चालक, रिक्शा चालक, दिहाड़ी मजदूर बेरोजगार हो गये हैं। यदि टेनरियों का संचालन शीघ्र नहीं शुरू किया जाता है तो इनके परिवार भुखमरी की कगार पर पहुंच जाएंगे। सभा में दिवनाथ, हाजी फैय्याज, मानेश दीक्षित, फखर इकबाल, हफीज उल्लाह, महफूज, फारूक निजामी, शमीम आजाद, नौशाद अली, अर्शी, फिरोज आलम आदि थे।

### पुलिस ने जुलूस पर लगायी रोक


**कानपुर।** चमड़ा उद्योग संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी थी कि सभा के बाद नयी चुंगी से पुरानी चुंगी तक मजदूर सरकार के निर्णय के विरोध में जुलूस निकालेंगे। सभा के समाप्त होते ही मौके पर एसीएम (द्वितीय) पहुंचे। मोर्चा के पदाधिकारियों को आश्वासन दिया कि ज्ञापन आज ही मुख्यमंत्री को भेज दिया जाएगा। एसीएम के आश्वासन के बाद जुलूस निकालने का कार्यक्रम रद कर दिया गया।




जाजमऊ चुंगी पर धरना देते चर्म उद्योग संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

### संक्रामक रोग अस्पताल परिसर में काबिज नर्स के खिलाफ कार्रवाई

# ताले तोड़कर सामान फेंका, अवैध निर्माण ढहाया



मेडिकल कॉलेज में स्टॉफ नर्स का घर खाली कराने पहुंचे एसीएम।



मेडिकल कालेज में कब्जा खाली कर सामान बाहर निकालते कर्मचारी।

**कानपुर (एसएनबी)।** मेडिकल कॉलेज के संक्रामक रोग अस्पताल परिसर में बरसों से काबिज स्टाफ नर्स का मकान मंगलवार को जबरन खाली करा लिया गया। प्रशासनिक अफसरों की मौजूदगी में पुलिस ने आवास के ताले तोड़कर सामान बाहर रख दिया और अवैध निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया। मेडिकल कालेज की 13 सदस्यीय टीम भी मौके पर मौजूद थी।

संक्रामक रोग अस्पताल में तैनात स्टाफ नर्स बिंदु यादव का परिवार चेचक वार्ड में अरसे से रह रहा था। वहां पर काफी निर्माण कार्य भी करा लिया था। मेडिकल कालेज प्रशासन द्वारा कब्जा खाली करने के लिये कई बार नोटिस दिये गये, डीएम को पत्र भी लिखा गया। डीएम ने एडीएम सिटी व एसएसपी को कब्जा खाली कराने के निर्देश दिये। पहले आवास खाली करने की नोटिस चस्पा की गयी। फिर भी कब्जा खाली न होने पर मंगलवार दोपहर एसीएम सप्तम डीके सिंह स्वरूपनगर पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे। नर्स व परिजनों के न होने पर कर्मियों ने आवास के सारे ताले तोड़ दिये और सामान बाहर खुले आसमान के नीचे डाल दिया। परिसर में किये गये अवैध निर्माण को जेसीबी से ढहा दिया गया। मजिस्ट्रेट की मौजूदगी में सारे सामान की सूची तैयार की गयी। कार्रवाई के बाद कालेज प्रशासन ने आवास को अपने कब्जे में ले लिया। इस कार्रवाई से आसपास के दूसरे अवैध कब्जेदारों में दहशत फैल गयी। कुछ तो घरगृहस्थी का सामान लेकर भागने लगे। कार्यवाही के दौरान मेडिकल कालेज की कार्यवाहक प्राचार्य प्रो. सुनीति पांडेय, कार्डियोलाजी के निदेशक डा. विनय कृष्ण, प्रमुख अधीक्षक डा. आरके मौर्या, डा. रीता गुप्ता, डा. अनूप शुक्ला, डा. निर्लेश चंद्र त्रिपाठी, कैंपस प्रभारी डा. अरविंद कुमार, डा. अजय शर्मा, सेनेटरी इंस्पेक्टर महेंद्र यादव, शक्ति रावत व अन्य मौजूद थे।

**डीएम के आदेश पर एसीएम व पुलिस ने की कार्रवाई**

**मेडिकल कॉलेज की 13 सदस्यीय टीम भी रही मौजूद**

**अवैध कब्जेदारों के खिलाफ अभियान आज से :** हैलट के प्रमुख अधीक्षक डा. आरके मौर्या ने बताया, बुधवार को मेडिकल कालेज व हैलट में अवैध कब्जों के खिलाफ अभियान चलेगा। जेसीबी मशीन से कब्जे गिराये जाएंगे।

**कब्जे खाली कर जमीन कार्डियोलॉजी के सुपुर्द होगी :** शासन के निर्देश पर आईडीएच अस्पताल की आधी जमीन कार्डियोलाजी को विस्तार के लिये दी गयी है। चेचक वार्ड व आसपास के कब्जे खाली होने के बाद यह जगह कार्डियोलाजी के सुपुर्द कर दी जाएगी। यहां कार्डियोलाजी के आवास बनने हैं।

### पीड़ित ने प्राचार्य पर लगाये आरोप

**कानपुर।** स्टाफ नर्स बिंदु यादव के ससुर संतोष यादव का आरोप है कि मेडिकल कालेज प्राचार्य ने बदले की भावना से नियम विरुद्ध कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि सोमवार दोपहर 12 बजे नोटिस चस्पा की गयी, जिसमें मकान एक बजे तक खाली करने का फरमान था। उनकी गैर हाजिरी में मकान के ताले तोड़कर सामान बाहर फेंक दिया गया। अलमारियां व ड्रेसिंग टेबल क्षतिग्रस्त कर दी गयीं। श्री यादव ने काफी सामान गायब होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि जिस आवास में दशकों से लोग रहते आये हैं वह चेचक वार्ड कैसे हो गया। इसी मकान में उनसे पहले कई डाक्टर और कर्मचारी भी रह चुके हैं। प्राचार्य उनसे पहले से चिढ़ती हैं, इसलिये उन्होंने दुर्भावनावश सारी कार्रवाई की है। खास बात यह कि खुद को बेकसूर दिखाने के लिये वह आज अवकाश पर भी चली गयीं।

### नियमानुसार कार्रवाई हुई : डॉ. आरती लालचंदानी

**कानपुर।** मेडिकल कालेज प्राचार्य डॉ. आरती लालचंदानी के मुताबिक मेडिकल कालेज व हैलट के आवासीय दस्तावेजों में यह आवास दर्ज नहीं है। पूर्व के अधिकारियों ने बंद पड़े वार्ड के एक हिस्से में रहने की अनुमति जरूर दी थी पर आवंटन नहीं किया था। अनुमति को निरस्त कर चेचक वार्ड खाली करने के लिए कई बार स्टॉफ नर्स को पत्र लिखा गया। नोटिसें भी दी गयीं। उन्हें हैलट के नर्सिंग हास्टल में आवास भी आवंटित किया गया। इसके बाद भी परिसर खाली न करने पर यह कार्रवाई की गयी।

# किस्तों पर भी मिलेंगे प्रधानमंत्री आवास!

### विकास प्राधिकरण ने शासन को भेजा प्रस्ताव



**कानपुर (एसएनबी)।** प्रधानमंत्री आवासों को किस्तों में देने का प्रस्ताव केडीए ने तैयार किया है। उक्त प्रस्ताव अनुमोदन के लिए शासन को भेजा गया है। शासन से अनुमोदन होने के बाद पहले चरण में निकाली लॉटरी के आवंटन पत्र किस्तों का वर्गीकरण के साथ लाभार्थियों को जारी किये जायेंगे।

केडीए उपाध्यक्ष किंजल सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लाभार्थी गरीबी रेखा के लोग हैं। एकमुश्त दो लाख रुपये देना उनके लिए संभव नहीं है, इसीलिए केडीए ने किस्तों का प्रस्ताव बनाया है। प्रस्ताव के मुताबिक आवंटन पत्र देने के साथ आवंटी को 45000 रुपये नगद जमा करना होगा। बैंक में लाभार्थी 5000 रुपये पंजीकरण राशि पहले ही जमा कर चुके हैं। इस हिसाब से आवंटन पत्र मिलते ही आवंटी के 50,000 रुपये केडीए के पास आ जायेंगे। इसके छह माह बाद आवंटी को 28,500 रुपये की किश्त जमा करनी होगी। इसके छह माह बाद आवंटी को 27000 रुपये की पांच किस्त हर छह में जमा करनी होगी। प्रधानमंत्री आवास के लिए ढाई लाख रुपये केंद्र और राज्य सरकार सब्सिडी के तौर पर दे रहा है। दो लाख रुपये और जीएसटी आवंटी को देनी होगी। करीब 2,16,000 रुपये आवंटी से केडीए किस्तों के तौर पर वसूलेगा। इसके अतिरिक्त आवंटी को 9000 रुपये फ्लैट के देखरेख के लिए एकमुश्त देना होगा। उपाध्यक्ष ने बताया कि आवंटन पत्र में केडीए शर्तें भी लागू कर रहा है। आवंटी सात साल तक आवास को नहीं बेच सकेगा। यदि बैंक से ऋण लेकर पैसा केडीए में जमा किया गया है और आवंटी बैंक की किस्तें नहीं दे पाता है। ऐसे में बैंक एनपीए खाते के तौर पर प्रधानमंत्री आवास की नीलामी करता है तो बैंक को पहले ढाई लाख रुपये की सब्सिडी केडीए को वापस करनी होगी। उन्होंने बताया कि केडीए ने शासन को प्रस्ताव बनाकर भेज दिया है। प्रस्ताव पर सहमति के बाद केडीए आवंटन पत्र जारी करेगा।

**प्रस्ताव के मुताबिक आवंटन राशि देने के बाद छह किस्तों में देना होगी रकम**

# अर्से से जमे 19 इंस्पेक्टर व 17 दरोगा जिले से बाहर

**कानपुर (एसएनबी)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आईजी आलोक सिंह ने जनपद में तैनात पांच थाना प्रभारियों समेत 19 इंस्पेक्टर और 17 दरोगाओं को जिले से बाहर भेज दिया है साथ ही उन्हें तत्काल कार्यमुक्त करने के आदेश दिये हैं। इससे कोतवाली, कलक्टरगंज, कल्याणपुर, ककवन और बर्रा थाना खाली हो गये हैं।

आईजी ने मंगलवार को कोतवाली इंस्पेक्टर प्रमोद कुमार शुक्ला का इटावा, कल्याणपुर इंस्पेक्टर धर्मेन्द्र सिंह राठौर का कानपुर देहात, कल्याणपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार सिंह का कानपुर देहात, बर्रा थाना प्रभारी अशोक कुमार सिंह का कन्नौज और ककवन थाना प्रभार दयाशंकर का फतेहगढ़ तबादला कर दिया है। शिकायत प्रकोष्ठ प्रभारी संजय मिश्रा का फतेहगढ़, पुलिस कार्यालय में तैनात अनिल मणि का इटावा, राजेश कुमार सिंह का कानपुर देहात, प्रेमशंकर पांडे का फतेहगढ़, अनिल कुमार चौबे का इटावा, महेन्द्र कुमार का फतेहगढ़, सुरेन्द्र कुमार का इटावा, संतोष कुमार त्रिपाठी का इटावा, अखिलेश जायसवाल का इटावा, चंद्रदेव यादव का इटावा, अशोक कुमार का औरैया, रामवीर सिंह का कानपुर देहात, रामलाल पांडे का फतेहगढ़ और राकेश कुमार पांडे का फतेहगढ़ तबादला कर दिया है। जनपद में समय सीमा पूरी कर चुके दरोगाओं के तबादले में जसवंत सिंह, राजकुमार सिंह, मेघ सिंह का कन्नौज, सुघर सिंह का फतेहगढ़, ब्रजभूषण पांडे का इटावा, जय शंकर चतुर्वेदी का कन्नौज, गणेश त्रिवेदी का इटावा, राजेश कुमार का इटावा, आलम सिंह का कन्नौज, मान सिंह का इटावा, बलवीर सिंह का इटावा, राम प्रकाश का कन्नौज, राम खेलावन का इटावा, मोहम्मद शमीम का कन्नौज, गुलफाम अली कन्नौज, राजीव पांडे का कन्नौज तबादला कर दिया।

**चुनाव आयोग के निर्देश पर भेजे गये**

# छाये रहेंगे बादल, आज हो सकती है बारिश

**कानपुर (एसएनबी)।** मौसम एकबार फिर करवट ले रहा है। मंगलवार को ही आसमान पर बादलों ने डेरा जमा लिया। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि बुधवार और गुरुवार को बारिश की भी संभावना है।

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम विभाग के मुताबिक इस सप्ताह बारिश के पूरे आसार हैं। मौसम विज्ञानी डॉ.सीबी सिंह ने बताया कि सोमवार से ही आसमान पर बादलों के आने और जाने का सिलसिला शुरू हो गया था। मंगलवार को बादलों ने डेरा जमाया, जिससे दिन में ठंडक में बढ़ोत्तरी भी महसूस की गयी। श्री सिंह ने बताया कि इस सप्ताह बादल डेरा डाले रहेंगे। 6 और 7 फरवरी को बारिश के भी आसार हैं। हालांकि बारिश हल्की ही होगी, लेकिन इसका असर मौसम पर पड़ेगा। इसके साथ ही इस सप्ताह सुबह और शाम को हलका कोहरा भी दिखायी दे सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक मंगलवार को अधिकतम तापमान 23 और न्यूनतम तापमान 8.8 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। वातावरण में आद्रता की मात्रा अधिकतम 95 और न्यूनतम 61 मापी गयी। दिन में कुछ देर उत्तरपूर्वी हवाएं भी मध्यम रफ्तार से चलीं। इसके चलते आने वाले दिनों में ठंड बने रहने की पूरी संभावना है।



बादलों में छिपा सूरज।

airtel

सार्वजनिक सूचना

उत्तर प्रदेश पूर्व के सभी एयरटेल ग्राहकों को यह सूचित किया जाता है कि दिनांक 07 फरवरी 2019 (00:00 hrs) से वर्तमान पेपर रिचार्ज ₹5 और ₹9 के वॉयस, डाटा लाभ एवं वैधता को बदला जा रहा है।

1. पेपर रिचार्ज ₹5 पर उपलब्ध लाभ 30 MB डाटा / 15 सभी लोकल मिनट / 20 लोकल एयरटेल मोबाइल मिनट / 15 लोकल + STD मिनट / अनलिमिटेड लोकल एयरटेल कॉल्स जिसकी वैधता 1 दिन है को बदलकर ₹5 का मेन एकाउंट टॉकटाइम (अप्रतिबंधित वैधता) और 1 SMS वैधता 1 दिन किया जा रहा है.

2. पेपर रिचार्ज ₹9 पर उपलब्ध लाभ अनलिमिटेड लोकल एयरटेल कॉल जिसकी वैधता 2 दिन है को बदलकर अनलिमिटेड सभी लोकल, STD, नेशनल रोमिंग कॉल, 100 MB डाटा और 100 SMS वैधता 1 दिन किया जा रहा है.

अधिक जानकारी के लिए कस्टमर केयर नंबर 121 पर डायल करें।

मैसर्स भारतीय एयरटेल लिमिटेड
सर्किल ऑफिस (पूर्व): TCG 7/7 विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, उत्तर प्रदेश 226010 फोन: 0522 - 4139000, फैक्स: 0522 - 4139111
CIN: L74899DL 1995PLC070609

# आपदा प्रबंधन में हुनरमंद होंगे उर्सला के डॉक्टर

■ आशुतोष शुक्ल

कानपुर। एसएनबी

नगर व आसपास रेल दुर्घटना या अन्य आपदा की स्थिति आयी तो अब जिला अस्पताल उर्सला के डॉक्टर बेहतर आपदा प्रबंधन का हुनर दिखायेंगे और कई जानें बचाने में सहायक होंगे। अब तक आपदा की स्थिति में हैलट के डॉक्टरों का ही सहारा था। पुखरायां व अन्य स्थानों पर हुए रेल हादसों में यहां के डॉक्टरों ने कई घायलों की जान बचायी थी और बेहतर आपदा प्रबंधन के क्षेत्र में दूर-दूर तक हैलट का नाम रोशन किया।

देश में रेल दुर्घटना, भूकंप व अन्य प्राकृतिक आपदा के मामले बढ़ने के कारण केंद्र व राज्य सरकारें आपदा प्रबंधन के प्रति गंभीर हुई हैं। अब सूबे के सभी जिला अस्पतालों के डॉक्टरों को आपदा प्रबंधन की दिशा में हुनरमंद बनाने का निर्णय लिया गया है। इस कड़ी में राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान नई दिल्ली में पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हो गया है। प्रशिक्षण 4 से 8 फरवरी तक होना है। हॉस्पिटल डिजास्टर मैनेजमेंट प्लान विषय पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉक्टरों को पांच दिनों तक आपात स्थिति में ज्यादा से ज्यादा घायलों की जान बचाने के तौर तरीके बताये जाएंगे। उर्सला से प्रबंधक डॉ. फैजल नफीस समेत दो डॉक्टरों की टीम प्रशिक्षण के लिए गयी है। डॉ. फैजल ने बताया कि हर जिला अस्पताल से एक प्रबंधक व एक डॉक्टर को प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया है। आपदा की स्थिति में अस्पताल की सेवाएं दुरुस्त रखने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं, डॉक्टरों को घायलों को बेहतर चिकित्सा देने के गुर सिखाये जाएंगे। पांच दिवसीय प्रशिक्षण लेने के बाद सभी को संस्थान की ओर से प्रमाण पत्र मिलेगा। प्रशिक्षण लेने के बाद डॉक्टर अपने अस्पताल के सभी डॉक्टर व नर्सों को आपदा प्रबंधन में प्रशिक्षित करेंगे।

**सूबे के सभी जिला अस्पतालों के डॉक्टर होंगे प्रशिक्षित**

**हैलट में डॉक्टरों का बोझ होगा कम :** अब तक आपदा की स्थिति में घायलों के इलाज का भार हैलट के डॉक्टरों पर रहता है। आने वाले दिनों में अगर कोई आपदा आती है तो घायलों को उर्सला में बेहतर इलाज मिल सकेगा। आपदा प्रबंधन में दक्ष उर्सला के डॉक्टर भी घायलों की जान बचाने में अहम भूमिका निभायेंगे।

## एडवांस टैक्स में कमी से आयकर विभाग चिंतित

**कानपुर (एसएनबी)।** कारपोरेट घरानों से आने वाले एडवांस टैक्स में कमी से आयकर विभाग चिंतित हो गया है। इस मद में कानपुर रीजन अभी लक्ष्य से काफी दूर है। सोमवार देर शाम तक हुई बैठकों में एडवांस टैक्स का ही मुद्दा अधिकारियों में चर्चा का मुख्य विषय रहा।

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त प्रमोद कुमार गुप्ता ने सोमवार को शहर पहुंचने के बाद अधिकारियों के साथ बैठक की। विभागीय सूत्रों के मुताबिक शाम तक कई अधिकारियों के साथ हुई अलग-अलग बैठक में एडवांस टैक्स के ही मुद्दे पर बात हुई। रेंज छह के अधिकारियों से इस विषय पर लम्बी चर्चा हुई। विभाग के पास एडवांस टैक्स का लक्ष्य इस वित्त वर्ष में ₹ 650 करोड़ निर्धारित किया गया है। लेकिन वित्त वर्ष की अंतिम तिमाही समाप्त होने को है। लेकिन विभाग को एडवांस टैक्स के रूप में अभी तक ₹ 300 करोड़ ही मिले हैं। इस स्थिति को देखते हुए प्रिंसिपल सीसीआईटी ने अफसरों से नाराजगी जाहिर की है।






### गंगा में गिर रहे नालों के पानी की शुद्धता का विवाद खत्म करने का प्रयास

# डीएम ने दिया दखल, गंदे पानी के बायो रेमिडिएशन के सत्यापन को टीमें गठित

**कानपुर (एसएनबी)।** गंगा में गिर रहे नालों के पानी की शुद्धता को लेकर जल निगम और प्रदूषण नियंत्रण विभाग के बीच शुरू हुए विवाद का पटाक्षेप करने के लिये आखिर डीएम ने दखल दिया है। उन्होंने बायो रेमिडिएशन के भौतिक सत्यापन के लिये दो टीमें गठित की हैं जो पूरी प्रक्रिया की फोटो खींचकर डीएम को नियमित रिपोर्ट देंगी।

गौरतलब है कि प्रदूषण नियंत्रण विभाग और जल निगम के बीच पिछले कुछ दिनों से गंगा में गिर रहे नालों के पानी की 'शुद्धता' को लेकर विवाद छिड़ा हुआ है। प्रदूषण नियंत्रण अधिकारियों का कहना है कि जिस बायो रेमिडिएशन के जरिये पानी को साफ करने का दावा किया जा रहा है उससे पानी का बीओडी कम नहीं हो रहा है बल्कि खतरनाक स्तर पर है जो मानव ही नहीं जलीय जंतुओं के लिये भी घातक है। प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने अलग-अलग नालों के पानी की बीओडी रिपोर्ट भी प्रस्तुत की। उधर जल निगम ने इस रिपोर्ट को गलत करार देकर कहा कि बायो रेमिडिएशन के बाद पानी का बीओडी निर्धारित मानक के अंदर है। इस तरह के विवाद को गंभीरता से लेकर जिलाधिकारी विजय विश्वास पंत ने बायो रेमिडिएशन के भौतिक सत्यापन के लिये दो टीमें बनायी है। पहली टीम में अपर नगर मजिस्ट्रेट (द्वितीय) के नेतृत्व में बनायी गयी है। इसमें प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड केसहायक पर्यावरण अधिकारी आशुतोष पाण्डेय और जल निगम के सहायक अभियंता तूलिका प्रसाद को नियुक्त किया गया है। उक्त टीम गोला घाट,सत्तीचौरा, गुप्तार घाट,रानी घाट, डबका नाला और बुढिया घाट नाले का निरीक्षण करेगी। दूसरी टीम का प्रभारी उप जिला मजिस्ट्रेट सदर को बनाया गया है। इसमें वैज्ञानिक सहायक विनय दुबे और जल निगम के सहायक परियोजना प्रबंधक केके खरे को रखा गया है। उक्त टीम बिठूर स्थित लक्ष्मण घाट नाला, पेशवा घाट नाला, बिठूर नाला, भान नाला, गुधारा घाट नाला, कलवन घाट नाला और लवकुश घाट नाला का निरीक्षण करेगी।

**आईआईटीआर ने नालों से निकलने वाले पानी का नमूना लिया**



गोलाघाट में बायो रेमिडिएशन का दृश्य।

### कैसे होता है बायो रेमिडिएशन

बायो रेमिडिएशन करनेवाली कम्पनी नालों में दो स्थानों पर ड्रोजिंग प्रक्रिया करा रही है। मंगलवार को गोला घाट पर हो रही ड्रोजिंग को 'राष्ट्रीय सहारा' की टीम ने देखा। वहां गंगा में जा रहे गोला घाट नाले के दोनों तरफ बोरियां लगाकर पानी को नियंत्रित किया गया है। गंगा में आने वाले नाले में रास्ते में बोरियां डालकर उसकी गंदगी को नियंत्रित किया गया है। गंगा की तरफ जाने वाले नाले में जालियां लगाकर गंदगी को रोका गया है। गंगा में गिरने वाले नाले में करीब एक किलोमीटर पहले पहला ड्रोजिंग प्वाइंट बनाया गया है। करीब आधा किलोमीटर बाद दूसरा ड्रोजिंग प्वाइंट बनाया गया है। ड्रोजिंग प्वाइंट में पी-7 केमिकल के ड्रम रखे गये हैं। इन ड्रमों से पी-7 केमिकल को नाले के गंदे पानी में मिलाया जा रहा है। इस केमिकल से खतरनाक वैक्टीरिया मर जाते हैं। जिससे गंगा में जाने वाले पानी का बीओडी कम हो जाता है। निजी कम्पनी के लोग रोज नाले के पानी का बीओडी चेक करके दिल्ली स्थित अपने मुख्यालय भेजते हैं। बायो रेमिडिएशन करने वाली कम्पनी के कर्मचारी मौके पर टेंट लगाकर रह रहे हैं। आईआईटीआर ने मंगलवार को गंगा में गिर रहे नालों के पानी का नमूना लिया। संस्था प्रत्येक मंगलवार को यह नमूना लेकर जांच कराती है।

बूझो तो जानें : मोदी जी की सरकार ने कितने नये उद्योग लगवाये, कितने शहरों को स्मार्ट सिटी में बदला, कितने नये विश्वविद्यालय खुलवाये ?

—— सत्यजीत मित्र

**एटीएम तोड़ हजारों उड़ाए : कानपुर।** कल्याणपुर में नितेश कुमार ने लालबंगला निवासी अनुराग सक्सेना व आकाश गोयनका के खिलाफ एटीएम मशीन तोड़कर 45 हजार रुपये चोरी कर लेने के संबंध में रिपोर्ट दर्ज करायी है।


उ.प्र. पावर ट्रान्समिशन कारपोरेशन लि.

**ई-निविदा सूचना सं. 37/2018-19**

निविदा विशिष्टीकरण संख्या 37 (01)/ 18-19 के अधीन 132 के.वी. उपकेन्द्र, जैनपुर कानपुर पर क्षतिग्रस्त चेन लिंक फेन्सिंग के स्थान पर बाउण्ड्री वाल का निर्माण कार्य, विशिष्टीकरण संख्या 37/ (02)/18-19 के अधीन 132 के.वी. उपकेन्द्र, आजाद नगर कानपुर पर क्षतिग्रस्त चेन लिंक फेन्सिंग के स्थान पर बाउण्ड्री वाल के निर्माण कार्य हेतु अधोहस्ताक्षरी द्वारा दिनांक 11.03.2019 को अपराह्न 04.00 बजे तक ई-टेण्डर के माध्यम से निविदायें आमंत्रित की जाती है, जो कि दिनांक 12.03.2019 को पूर्वाह्न 11.30 बजे के बाद ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदा भाग-1 (निविदा प्रपत्र का मूल्य तथा धरोहर राशि, टेक्नो कॉमर्शियल शर्तें एवं credentials तथा निविदा भाग-2, (प्राइसबिड) दिनांक 11.03.2019 को 16.00 बजे तक ई-टेण्डरिंग वेब साईट www.etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उक्त निविदाओं से सम्बन्धित विवरण यथा तकनीकी विशिष्टीकरण, धरोहर धनराशि, कार्यविधि इत्यादि एवं किसी प्रकार के संशोधन, परिवर्तन, शुद्धिपत्र हेतु उ.प्र. पावर ट्रांसमिशन की वेब साइट www.upptcl.org एवं www.etender.up.nic.in पर लॉगिन करें।

अधीक्षण अभियन्ता
विद्युत जानपद पारेषण मण्डल
माताटीला हाइडिल कालोनी
झांसी

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"


# साझेदारी का क्वाटर अकेले पीने पर दोस्त को मार डाला

**कानपुर (एसएनबी)।** सचेंडी में साझेदारी का क्वाटर अकेले पीने की कीमत दोस्त को जान देकर चुकानी पड़ गई। नशे में धुत दोस्त ने उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव 15 फीट गहरी खाई में फेंक दिया। मंगलवार सुबह लापता युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार पूछताछ की तो हत्याकांड का खुलासा हुआ।

सचेंडी के भगवंतनगर बिनौर गांव निवासी रामेश्वर का बेटा अनिल कमल (35) प्राइवेट नौकरी करता था। रामेश्वर के मुताबिक पांच महीने पूर्व ही अनिल की शादी रूरा कानपुर देहात की नीलम से हुई थी। परिजनों के मुताबिक 3 दिन पूर्व अनिल अपने दोस्त अरविंद उर्फ भोला के साथ साइकिल से शराब पीने निकला था। दोनों ने सचेंडी किसान नगर स्थित चौहान पेट्रोल पंप के पास बने देशी शराब ठेके पर साझेदारी कर दो क्वाटर खरीदे। दोनों क्वाटर खत्म होने पर फिर दोनों ने रुपयों की साझेदारी की और अनिल से एक और क्वाटर लाने की बात कही। तीसरे क्वाटर को खरीदने के बाद अनिल ने उसे अकेले ही पी लिया। क्वाटर अकेले पीने पर अरविंद को गुस्सा आ गया और उसने अनिल के साथ मारपीट शुरू कर दी। नशे की हालत में दोनों युवकों ने एक-दूसरे का गला भी दबाया। लेकिन शरीर से मजबूत होने के कारण अरविंद ने अनिल को गिरा दिया और उसकी गला दबाकर हत्या कर दी। हत्या के बाद उसके शव को हाइवे किनारे बने 15 फीट गहरी खाई में फेंक दिया और वहां से भाग निकला। तीन दिन बीतने पर जब अनिल घर नही लौटा तो परेशान परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी। परिजनों ने हत्या की आशंका जताते हुए सचेंडी थाने में अरविंद के खिलाफ अनिल को गायब कर देने की आशंका जताते हुए रिपोर्ट दर्ज करा दी। मंगलवार सुबह जब अनिल की साइकिल हाईवे किनारे मिली तो परिजनों का शक यकीन में बदल गया। पुलिस की मदद से परिजनों ने खाई में देखा तो अनिल की डेड बॉडी पड़ी हुई थी। शव मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी अरविंद को गजनेर स्थित रिंद नदी के पास से गिरफ्तार कर लिया। सख्ती से पूछताछ के दौरान अरविंद ने पुलिस को बताया कि शराब का क्वाटर साझेदारी में खरीदा गया था। जिसे उसके दोस्त अनिल ने अकेले ही पी लिया। रुपया मांगने पर गाली-गलौज करने लगा जिसके बाद दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। गुस्सा आने पर उसने अनिल का गला दबा दिया और उसे मौत की नींद सुला दिया। पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया है।

**तीन दिनों से लापता था युवक मंगलवार को मिला शव**

**एसपी ग्रामीण ने की प्रेतवार्ता :** एसपी ग्रामीण प्रदुम्न सिंह ने देर रात सचेंडी थाने में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद प्रेसवार्ता की। एसपी ने बताया कि दोस्त ने दोस्त की शराब पीने के बाद हत्या कर दी थी।

## युवती से नगदी व जेवर हड़पे

**कानपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर बाबूपुरवा में रहने वाली एक युवती ने कल्याणपुर थाने में कल्याणपुर निवासी चंदन दुबे के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया है। युवती ने अपनी तहरीर में बताया कि उसकी दोस्ती कुछ साल पूर्व फेसबुक के जरिये चंदन के साथ हुई थी। दोस्ती होने पर चंदन ने उसे कल्याणपुर स्थित रेस्टोरेन्ट में मिलने बुलाया। मुलाकात होने के बाद चंदन ने अपनी बातों से दोस्ती के जाल में फंसा लिया। पीड़िता ने बताया कि एक दिन चंदन ने बताया कि उसकी मां जावित्री देवी वार्ड संख्या 35 से पार्षद का चुनाव लड़ रही हैं, जिसके लिए रुपयों की जरूरत है, तुम रुपये दे दो मैं बाद में लौटा दूंगा। चंदन अपने साथ अपनी मां जावित्री को भी लाया था। वह चंदन की बातों में फंस गयी और उसे अपना एटीएम कार्ड दे दिया। चंदन ने एटीएम कार्ड से धीरे-धीरे करके तीन लाख रुपये निकाल लिये। एक तोले की सोने की चेन भी ले गया। काफी समय तक जब चंदन ने रुपये नहीं लौटाये तो उसने रुपये मांगे, पहले तो चंदन जमीन बिकने पर रुपये लौटाने की बात कहकर उसे टालता रहा, लेकिन उसके जिद करने पर अब वह गंदी-गंदी गाली बकता है कल्याणपुर पुलिस ने बताया कि युवती की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## वांछित के साथ फोटो खिंचवाने वाला दरोगा लाइन हाजिर

**कानपुर (एसएनबी)।** यादव मार्केट चौकी प्रभारी अरुण यादव को वांछित के हाथ से केक खाना महंगा पड़ गया। सोशल मीडिया में फोटो वायरल होने की जानकारी मिलने पर एसएसपी ने चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। सोमवार को चौकी प्रभारी अरुण यादव व एक सिपाही का वांछित रजत शर्मा के हाथों चौकी में केक खाते हुये फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। हालांकि थानाप्रभारी एके सिंह का कहना था कि यह फोटो पुराना है जब रजत के खिलाफ थाने में कोई मुकदमा नहीं था। इसकी भनक जब एसएसपी अनंत देव तिवारी को लगी तो उन्होंने मामले को गंभीरता से लेते हुये चौकी प्रभारी अरुण यादव को लाइन हाजिर कर दिया।

## थाने में युवक की पिटाई करने पर दीवान लाइन हाजिर

**कानपुर (एसएनबी)।** नौबस्ता थाने में बयान दर्ज कराने पहुंचे एक युवक का बाइक खड़ी करने को लेकर दीवान से विवाद हो गया। इस पर दीवान ने थाने में युवक को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। मामले की जानकारी होने पर एसएसपी अनंत देव तिवारी ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया। यशोदानगर निवासी अमित तिवारी को सोमवार इलाके में सौरभ व उसके तीन साथियों ने मारा पीटा थाऔर तमंचा लगा कर जान से मारने की धमकी दी थी। इस पर अमित ने थाने में सौरभ व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी थी। मंगलवार सुबह अमित को थाने पूछताछ के लिये बुलाया गया था। सुबह अमित थाने पहुंचा और अपनी बाइक उसने थाने में खड़ी कर दी, तभी दीवान शिवराज सिंह गाली देता हुआ आया और बाइक हटाने के लिये कहा। इसपर अमित ने कहा कि बाइक हटा रहे हैं, लेकिन आप गाली क्यो दे रहे हो। इस पर शिवराज सिंह ने उसे जमकर पीटा। मामले की जानकारी होने पर थानाप्रभारी समर बहादुर सिंह ने दीवान को जमकर फटकार लगायी और उसकी शिकायत अधिकारियों से की। मामले को गंभीरता से लेते हुये एसएसपी ने दीवान शिवराज सिंह को लाइन हाजिर कर दिया।

# हादसों में 3 की मौत, 4 गंभीर

**कानपुर (एसएनबी)।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसे में महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। वहीं पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कल्याणपुर में अनियंत्रित गति की कार ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार दी। चौबेपुर निवासी राम सिंह (40) प्राइवेट नौकरी करते थे। रामसिंह पत्नी सुनीत के साथ बाइक से बैरी कल्याणपुर में रिश्तेदार की बीमार बेटी को देखने जा रहे थे। जैसे ही दंपति बैरी क्रासिंग पर पहुंचे ही थे कि पीछे से अनियंत्रित गति की कार ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में राम सिंह की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। हादसे में गंभीर रूप से घायल महिला को इलाज के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां डाक्टरों ने महिला की हालत नाजुक बताई है।

**कल्याणपुर, सचेंडी और बिठूर में हुए हादसे में तीन की गई जान**

बिठूर के टिकरा गांव निवासी ओमप्रकाश किसानी करते हैं। ओमप्रकाश ने बताया कि बेटी लक्ष्मी गौतम (15) सातवीं की छात्रा थी। सोमवार को लक्ष्मी बेटे संदीप के साथ स्कूटी से कोचिंग जा रही थी। टिकरा गांव मोड़ पर तेजरफ्तार के कंटेनर ने स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में लक्ष्मी की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि संदीप गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है, वहीं पुलिस फरार कंटेनर चालक की तलाश कर रही है।

सचेंडी हाईवे में तेज रफ्तार ट्रक ने वैन में टक्कर मार दी। हादसे में एक की मौत हो गई जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कानपुर-देहात गजनेर निवासी रामबली किसानी करते थे। भतीजे राम कुमार ने बताया कि रामबली व चाचा संतराम के साथ वैन से रिश्तेदार के घर तिलकनगर कानपुर आ रहे थे। कार सचेंडी हाईवे पर पहुंची ही थी कि सामने से तेज रफ्तार ट्रक ने वैन में टक्कर मार दी। हादसे में रामबली की घटनास्थल पर मौत हो गई जबकि दोनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## साढ़े 7 लाख की धोखाधड़ी की रिपोर्ट

**कानपुर।** फीलखाना थाने में नवशील अपार्टमेंट निवासी काशीवार पुत्र पवन गुप्ता ने मो. हाशिम (अंधेरी ईस्ट मुंबई) और जीनत मंशी के खिलाफ कर्नाटक बैंक माल रोड से आरटीजीएस के माध्यम से साढ़े सात लाख रुपये लेने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## गांधी ग्राम में पत्थरबाजों का आतंक

**कानपुर।** चकेरी के गांधी ग्राम इलाके में रहने वाले लोग इन दिनों पत्थरबाजों के आतंक से परेशान हैं। देर रात शरारतीतत्व घरों में पथराव कर भाग जाते हैं। पत्थरबाजी के चलते कई घरों की खिड़कियों के शीशे टूट चुके हैं। इससे परेशान क्षेत्रीय लोगों ने मंगलवार को थाने में शिकायत की। क्षेत्रीय निवासी अच्छे लाल,पीएन दुबे,अजय कुमार ,आरती समेत एक दर्जन लोगों के घरों पर एक सप्ताह से देर रात कोई पथराव करता है। जिससे घरों की खिड़कियों के शीशे टूट रहे हैं। सुबह उठने पर छतों पर पत्थर बिखरे पड़े मिलते हैं। पत्थर गिरने के बाद जब वह बाहर निकलते है तो कोई दिखता नहीं है। मंगलवार को लोगों ने रामादेवी चौकी में अज्ञात लोगों के खिलाफ तहरीर दी है।

## पुलिस ने पकड़े दो अवैध स्लाटर हाउस

**कानपुर।** एसएसपी अनंत देव तिवारी को सूचना मिली कि जाजमऊ में अवैध रूप से मवेशियों की कटाई हो रही है। इस पर उन्होंने सीओ कोतवाली,सीओ कैंट व चकेरी पुलिस को मामले के खुलासे के लिये लगाया। मंगलवार को दोनों क्षेत्राधिकारियों की अगुवाई में चकेरी पुलिस ने जाजमऊ स्थित दरगाह शरीफ के पास स्थित एक मकान में छापा मार कर अवैध रूप से चल रहे स्लाटर हाउस पकड़ा। छापेमारी के दौरान संचालक पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। पुलिस ने यह से 16 मवेशी व धारदार हथियार बरामद किये। इसके बाद पुलिस ने फिरदौस मस्जिद के पास एक मकान में चल रहे स्लाटर हाउस में छापामारा। छापेमारी के दौरान यह से भी संचालक व कर्मचारी भाग निकले। यहा से भी पुलिस ने 41 मवेशी बरामद किये। चकेरी थानाप्रभारी अजय कुमार सेठ ने बताया कि दोनों अवैध स्लाटर हाउस के मालिक कुलीबाजार निवासी मो. जुनैद , जाजमऊ में रहने वाले मो. सलीम, शादाब,शमीम,अफसर व शहनवाज हैं। इन सभी के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है।

## एडीजी ने पुलिसकर्मियों को दिया प्रशिक्षण

**कानपुर।** एडीजी जोन अविनाश चन्द्र ने एक इंजीनियरिंग कॉलेज में यूपी 100 के प्रक्षिणार्थियों को सुरक्षा और समाजिक सरोकारों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वे बच्चों, महिलाओं व एवम वरिष्ठ नागरिकों की शिकायतों को तत्काल संज्ञान में लेकर उनका निष्तारण कराना सुनिश्चत करें। उन्होंने यातायात नियमों एंव सड़क पर सुरक्षित चलने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने इमरजेंसी एप के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इस एप के माध्यम से आपातकालीन स्थिति में पीड़ित द्वारा एप का प्रयोग करने पर यूपी 100 को सूचना प्राप्त होती है जिससे उनकी समस्या जल्द निस्तारित हो जायेगी।

## पासपोर्ट की तर्ज पर जारी होगा शस्त्र लाइसेंस

**कानपुर।** शस्त्र लाइसेंस बनवाने वाले बाजार से रंग बिरंगी बुकलेट खरीदकर उसपर अपना लाइसेंस चढ़वा लेते थे। परंतु अब पासपोर्ट की तर्ज पर शस्त्र विभाग द्वारा जारी बुकलेट पर ही शस्त्र लाइसेंस जारी हो सकेगा। यह जानकारी एडीएम सिटी विवेक श्रीवास्तव ने देते हुए बताया कि अभी तक शस्त्र लाइसेंस बनने के बाद लाइसेंस धारक बाजार से अपने मन मुताबिक रंग बिरंगी बुकलेट खरीद कर उसी पर अपना शस्त्र लाइसेंस चढ़वा लेते थे। इस बुकलेट की कीमत सौ रुपये तय की गयी है।

## नशीली चाय पिला तीन को लूटा

**कानपुर।** मथुरा-छपरा एक्सप्रेस में एस्कार्ट ड्यूटी के लिए चढ़े सिपाहियों को यात्रियों ने जानकारी दी कि जनरल कोच में तीन यात्री बेहोश पड़े हैं। सिपाहियों ने ट्रेन के अनवरगंज स्टेशन पर पहुंचने पर जीआरपी चौकी में इस बावत जानकारी दी। जीआरपी के सिपाही मौके पर पहुंचे व बेहोश यात्रियों को नीचे उतारा। इसके बाद इलाज के लिए तीनों यात्रियों को हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां शाम को अर्द्धबेहोशी की स्थिति में यात्रियों अपने नाम हरदाई निवासी बब्लू, राजपाल व ओमप्रकाश बताया। बब्लू ने बताया कि राजपाल उसके चाचा हैं। तीनों लोग मथुरा से चढ़े थे। उसे व चाचा को वल्लभगढ़ जाना था। जबकि ओमप्रकाश को कन्नौज तक ही जाना था। सफर के दौरान ही बगल की सीट में बैठे दो तीन युवकों से बातचीत होने लगी। एक ने चाय मंगाई। चाय पीने के कुछ देर बाद ही बेहोशी छाने लगी। अब जब होश आया है तो खुद को अस्पताल में पाया है। बब्लू ने बताया कि उसके व चाचा के पास से बदमाशों ने ₹ 20 हजार व बैग लूट लिया। जबकि ओमप्रकाश ने बताया कि बदमाशों ने उसका बैग लूट लिया। जिसमें सिर्फ कपड़े थे। जीआरपी सिपाहियों ने बताया कि तीन के ठीक होने के बाद अज्ञात जहरखुरानों के विरुद्ध मुकदमा कायम कराएंगे।

## दरोगा ने युवक की कनपटी पर लगाई रिवाल्वर

**कानपुर।** बिठूर के बैंकुठपुर निवासी रोहित दिवाकर पुत्र राकेश दिवाकर ने किदवईनगर थाने में तैनात दरोगा धर्मेन्द्र के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। रोहित ने बताया कि उसने बिठूर थाने में सन 2018 में कुछ लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया था। मुकदमें में आरोपी बलवीर ने कई बार पीड़ित से मुकदमा वापस लेने के दबाव बनाया लेकिन उसने इनकार कर दिया। रोहित का आरोप है कि किदवई नगर थाने में तैनात दरोगा धर्मेन्द्र ने उसे घर के पास रोक लिया और रिश्तेदारों पर दर्ज मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाने लगे। रोहित के इनकार करने पर दरोगा ने कनपटी पर सर्विस रिवाल्वर लगाकर जबरन गाड़ी में बैठा लिया और फर्जी मुकदमा दर्ज कराने पर जेल भेजने की धमकी देनी शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि उच्चाधिकारियों के यहां फरियाद लगाने के बाद भी उसकी कोई सुनवाई नही हुई तब जाकर उसने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। कोर्ट के आदेश पर दरोगा धर्मेन्द्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरु कर दी है।

## एसएसपी ने सिपाही को निलम्बित किया

**कानपुर।** एसएसपी ने चकेरी के वसूलीबाज सिपाही को निलंबित कर दिया है। सिपाही पर आरोप है कि वह मवेशियों से भरे वाहनों से वसूली करता था। जांच के दौरान दोषी पाये जाने पर चकेरी थाने में तैनात पीआरवी के सिपाही मो. वकील को निलंबित कर दिया है।

## ओटीपी नम्बर पूछ उड़ाये सात हजार

**कानपुर।** गुजैनी निवासी त्रिपुरेश तिवारी ने बताया कि उनका खाता गुजैनी की एसबीआई शाखा में है। उन्होंने बैंक से क्रेडिट कार्ड बनवा रखा है। सोमवार शाम करीब चार बजे उनके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। मोबाइल पर बोलने वाले व्यक्ति ने खुद को एसबीआई का अधिकारी बताते हुये उनके क्रेडिट कार्ड के बारे में पूछा और उन्हें कार्ड की जानकारी देते हुये ओटीपी नम्बर पूछा। वह शातिरों के झांसे में आ गये और अपना ओटीपी नम्बर उसे बता दिया। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर मैसेज आया कि उनके खाते से सात हजार तीन सौ रुपये निकल गये हैं। यह देख उनके होश उड़ गये। मंगलवार सुबह वह गोविन्दनगर थाने पहुंचे और तहरीर दी।


कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी/जिला स्वास्थ्य समिति, कानपुर नगर

**ई–निविदा शुद्धिपत्र**

| क्रम सं० | अति अल्प कालिक ई-निविदा का विवरण | ई-निविदा की अन्तिम तिथि व समय | निविदा खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|
| 1. | ब्लाक स्तर पर स्थापित हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर की ब्राडिंग/चिकत्सा पेंटिंग आदि हेतु ई-निविदा | 08.02.2019 को समय अपराह्न 01:00 बजे | 08.02.2019 को समय सायं 04:00 बजे |
| 1. | विभिन्न प्रपत्रों, रजिस्टर, एवं प्रिन्टेड स्टेशनरी सामग्री आदि आपूर्ति हेतु अल्पकालीन ई-निविदा | 11.02.2019 को समय अपराह्न 01:00 बजे | 11.02.2019 को समय सायं 03:00 बजे |
| 1. | प्रचार-प्रसार (आई.ई.सी.) कार्य हेतु अल्पकालीन ई-निविदा | 11.02.2019 को समय अपराह्न 01:00 बजे | 11.02.2019 को समय सायं 04:30 बजे |

अल्प कालिक निविदा की संशोधित शर्तों का पूर्ण विवरण वेबसाईट etendar.up.nic.in पर उपलब्ध है। ऑन लाईन etendar.up.nic.in पर ही बिड अपलोड की जायेगी। ई–टेण्डर के विषय में कोई भी जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय (मो० नं० 9721433205) पर प्राप्त कर सकते है।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
कानपुर नगर



**कानपुर विकास प्राधिकरण**

पत्रांक : डी/404/मु.अ./का.वि.प्रा./18-19 दिनांक : 05.02.2019

**संशोधित ई-निविदा सूचना**

अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय पत्रांक संख्या डी/386/ ई–निविदा/मु.अ./का.वि.प्रा./2018–19 दिनांक 22.01.2019 के द्वारा प्रकाशित ई–निविदा सूचना क्रमांक संख्या–1 जो प्राधिकरण सीमा के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर सूचना बोर्ड लगाये जाने के कार्य की निविदा जो दिनांक 01.02.2019 को डाली जानी थी तथा दिनांक 02.02.2019 को खोली जानी थी, को अपरिहार्य कारणों से संशोधित करते हुए निविदा डालने की तिथि 12.02.2019 एवं निविदा खोलने की तिथि दिनांक 13.02.2019 निर्धारित की जाती है।

मुख्य अभियन्ता

Helpline : 2556292, 2557853 • Website : www.kdaindia.co.in



**Commercial Engineers & Body Builders Co Ltd.**
Regd Office: 84/105-A, G T Road, Kanpur Mahanagar, Kanpur (U.P.) PIN 208003
CIN: L24231UP1979PLC004837

**NOTICE**

Notice is hereby given that the 7th Meeting of the Board of Directors for the Financial Year **2018-2019 (07/2018-19)** of the Company will be held on **Wednesday, 13th Day of February 2019, at 04.00 p.m., at Pithampur, Dhar (M.P.)**, inter-alia, to consider, approve and take on record **Statement of Unaudited Results for the Quarter ended 31st December, 2018.**

Further, as per the Code of Conduct of the Company under the SEBI (Prohibition of Insider Trading) Regulations, 2015 to regulate, monitor and report trading by its Employees and other Connected Persons, the trading window for dealing in the securities of the Company for Specified Persons will remain closed from **05/02/2019** to **15/02/2019** (both days inclusive).

For **Commercial Engineers & Body Builders Co Ltd**
**Amit Kumar Jain**
Company Secretary

**Date: 05th February, 2019**


## 2 लाख हड़पने की दर्ज रिपोर्ट

**कानपुर।** काकादेव थाने में राज्य बीमा कर्मचारी बीमा योजना के कर्मचारी के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। सुमित कुमार गुप्ता ने काकादेव निवासी विजय सिंह के खिलाफ दो लाख रुपये हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### नगर में आज

- प्रातः 10 बजे- कमला नगर जीएचएस-आईएमआर में राष्ट्रीय कांफ्रेंस
- प्रातः 11 बजे- पीपीएन कालेज में महिला विकास एवं पर्यावरण चुनौतियों पर व्याख्यान
- दिन 12 बजे- बादशाही नाका में मानव एकता समिति द्वारा सफाई अभियान
- दिन 12 बजे- दादा नगर श्रमिक कालोनी उद्यान इण्टर कालेज में उपभोक्ता संरक्षण कल्याण समिति का कार्यक्रम
- दिन 12 बजे - शिक्षक पार्क में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी लोहिया का धरना-प्रदर्शन
- शाम 4.30 बजे- बर्रा 8 कच्ची मड़ैया श्लम स्कूल में एडप्ट फाउंडेशन द्वारा गरम कपड़े व शिक्षा सामग्री का वितरण
- शाम 6 बजे- जीटी रोड सिटी क्लब में श्री चित्रगुप्त पूजन सेवा समिति का शपथ ग्रहण समारोह

# कल्याणपुर से दो छात्राओं समेत चार रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता

**कानपुर (एसएनबी)।** कल्याणपुर में बीते 5 दिनों में छात्र-छात्राएं सहित चार लोगों के लापता होने से हड़कंप मच गया। छात्रों के परिजनों ने अपहरण की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। लापता छात्रों में एक छात्रा डीपीएस स्कूल की है जिसके हॉस्टल से एक लेटर भी बरामद हुआ है। पुलिस की एक टीम छात्रा के मोबाइल लोकेशन के जरिए दिल्ली रवाना हुई है।

महोबा के थाना खन्ना निवासी जयराम शिवहरे की बेटी गुरुदेव पैलेस विकास नगर में किराए के गर्ल्स हॉस्टल में छोटी बहन के साथ रहती थी। पुलिस ने बताया कि ज्योति शिवहरे आजाद नगर स्थित डीपीएस स्कूल से 11वीं की छात्रा है। 1 जनवरी को ज्योति हॉस्टल से रहस्यमी परिस्थितियों में लापता हो गई। बड़ी बहन के लापता होने की जानकारी छोटी बेटी ने फोन कर परिजनों को दी। घबराये परिजनों ने उसकी काफी तलाश की लेकिन कोई सुराग हाथ नही लगा। पुलिस जांच के दौरान छात्रा के रूम से एक लेटर मिला है जिसमे छात्रा ने नाराज होने का जिक्र किया है। छात्रा किस व्यक्ति से नाराज थी इस बात का जिक्र लेटर में नही था। पुलिस ने लेटर को कब्जे में लेकर छात्रा को फोन की लोकेशन के जरिए एक टीम दिल्ली रवाना कर दी है। इंस्पेक्टर कल्याणपुर सतीश कुमार का कहना है कि जल्द ही छात्रा को बरामद कर लिया जायेगा।

कल्याणपुर आवास-विकास केशवपुरम निवासी अनुराग शुक्ला की फुटवियर की दुकान है। पुलिस के मुताबिक 3 जनवरी की रात करीब 8 बजे बेटी चितवन (वेलफेयर मिशन स्कूल से दसवीं की छात्रा) घर से थोड़ी दूर पर स्थित दुकान से पेन खरीदने की बात कहकर निकली थी। देर रात होने पर बेटी वापस नही लौटी तो उसकी तलाश शुरू की गई। काफी तलाशने पर जब कोई सुराग हाथ नही लगा तो परिजनों ने कल्याणपुर थाने में मामले की गुमशुदगी दर्ज करा दी। परिजनों ने अपहरण की आशंका जताई है। कल्याणपुर बारासिरोही निवासी राम कमल प्राइवेट नौकरी करते हैं। राम कमल ने बताया कि उनका बेटा अभिषेक उर्फ रानी (12) घर के बाहर से रहस्यमयी परिस्थितियों में लापता हो गया। अभिषेक जीपीएसएन विद्यालय से 5वीं का स्टूडेंट है। परिजनों का कहना है कि 3 जनवरी को अभिषेक घर से कुछ दूरी पर स्थित डाकघर के पास देखा गया था। पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज निकलवाये हैं, जिसमे दो संदिग्ध युवक भी छात्र के साथ हैं। पुलिस फुटेज के जरिए छात्र का सुराग लगा रही है। कल्याणपुर मिर्जापुर कॉलोनी निवासी मोहित यादव ने बेटे अनिल यादव (14) की गुमशुदगी कल्याणपुर थाने में दर्ज कराई है। मोहित का कहना है कि बेटा दोस्तों संग घर के बाहर खेल रहा था अचानक लापता हो गया। थाने में मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी है पुलिस ने कई जगहों पर छामेपारी भी की है लेकिन अभी तक बेटे का कोई पता नही चल सका।

**परिजनों ने अपहरण की जतायी आशंका**

**बारासिरोह से लापता छात्र के साथ दिखे संदिग्ध युवक सीसीटीवी में कैद**


**OFFICE OF CHIEF MEDICAL OFFICER, KANPUR NAGAR**

Under pmmvy district magistrate invites applications from experienced personnel having outstanding professional competence to effectively implement the same through the following positions at district level on contractual basis:

**District Programme Assistant-01:** (Consolidated salary RS. 20,000/-pm age below 40 years graduate degree in social sciences/social work/Rural Management/Statistics from a reputed educational institution having at least 01 years of experience in planning, implementation and monitoring of child an women nutrition programs. High level of proficiency in Hindi & English (both verbal writing skills) having good computer skills (ms word excel and power point is essential. Candidates having experience of working with govt./non govt. organizations, knowledge of project management techniques and key nutrition issues and nutrition prgramme would be given preference.

For details like educational qualification, experience, job description, preferred age etc. Relating to above posts, visit **www.kanpurnagar.nic.in** Applications form can be downloaded, filled and should be sent to under signed through email only on **pmmvyknp@gmail.com** on or before 12-02-2019 at 5 PM. The subject line of the mail should clearly mention application for the post of "................................................" complete application and application for more then one post should be emailed separately for each post. Application not received in prescribed format or received after the last date 12-02-2019 at 5 PM shall not be considered.

District Magistrate/Chairman, has the full right to cancel any post without giving any reason.

Add: 100 Gandhi Gram G.T. Road, Ramadevi, Kanpur Nagar - 208007

Chief Medical Officer
Kanpur Nagar


# 124 चौकी प्रभारियों व दरोगाओं के कार्यक्षेत्र बदले

**कानपुर (एसएनबी)।** एसएसपी अनंत देव तिवारी ने मंगलवार को 124 चौकी प्रभारियों व दरोगाओं के कार्यक्षेत्र में तब्दीली की है।

इसके तहत चौकी प्रभारी जेल अतीफ को हलीम कालेज, कचहरी से शिव सिंह को ग्वालटोली, उर्सला चौकी से जितेन्द्र कुमार को इंद्रा नगर, फूलबाग से अशोक कुमार मिश्रा को पाली नर्वल, पटकापुर से धर्मेन्द्र सिंह को गुरुदेव पैलेस, नयागंज से देव नरायण द्विवेदी को उस्मानपुर, सिरकी मोहाल से अनुज अवस्थी को पांडुनगर भेजा है। सुतरखाना से अनिल कुमार त्रिपाठी को जनता नगर, लोहामंडी से राजेन्द्र कुमार रावत को बाबूपुरवा, हीरामन का पुरवा से विजय प्रताप सिंह को गंगा बैराज, गंगाघाट से रराजकुमार रावत को मझावन बिधनू, सुजातगंज से राम सिंह को रावतपुर, चकेरी से प्रमोद कुमार को एनएलसी बाबूपुरवा, दहेली सुजानपुर से छत्रपाल सिंह को दादानगर, श्याम नगर से लखनलाल मिश्रा को हंसपुरम, सनिगवां से अमित कुमार मिश्रा को यशोदानगर, परमट से संतोष कुमार ओझा को गुजैनी, ग्वालटोली से अखिलेश यादव को कचहरी, सफीगंज सीसामऊ से अशोक कुमार मिश्रा को रेउना घाटमपुर, दलेलपुरवा से बृजेश कुमार शुक्ला को पनकी रोड कल्याणपुर, हलीम कालेज से ओम प्रकाश को जेल, आनंद बाग चमनगंज से विनोद कुमार को नदिया बुजुर्ग ककवन, हैलट से अमर सिंह को कोरियां सजेती, गंगा बैराज से सत्य प्रकाश यादव को हीरामन का पुरवा, जागेश्वर मंदिर से रावेन्द्र कुमार मिश्रा को श्याम नगर, पांडूनगर से रविशंकर पांडे को सिरकी मोहाल, रावतपुर से सुरेश नरायण मिश्रा को रेलबाजार, इंद्रानगर से विनोद कुमार कुशवाहा को बेगमपुरवा, गुरूदेव पैलेस से उस्मान खान को दहेली सुजानपुर, टिकरा से श्याम शंकर पांडे को कृष्णानगर चकेरी, एनएलसी से सोम प्रकाश सिंह को नयागंज, बेगमपुरवा से सुनील कुमार कनौजिया को उत्तरीपुरा बिल्हौर, बाबूपुरवा से मुन्ना लाल को लाल कुर्ती छावनी, आनंदपुरी से संजय द्विवेदी को सफीगंज सीसामऊ, अशोक नगर से जितेन्द्र कुमार परिहार को गंगाघाट छावनी, मिल एरिया फजलगंज से विजय कुमार शुक्ला को एसएसआई गोविंदनगर, रेलवे कालोनी गोविंदनगर से प्रमोद कुमार को सुतरखाना, दादानगर से राजपाल सिंह को पटकापुर, रतनलाल नगर से कृष्ण कुमार कश्यप को न्यू आजाद नगर बिधनू, एसएसआई नौबस्ता राजेश कुमार को हैलट, उस्मानपुर से रविशंकर पांडे को भीतरगांव घाटमपुर, यशोदानगर से कुलदीप सिंह को लोहामंडी बादशाहीनाका, हंसपुरम से दिनेश कुमार यादव को जागेश्वर मंदिर, बर्रा से अभिमन सिंह को विषधन ककवन, जनता नगर से संतोष कुमार को रेलवे कॉलोनी गोविंदनगर, गुजैनी से योगेन्द्र सिंह सोलंकी को परमट, पाली से अच्छेलाल पाल को फूलबाग, मकनपुर से शीलेन्द्र कुमार यादव को रतनलाल नगर, उत्तरीपुरा से सुशील कुमार त्रिपाठी को घाटमपुर, एसएसआई घाटमपुर से प्रयाग नरायण बाजपेई को मिल एरिया, घाटमपुर से संतोष कुमार को मकनपुर का चौकी प्रभारी बनाया है।

वहीं खड़ेसर बिधनू से दिलीप कुमार मिश्रा को चकेरी, मझावन बिधनू से शिव अंजौर मिश्रा को आनंदपुरी, न्यू आजाद नगर से संजय कुमार शुक्ला को अशोक नगर, लाइन से धीरेन्द्र सिंह को फैक्ट्री एरिया, लाइन से सुधीर पवार को टीपी नगर, टीपी नगर से सुरेन्द्र नरायण शुक्ला को बगाही, तकिया पार्क से परवेज को बर्रा, रेल बाजार से धीरेन्द्र कुमार यादव को सुजातगंज, विषधन से यशपाल सिंह को इंडस्ट्रिल एरिया फजलगंज चौकी प्रभारी बनाया है।

दरोगाओं के किये गये स्थानान्तरण में चौकी प्रभारी जाजपुर भोला प्रसाद रस्तोगी को नजीराबाद, सेन पश्चिम पारा चौकी प्रभारी तनवीर अहमद को कोतवाली, लाइन से राहुल को कोतवाली, दीपक को महाराजपुर, विलास सिंह को बिल्हौर, अशोक गुप्ता को नौबस्ता, राहुल देव को बिठूर, विक्रांत कुमार को नवाबगंज, मोहित चौधरी को कल्याणपुर, सुमित शर्मा को बर्रा, रविन्द्र धामा को रेलबाजार, प्रेमपाल को चकेरी, अनिल कुमार को नौबस्ता, देवीशरण को बर्रा, दिलीप को पनकी, जीतेन्द्र पाल सिंह को कल्याणपुर थाने में तैनात किया है। इसी प्रकार शिव स्वरूप त्रिपाठी को नजीराबाद थाने से मानवाधिकार सेल का प्रभारी बनाया है।

बंगाल के पुलिस कमिश्नर की गिरफ्तारी पर रोक का आदेश कोलकाता हाईकोर्ट ने दिया, फिर भी सीबीआई के 40 अफसर पुलिस कमिश्नर को गिरफ्तार करने पहुंच गये लेकिन उसी शारदा स्कैम के आरोपी मुकुल राय, बाबुल सुप्रियो और हेमन्त बिस्वसर्मा के पाप भाजपा में शामिल होते ही धुल गये थे। —— रागिनी



# कर्मियों की सेवा पुस्तिका में मिली कमियां

## पटल सहायक को फटकार

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।



कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते मंडलायुक्त। फोटो : एसएनबी

कमिश्नर सुभाष चंद्र शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका में कमियां पाये जाने पर पटल सहायक को फटकार लगाते हुए कमिश्नर ने चेतावनी पत्र जारी करने के लिए डीएम को निर्देश दिये। साथ ही पटल प्रभारियों को निर्देश दिये कि वह समय-समय पर पत्रावलियों को चेक करते रहें, ताकि कार्य समयबद्ध तरीके से हो सके।

कलेक्ट्रेट के औचक निरीक्षण से पूर्व कमिश्नर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। तत्पश्चात कमिश्नर ने कार्यालय के सभी पटलों का निरीक्षण किया। सबसे पहले श्री शर्मा शस्त्र विभाग पहुंचे। इसके बाद सीआरए, नजारत अनुभाग, संयुक्त कार्यालय, बिल अनुभाग का बारी-बारी निरीक्षण किया। इस दौरान कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं एवं सेवा फाइलों में कमियां पायीं, जिसके कारण कर्मचारी को रिटायर होने के बाद परेशान होना पड़ता है। कमिश्नर ने पटल सहा. शरद पांडेय को कड़ी चेतावनी पत्र जारी करने के निर्देश दिये हैं। इसके बाद कमिश्नर ने कर्मचारी साधना तिवारी से जीपीएफ पासबुक के बारे में जानकारी ली। पता चला कि जन्म तिथियां ठीक से दर्ज हैं। कमिश्नर ने शस्त्र अनुभाग के लिपिक को निर्देश दिये कि ऑनलाइन आवेदनों का अंकन किया जाये। जो भी आवेदन स्वीकृत हों, उनकी एक कॉपी सम्बंधित

**कमिश्नर ने किया कलेक्ट्रेट का औचक निरीक्षण**

**शस्त्र विभाग में ऑनलाइन आवेदनों को भी दर्ज किया जाये**

**सभी अधिकारी पटलों का समय-समय पर करें निरीक्षण**

थानों को भेजी जाये। तय प्रारूप में फोटो लगाना भी सुनिश्चित किया जाये। शहर में करीब 46 हजार स्वीकृत लाइसेंस हैं। कमिश्नर ने मनोरंजन कर विभाग का निरीक्षण किया तो वहां लिपिक बिना काम के मिले। कमिश्नर ने कहा कि कर्मचारियों को अन्य कार्यों में समायोजित किया जाये।

इसके बाद कमिश्नर ने दस बड़े बकायेदारों की सूची बनाने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को उनके बारे में जानकारी हो सके और उनसे वसूली तत्काल हो सके। इस दौरान कमिश्नर ने तहसील को भेजी जाने वाली आरसी वसूली प्रक्रिया के बाबत भी जानकारी मांगी। स्टाम्प देयकों के रजिस्टर को भी चेक किया। साथ ही लंबित वादों का निस्तारण जल्द करने का निर्देश दिया। कमिश्नर ने आरए पटल का निरीक्षण करते हुए शासनादेशों की स्थिति के बारे में जानकारी लेकर निर्देश दिये कि शासनादेशों को तहसील आदि विभागों में समय से पहुंचाया जाये। इस दौरान डीएम विजय विश्वास पंत, सीडीओ अक्षय त्रिपाठी, एडीएम सिटी विवेक श्रीवास्तव, एडीएम वित्त संजय चौहान, एडीएम एलए केहरि सिंह, नगर मजिस्ट्रेट व मजिस्ट्रेट आदि मौजूद रहे।

## स्ववित्तपोषी कॉलेजों के लिए बनेगी सेवा नियमावली

**कानपुर (एसएनबी)।** प्रदेश सरकार ने स्ववित्तपोषी महाविद्यालयों के प्रबंधकों व शिक्षकों के लिए सेवा नियमावली बनाने की पहल शुरू कर दी है। स्ववित्तपोषी महाविद्यालय एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय त्रिवेदी ने बताया कि इस सम्बंध में मंगलवार को लखनऊ में विशेष सचिव उच्च शिक्षा नरेन्द्र शंकर पांडेय और अनुसचिव ध्रुव प्रताप सिंह की मौजूदगी में आयोजित स्ववित्तपोषी महाविद्यालयों के प्रबंधकों व शिक्षकों की बैठक में सेवा नियमावली को लेकर रायशुमारी भी की गयी।

दरअसल स्ववित्तपोषी महाविद्यालयों के शिक्षक व प्रबंधक लंबे समय से सेवा नियमावली बनाये जाने की मांग कर रहे थे। इसके साथ ही बैठक में यह मांग भी की गयी कि स्ववित्तपोषी महाविद्यालय में शिक्षण कार्य के लिए शिक्षक के लिए बार-बार विश्वविद्यालय से अनुमोदन कराये जाने की अनिवार्यता खत्म की जाये। एक बार विश्वविद्यालय से अनुमोदन होने के बाद उस शिक्षक को किसी भी डिग्री कॉलेज में पढ़ाये जाने के लिए दोबारा अनुमोदन कराये जाने की आवश्यकता नहीं होनी चाहिए। वहीं, यह एक शिक्षक द्वारा कई डिग्री कॉलेजों में पढ़ाने के लिए अलग-अलग अनुमोदन कराने की हरकतों पर भी रोक लगाने की बात उठी। बताया गया कि इस सम्बंध में एक सॉफ्टवेयर तैयार कराया जा रहा है, जिसमें एक बार अनुमोदन के बाद शिक्षक का ब्योरा फीड कर दिया जायेगा। इससे एक ही शिक्षक कई डिग्री कॉलेजों के लिए अपने नाम का अनुमोदन न करा सकेंगे।

## दूर होंगी आंगनबाड़ी और आशा बहुओं की समस्याएं



आवास विकास में महिलाओं को संबोधित करतीं विधायक नीलिमा कटियार। फोटो : एसएनबी

**कानपुर (एसएनबी)।** भाजपा महिला मोर्चा के कमल शक्ति अभियान कार्यक्रम के दौरान राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम कपूर ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों और आशा बहुओं का सम्मान करते हुए उनकी समस्याएं दूर कराने का आश्वासन दिया।

आवास-विकास कल्याणपुर स्थित अनीता पैलेस गेस्ट हाउस में महिला मोर्चा उत्तर जिला इकाई द्वारा आयोजित कार्यक्रम में कल्याणपुर विधानसभा क्षेत्र की आशा बहुओं और आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को राज्य महिला आयोग की सदस्य पूनम कपूर ने सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा की प्रदेश महामंत्री विधायक नीलिमा कटियार ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की चर्चा करते हुए कहा कि इन योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति व परिवार को मिलना चाहिए। इस कार्य में भी आशा बहुएं व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष सरोज सिंह ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकारें महिलाओं की स्थिति सुधारने पर विशेष ध्यान दे रही हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए जिला महामंत्री करुणा सिंह ने कहा कि महिला मोर्चा की सभी सदस्याएं अपने-अपने क्षेत्र में घर-घर जाकर केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की चर्चा करें। यहां स्नेहलता दीक्षित, उर्मिला राय, सीमा तिवारी, तेजिन्दर कौर, पूजा चतुर्वेदी, लक्ष्मी श्रीवास्तव आदि थीं।

## सड़क सुरक्षा सप्ताह

# स्कूटी रैली निकाल महिलाओं ने राहगीरों को किया जागरूक



आरटीओ में सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत वाहन चालकों को जागरूक करते परिवहन अधिकारी।

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत दूसरे दिन सम्भागीय परिवहन विभाग (आरटीओ) से स्कूटी रैली निकाल कर महिलाओं ने सुरक्षित यातायात के प्रति राहगीरों को जागरूक किया। इसके अलावा लाइसेंस आवेदकों को वाहन चलाने के दौरान फ्यूल की बचत करने एवं लाइसेंस आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करने के प्रति जागरूक किया गया।

सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत मंगलवार को आरटीओ कार्यालय से स्कूटी रैली निकाली गयी। रैली को उप परिवहन आयुक्त (डीटीसी) चुन्नीलाल प्रजापति ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली आरटीओ कार्यालय से निकलकर रावतपुर से मेडिकल कॉलेज, मोतीझील चौराहा होते हुए कोकाकोला चौराहा से होकर वापस आरटीओ कार्यालय में समाप्त हुई। इस दौरान महिलाएं सड़क सुरक्षा सम्बधी विभिन्न स्लोगन लिखी तख्ती लिये थीं।

**'फ्यूल सेव इनर्जी सेव' कार्यशाला में चालकों को दी गयी जानकारियां**

इसके पश्चात आरटीओ कार्यालय के स्मार्ट कार्ड लाइसेंस भवन में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान लाइसेंस का आवेदन करने वाले आवेदकों को ऑनलाइन आवेदन करने की बारीकियों को समझाया गया। वाहन चालकों को सड़क पर चलने के दौरान फ्यूल सेव इनर्जी सेव के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही एक प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें सही जवाब देने वाले वाहन चालक को पुरस्कृत भी किया गया। कार्यशाला को सम्बोधित करने वालों में आरटीओ प्रर्वतन राकेश सिंह, एआरटीओ प्रशासन आदित्य त्रिपाठी, एआरटीओ प्रवर्तन प्रभात पांडेय, सुरेश वर्मा के अलावा कमलेश बाजपेयी, मुरारी लाल मिश्र, अमित श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## खाद्य लाइसेंस न होने पर पांच लाख रुपये का लगेगा जुर्माना

**कानपुर (एसएनबी)।** खाद्य संबंधी वस्तुओं का उत्पादन व बिक्री करने के लिए लाइसेंस न होने पर पांच लाख रुपये जुर्माना लगेगा। यह जानकारी खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिला स्तरीय समिति के सदस्य पदम मोहन मिश्र ने दी।

उन्होंने बताया कि उक्त एक्ट की धारा 31 के अनुसार सालाना 12 लाख तक के खाद्य कारोबारियों को रजिस्ट्रेशन व इससे अधिक का व्यापार करने वाले कारोबारियों द्वारा खाद्य लाइसेंस न बनवाने पर अधिनियम की धारा 63 के अनुसार 6 माह की सजा व पांच लाख रुपये के अर्थदंड का प्रावधान है। इसके अलावा अवधि समाप्त होने की तिथि से 30 दिन पूर्व रिन्वयूवल का आवेदन न करने पर प्रतिदिन 100 रुपये लेट फीस शुल्क लगेगा। उन्होंने बताया कि विस्तृत जानकारी विभाग के अलावा कंज्यूमर हेल्पलाइन 9450156430 पर प्राप्त की जा सकती है।

# रैंप पर उतरकर शिक्षकों ने दिखाया जलवा

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।



विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर कैटवाक करते शिक्षक। फोटो : एसएनबी

छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस सप्ताह के तहत मंगलवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाएं रैंप पर उतरे तो हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यहां क्विज, वाद-विवाद और गायन जैसी प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया।

विशेष तौर पर विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए आयोजित सांस्कृतिक संध्या में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रा डिग्री कॉलेज के संजय कुमार शर्मा, रजत सचदेवा और प्रियंका कटिया ने प्रथम स्थान हासिल किया। इसी तरह छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय परिसर के अविनाश चौधरी, अजय मौर्या और दीपमाला निगम की टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। क्विज का संचालन डॉ. सुदेश श्रीवास्तव ने किया। इसी तरह वाद विवाद प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के यूआईटी के निदेशक अविनाश चौधरी ने पहला, हेल्थ साइंस की डॉ. सीमा जायसवाल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वाद विवाद प्रतियोगिता का विषय

**विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन**

'क्या भारत आधुनिकता के लिए तैयार है' था, जिसके निर्णायक डॉ. श्यामबाबू गुप्त थे। इसके बाद डॉ. बार्शी सिंह, डॉ. अर्पणा कटिहार, डॉ. चारू खान, डॉ. द्रोपती यादव, डॉ. अजय यादव, डॉ. स्मिता और डॉ. सुधांशु राय रैंप पर उतरे तो हाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रैंप वाक का संचालन सोनम ने किया।

इसी तरह गायन प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय के लाइब्रेरी इंचार्ज डॉ. आशीष श्रीवास्तव ने प्रथम स्थान पाया। इस दौरान बड़ी तादाद में विश्वविद्यालय व सम्बद्ध महाविद्यालयों के शिक्षक-शिक्षिकाएं और कर्मचारी व छात्र मौजूद थे।

## 17 नेत्रहीनों की दुनिया हुई रोशन

**कानपुर।** बारह दिनों में दुनिया से विदा हुए नौ लोगों ने जाते-जाते 17 नेत्रहीनों की दुनिया में उजाला भर दिया। मंगलवार को शिफा आई रिसर्च सेंटर में नेत्रदान करने वाले परिवारों का सम्मान किया गया। नेत्रदान अभियान के प्रमुख मनोज सेंगर ने बताया कि 23 जनवरी को रामादेवी निवासी हरिकांत पांडेय, 24 जनवरी को केशव नगर निवासी राम नारायण कटियार, 25 जनवरी को पीरोड निवासी जगदीश चन्द्र, 29 जनवरी को काकादेव निवासी शकुन्तला भाटिया, बादशाहीनाका निवासी तरूलता सिंह, 30 जनवरी को कृष्णानगर निवासी राम लाल भाटिया, 31 जनवरी को कृष्णानगर निवासी पुष्पा भाटिया, 2 फरवरी को कालपी रोड निवासी अशोक कुमार एवं 3 फरवरी को सिविल लाइंस निवासी हिरेन महेश चन्द्र के निधन की सूचना इनके परिवार वालों द्वारा डॉ. महमूद रहमानी टीम को दी गयी थी। टीम ने इन सभी की कॉर्निया सुरक्षित की। सुरक्षित कॉर्निया फुरकान, नाजरीन, सज्जन कुमार, अनुष्का, नफीस खान, माधुरी, राम बेटी, राम किशन, मदन मोहन, विद्यावती, राम कुमार,याशिका, आरिफ, अजय, श्यामलाल, सुनील व अमित को प्रत्यारोपित की गयीं। डॉ. रहमानी अब तक 1108 लोगों को कॉर्निया प्रत्यारोपित कर चुके हैं।

## 96 मरीजों के हुए निःशुल्क ऑपरेशन

**कानपुर।** दिव्य दृष्टि सेवा संस्थान द्वारा 3 फरवरी को शास्त्रीनगर में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 96 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन के लिए चिह्नित किया गया। ऑपरेशन जवाहरलाल रोहतगी अस्पताल में करवाये गये। इस मौके पर सीताराम खत्री, दीपक राजनी, बलराज रुपानी, घनश्याम सचदेवा, राजकुमार लालवानी, चन्द्रभान मोहनानी, मनोहर भोजवानी, राजकुमार मोटवानी, दीपक राजानी उपस्थित थे।

# रेरा में पंजीकरण न होने पर यूपीसीडा पर लग सकता अर्थदण्ड !

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

ट्रांसगंगा सिटी के लिए रेरा में पंजीकरण न कराने के मामले में यूपीएसआईडीसी (वर्तमान में यूपीसीडा) पर अर्थदण्ड लगाए जाने की संभावना बनती जा रही है। मंगलवार को रेरा सचिव के सामने यूपीसीडा के अधिवक्ता प्रोजेक्ट कास्ट नहीं बता पाए। 19 फरवरी को मामले की फिर सनवाई होगी।

यूपीएसआईडीसी द्वारा प्रस्तावित ट्रांसगंगा सिटी योजना अंतर्गत भूखण्ड पर कब्जा न देने के मामले में आवंटियों द्वारा 25 अगस्त 2018 को यूपी रेरा में शिकायत की गई थी। शिकायत में कहा गया था कि रेरा के प्रावधान यूपीएसआईडीसी पर भी लागू होते हैं। इस मामले में मंगलवार को यूपी रेरा के सचिव अबरार अमहद द्वारा सुनवाई की गई। आवंटियों ने अवगत कराया की सुनवाई के दौरान रेरा सचिव ने स्वयं पूछा कि प्राधिकरण द्वारा इस तरह का गलत कार्य क्यों किया जा

**अगली सुनवाई 19 फरवरी 2019 को**

**रेरा सचिव के सामने यूपीसीडा के अधिवक्ता प्रोजेक्ट कास्ट नहीं बता पाए**

रहा है, जबकि पिछली सुनवाई में रेरा में पंजीयन कराने को कहा गया था। यूपीएसआईडीसी के अधिवक्ताओं ने सफाई में कहा कि कॉर्पोरेशन सितंबर माह 2018 में यूपीसीडा में परिवर्तित हो चुका है। परिवर्तन के कारण पंजीयन शुल्क जमा करने हेतु विभाग के पास धनराशि नहीं है। इस बाबत पत्र भी भेजा जा चुका है। इस पर साफ तौर पर कहा गया कि दोनों ही सरकारी संस्थाएं हैं, जो भी कानून सही होगा, दोनों को ही मानना चाहिए। लिहाजा ट्रांस गंगा सिटी का रेरा में पंजीयन कराया जाना चाहिए।

रेरा सचिव के सवाल पर यूपीसीडा के अधिवक्ता ट्रांस गंगा सिटी की प्रोजेक्ट कास्ट नहीं बता पाए। इस जानकारी के अभाव में अगली सुनवाई की तिथि 19 फरवरी 2019 तय की गई है। इधर, कर विशेषज्ञ अधिवक्ता दीपक द्विवेदी ने बताया कि उक्त तिथि तक यूपीसीडा से प्रोजेक्य कास्ट की जानकारी मांगी गई है। ऐसी स्थित में यूपीसीडा पर अर्थदण्ड की संभावना बन गई है। कारण यह कि रेरा में पंजीकरण न कराने पर प्रोजेक्ट की कुल कीमत का दस प्रतिशत अर्थदण्ड आरोपित किया जा सकता है।

## डिग्री व मार्कशीट पर बारकोड डालेगा विश्वविद्यालय

■ कानपुर।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर डिग्रियों में हेराफेरी व फर्जीवाड़ा रोकने के लिए अब मार्कशीट व डिग्री में बारकोड डालेगा। पत्रकारों से बात करते हुए कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने बताया कि 9 फरवरी को विश्वविद्यालय के स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम में आधा दर्जन से अधिक पूर्व कुलपति भाग लेंगे।

पत्रकारों से बात करते हुए कुलपति ने एक सवाल के जवाब में बताया कि यह सही है कि मौजूदा समय में छात्रों को डिग्री मिलने में एक माह और कभी-कभी इससे भी अधिक समय लग जाता है। इसका मुख्य कारण सत्यापन में समय लगना है। इस समस्या को दूर करने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि अब विश्वविद्यालय द्वारा दी जाने वाली डिग्री व मार्कशीट में बारकोड डाला जायेगा। इससे डिग्री के लिए आवेदन करने पर मार्कशीट के बारकोड से मिलान करने से सत्यापन में समय नहीं लगेगा। साथ ही फर्जी डिग्री के खेल पर भी अंकुश लग जायेगा। स्थापना दिवस के सम्बंध में उन्होंने जानकारी दी कि 9 फरवरी को मुख्य कार्यक्रम होना है, जिसमें विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपतियों के साथ-साथ विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को भी आमंत्रित किया गया है।

**स्थापना दिवस के मुख्य कार्यक्रम में भाग लेंगे कई पूर्व कुलपति**

अब तक 8-9 कुलपतियों ने कार्यक्रम में भाग लेने की स्वीकृति दे दी है। इसी तरह 8 फरवरी को वाकेथान का आयोजन होगा, जिसमें विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और छात्र भाग लेंगे। वाकेथान के तहत विश्वविद्यालय से गुरुदेव पैलेस और जीएसटी कार्यालय होते हुए वापस विश्वविद्यालय तक पैदल मार्च किया जायेगा। इसी तरह 7 फरवरी को पूर्व छात्र सम्मेलन और 6 फरवरी को कुलपति और कुलसचिव एकादश के बीच मैच खेला जायेगा।

# रंगों के संयोजन से उकेर दीं संवेदनाएं



विश्वविद्यालय में प्रदर्शनी देखतीं छात्राएं। फोटो : एसएनबी

■ सहारा न्यूज ब्यूरो
कानपुर।

सीएसजेएम विश्वविद्यालय, कानपुर के इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स की वार्षिक चित्र प्रदर्शनी 'चित्राक्षी' में चित्रकला के छात्र-छात्राओं ने रंगों के संयोजन से कैनवास पर संवेदनाएं उकेर प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रदर्शनी में 'ए बिजी वर्कर' और 'टैंगल्ड' शीर्षक से बनाये गये चित्रों ने कलाप्रेमियों को खासा आकर्षित किया।

चित्रकला प्रदर्शनी 'चित्राक्षी' का उद्घाटन कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने किया। कुलपति व कुलसचिव डॉ. विनोद कुमार सिंह ने छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को सराहते हुए उन्हें आगे बढ़ने को प्रेरित किया। इस मौके पर इंस्टीट्यूट ऑफ फाइन आर्ट्स के विभागाध्यक्ष डॉ. बृजेश स्वरूप कटियार ने बताया कि अगले सत्र से एमएफए का कोर्स भी शुरू किया जायेगा। इसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। साथ ही बीएफए के छात्रों द्वारा वार्षिक कला प्रदर्शनी का आयोजन फरवरी के अंतिम सप्ताह में

**सीएसजेएम विश्वविद्यालय में चित्रकला प्रदर्शनी**

किया जायेगा। चित्रकला प्रदर्शनी में एमए के छात्र शिवम वर्मा द्वारा बनाये गये चित्र 'ए बिजी वर्कर' को जमकर सराहा गया। चित्र में एक्रेलिक रंगों के संयोजन से एक मक्खी को कार्यरत दिखाया गया है। इसी तरह ज्योति वर्मा के चित्र 'टू ड्रा आउट' और हरिओम पटेल के चित्र 'टैंगल्ड' को भी खूब सराहना मिली। छात्रा रश्मि ने चौड़े पैच का प्रयोग करते हुए नारी का भाव कैनवास पर उकेरा तो मंजू कुमारी ने नाइफ का प्रयोग कर टेक्सचर द्वारा नारी आकृति को कैनवास पर उतार कर सराहना हासिल की। प्रदर्शनी में दिव्या सक्सेना के चित्र 'पासे', निमिषा गंगवार के चित्र 'ताश का घर', नैना के चित्र 'मार्केट डे', दिव्या के चित्र टू स्पेंड टाइम इन ट्रिफल्स' और प्रतीक्षा के चित्र 'स्टाइल्स' ने भी कलाप्रेमियों को आकर्षित किया। इसी तरह छात्रा सुर्वाचा, निकिता, राजेश कुमार यादव और सवेश के चित्रों को भी पसंद किया गया।

प्रदर्शनी में डॉ. संजय स्वर्णकार, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. प्रवीण कटियार, डॉ. शाश्वत कटियार, डॉ. कुमुद बाला, डॉ. हृदय गुप्ता, डॉ. अभय नन्दन द्विवेदी, डॉ. प्रह्लाद सिंह, डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, जीऊत बली, डॉ.लोकेश्वर सिंह, डॉ. सुरभि त्रिपाठी, विनय सिंह, शिवांगी कनौजिया, मनोज गौड़, आदेश कुमार, जितेन्द्र कुमार आदि थे।

## शहर में लांच हुई निशान की नई कार किक्स



कानपुर क्लब में आरएनजी ऑटोमोबाइल्स की नई कार लांच करते निशान कंपनी के पदाधिकारी। फोटो : एसएनबी

**कानपुर।** अग्रणी कार निर्माता कंपनी ने मंगलवार को शहर में बहुप्रतीक्षित कार किक्स की लांचिंग की। कानपुर क्लब में इस मौके पर शानदार कार्यक्रम आयोजित किया गया। एसयूवी सेगमेन्ट की इस कार में कई आधुनिक फीचर्स हैं। आरएनजी ऑटो मोबाइल्स प्रा. लि. में पूर्व में ही बुकिंग कराने वाले पांच ग्राहकों को कार की चॉबी सौंपी गई।

लांचिंग के मौके पर निशान कंपनी के रीजनल बिजनेस हेड अभिनव सिन्हा ने बताया कि इस नई कार किक्स में इतने शानदार फीचर्स हैं, तभी इस कार को बोल्ड, प्रोग्रेसिव व इंटेलीजेन्ट की भी संज्ञा दी जाती है। दावा किया कि इस सेगमेंट की किसी भी अन्य कार में इतना शनादार इंटीरियर नहीं है। इसे जापान, अमेरिका व ब्राजील के इंजीनियरों ने मिलकर तैयार किया है। इसके सेफ्टी फीचर्स भी शानदार हैं। टच डैशबोर्ड व डोर ट्रिप्स हैं। कैमरों का एराउंड व्यू है। यानि की बैक कमरे के अलावा फ्रंट व दोनों साइड पर भी कैमरा है, जिन्हें चालू करने पर कार बर्ड आई व्यू टच स्क्रीन पर दिखता है। कंपनी तीन वर्ष तक 30 हजार किलोमीटर पर फ्री सर्विस का पैकेज दे रही है। उन्होंने बताया कि नई किक्स की शुरुआती कीमत देशभर में ₹ 9 लाख 55 हजार है। डीजल मॉडल चार वेरियेंट्स में व पेट्रोल मॉडल दो वेरियेंट्स में उपलब्ध है। लांचिंग के मौके पर पांच ग्राहकों को नई किक्स की चाबी प्रदान की गई। इस मौके पर आरएनजी मोटर्स के निदेशक अमित गर्ग, संजय गर्ग, प्रशांत गर्ग, हिमांशु शुक्ला व राहुल मिश्रा आदि लोग मौजूद थे।

कानपुर। बुधवार • 6 फरवरी • 2019
राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com |

एक मासूम सवाल : महागठबंधन में सबसे ईमानदार नेता कौन है और सबसे बेईमान कौन ? नाम बताइए।

—— सुनैना सिंह

## हादसे में एक की मौत, एक घायल

**घाटमपुर।** पतारा क्षेत्र के धरमपुर बम्बे के पास रविवार की देर रात बोलेरो की टक्कर से थाना बिधनू क्षेत्र के मंझावन के रहने वाले शान मोहम्मद (32) पुत्र नूर मोहम्मद की मौत हो गयी। साथ जा रहे मोहम्मद अफजल (17) पुत्र कल्लू शकील गम्भीर रूप से घायल हो गया। हादसे की जानकारी मिलने पर पहुंचे पतारा चौकी प्रभारी प्रशांत सिंह भदौरिया ने ऐम्बुलेंस से सीएचसी पतारा भेजा। जहां से हैलट अस्पताल के लिए भेजा गया।

## अज्ञात शव मिलने से फैली सनसनी

**घाटमपुर।** साढ़ क्षेत्र से निकली रिंद नदी में फिर अज्ञात शव मिलने पर ग्रामीणों में सनसनी फैल गयी। मामला दो चौकियों के बीच का होने को लेकर दोनों चौकियों की पुलिस शाम तक अपना अपना पल्लू झाड़ती रहीं। बिरसिंहपुर क्षेत्र से निकली रिंद नदी में मलखानपुर व पालपुर के बीच करीब तीन दिनों से एक 35 वर्षीय अज्ञात युवक का शव देखा जा रहा है। जो कायी में फंसा और शरीर पर लाल रंग का स्वेटर है।

## शराब की दुकानों का आज होगा नवीनीकरण

**कानपुर।** शराब की दुकानों का होने वाला नवीनीकरण तकनीकी कारणों से नहीं हो सका। इसकारण आबकारी आयुक्त धीरज साहू ने बताया कि बुधवार को नवीनीकरण के लिए दुकानदारों को पुनः मौका दिया जायेगा। इस दिन सभी देशी, विदेशी मदिरा, बीयर की फुटकर दुकनों व मॉडल शाप के नवीनीकरण के ऑन लाइन आवेदन की समय सीमा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक तय किया गया है। यह नवीनीकरण वर्ष 2019 के लिए होगा।

## बीमारी से तंग युवक ने फांसी लगाई

**कानपुर।** सचेंडी में बीमारी से तंग आकर एक युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। सचेंडी के धरमंगतपुर गांव निवासी अरविंद (35) कई दिनों से गंभीर बीमारी से ग्रसित थे। पत्नी मनीषा ने बताया कि अरविंद ने पिछले सप्ताह भी आत्महत्या करने का प्रयास किया था लेकिन उनकी जान बचा ली गई थी। सोमवार देर रात अरविंद ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

## दो महिलाओं के खाते से हजारों उड़ाए

**कानपुर।** कल्याणपुर थाने में एक महिला ने अज्ञात साइबर अपराधी के खिलाफ तीस हजार रुपये की ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। नीलम यादव पत्नी राजेश यादव ने बताया कि वे कल्याणपुर रोड पर यूको बैंक के एटीएम से रुपया निकालने गई थी। एटीएम मशीन के पास उनका कार्ड हाथ से गिर गया जब वे एटीएम उठाने के लिए झुकी तभी वहीं खड़े एक युवक ने दूसरा एटीएम थमा दिया और चला गया। एटीएम मशीन ने कार्ड लेने से मना किया तो उन्होंने मामले की जानकारी फोन कर पति को दी। उनका फोन कटा ही था कि तीस हजार रुपये खाते से निकलने का मैसेज आ गया। महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। वहीं दूसरी घटना काकादेव कच्ची बस्ती की रहने वाली सोनी देवी के साथ हुई। साइबर अपराधियों ने महिला से उसका ओटीपी नंबर पूछकर खाते से पांच हजार रुपये निकाल लिए। महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

## कोर्ट के आदेश पर हत्या की रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थाने में कोर्ट के आदेश पर चार लोगों के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज हुई है। महिला ने सुरेश गुप्ता सहित चार लोगों के खिलाफ भाई गुड्डी की लाठी-डंडे से पीट-पीटकर हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है। कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कैब चालक को पीटकर गाड़ी व मोबाइल लूटा

**कानपुर।** लखनऊ से कानपुर के लिये कैब बुक करा कर बैठे लुटेरों ने सरसौल के पास चालक को जमकर पीटा और तमंचा लगाकर उसकी गाड़ी व दो मोबाइल लेकर भाग निकले। किसी प्रकार थाने पहुंचे चालक ने मामले की जानाकरी पुलिस को दी। महाराजपुर पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। लखनऊ तेलीबाग निवासी मो. सलमान इलाके में रहने वाले अब्दुल आसिफ की कैब चलाते हैं। सलमान के मुताबिक दो दिन पूर्व वह रात में चारबाग स्टेशन पर सवारियों का इंतजार कर रहे थे,तभी तीन युवक आये और उससे कानपुर चलने के लिये नौ सौ रुपये में कैब तय की।वह तीनों को लेकर चकेरी स्थित मवैया गांव पहुंचा,जहां तीनों उतर गये। पैसे मांगने पर वह अभी देने की बात कही और कुछ देर के बाद फिर गाड़ी में सवार होकर चौडगरा चलने के लिये कहा। जब वह चौडगरा पहुंचा तो उससे वापस चकेरी चलने को कहा। अभी वह लोग सरसौल पुल के पास पहुंचे ही थे कि एक लुटेरें ने हैंड ब्रेक खीच ली और दूसरे ने उसकी कनपटी पर तमंचा लगा दिया और शोर मचाने पर गोली मारने की धमकी देते हुये उसे जमकर पीटा और उसके दोनों मोबाइल व नगदी लेकर उसे गाड़ी से उतार दिया और कार लेकर भाग निकले।

## बस्ती खाली कराने के विरोध में डीएम आवास घेरा

**कानपुर।** पांडु नगर में बसी मलिन बस्ती को खाली कराने के प्रशासन द्वारा दिये गये आदेश के विरोध में मंगलवार को बस्ती के वाशिंदों ने जिलाधिकारी विजय विश्वास पंत का आवास घेरकर जमकर नारेबाजी की। तत्पश्चात डीएम के प्रतिनिधि को मांग पत्र सौंपकर जमीन खाली कराने के पूर्व वैकल्पिक व्यवस्था करने की मांग की है। पांण्डु नगर स्थित मलिन बस्ती में रह रहे करीब ढाई सौ लोगों को घर खाली करने के लिए प्रशासन ने सोमवार को फरमान जारी कर दिया था। साथ ही चेतावनी दी थी कि यदि घरों को खाली नहीं किया गया तो केडीए व पुलिस बल पूर्वक ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करके आवास खाली करायेगा। इस आदेश के बाद अखिल भारतीय युवं संगठन के मंत्री नरेंद्र कुमार दीक्षित के नेतृत्व में मलिन बस्ती के वाशिंदों ने डीएम आवास घेरकर अपना विरोध दर्ज कराया। वाशिंदों का कहना था कि वह 50 वर्ष से निवास कर रहे हैं। इस सर्दी में वह छोटे छोटे बच्चों को लेकर कहां जायेगे। वाशिंदों ने प्रशासन से मांग की कि यदि उन्हें जमीन चाहिए तो पहले उनके रहने की वैकल्पिक व्यवस्था करायी जाये। साथ ही घर खाली करने के लिए समय दिया जाये। प्रदर्शन कारियों में कैलाश राजभर, जगदीश समेत करीब आधा सैकड़ा से अधिक वाशिंदे मौजूद रहे।

## भाजपा की नीतियों के खिलाफ दिया धरना

**कानपुर।** भाजपा की नीतियों के विरोध में कानपुर जिला कमेटी भारत की कम्युनिस्य पार्टी (मार्क्सवादी) ने मंगलवार को बड़ा चौराहा स्थित राम आसरे पार्क में धरना दिया। इस मौके पर जिला सचिव अशोक तिवारी ने कहा कि भाजपा के शासनकाल में किसानों का सबसे अधिक शोषण किया गया है। गोवंश पशुओं के पालन की बिना उचित व्यवस्था किए गौशालाएं बना दी गयी हैं। गौशालाओं मे पशुओं के लिए चारा उपलब्ध न होने के कारण भुखी मरने की जिम्मेदार सरकार है। धरना में अरविंद कुमार अतर सिंह, गोविंद नारायण, सीमा कटियार, उमाकांत, राम सिंह, चक्रमणि, अनिल सिंह, टेकचंद, राजीव निगम, विनोद पाण्डेय, शेषनाथ, सुधा सिंह, नीलम तिवारी आदि थीं।

# डीएम के तेवर देख मातहतों के छूटा पसीना



समस्याएं सुनते जिलाधिकारी, एसएसपी व सीडीओ।

**घाटमपुर (एसएनबी)।** सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की समस्याओं को जिलाधिकारी विजय विश्वास पंत, मुख्य विकास अधिकारी अक्षय त्रिपाठी तथा ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शशांक चौधरी ने सुना। इसके अलावा पुलिस से सम्बंधित शिकायतों को एसएसपी अनंतदेव ने सुना। इस मौके पर जिलाधिकारी ने समस्याओं का निस्तारण न करने वाले विभाग के अधिकारियों की जमकर खबर ली। उनके तेवर देख मातहतों के सर्दी में भी पसीना छूटता रहा।

जिलाधिकारी ने सरकारी जमीनों पर कब्जों से सम्बंधित शिकायतों पर कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि जमीनों से कब्जा न छोड़ने व कब्जा करने वालों को पकड़कर जेल भेजें। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की मित्र बनकर काम करे। उन्होंने सरकारी जमीनों पर कब्जे रोकने के लिए सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से सम्पत्ति रजिस्टर बनाकर मॉनीटरिंग करते रहने के निर्देश दिये। समस्याएं सुनने के दौरान उनके सामने भीतरगांव क्षेत्र के भदवारा गांव का मामला प्रधान द्वारा सरकारी जमीन पर कब्जा किये जाने का आने पर उन्होंने तहसीलदार से मौके पर जाकर दो दिन के अंदर रिपोर्ट देने के निर्देश दिये। पुलिस से सम्बंधित शिकायतों को एसएसपी अनंतदेव ने सुना। इस दौरान पुलिस एक पांव पर खड़ी नजर आयी। वहीं, सम्पूर्ण समाधान दिवस में सबसे ज्यादा मामले राजस्व, पुलिस तथा विद्युत विभाग के अलावा नगर पालिका पूर्ति कार्यालय तथा ब्लॉकों से सम्बंधित आये।

### समस्याओं का निस्तारण न करने वालों की ली खबर

## डीएम ने अस्थायी चरागाह की देखीं व्यवस्थाएं

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस के समापन के बाद अस्थायी चरागाह का निरीक्षण भी किया। इसमें 110 अन्ना मवेशियों को रखा गया है। जिलाधिकारी ने चरागाह में चौकीदारों को रात के लिए रखे जाने, साथ ही जिला पशु चिकित्साधिकारी का मोबाइल नंबर अवश्य रखे जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चारे व पानी की कमी भी न होने देने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चरागाह में रखे जाने वाले मवेशियों के लिए 30 रुपये प्रति मवेशी चारा का भुगतान दिया जायेगा। आने वाले पशुओं की सूची अवश्य अंकित की जाये। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट शशांक चौधरी भी मौजूद रहे।

## बिना किसी निस्तारण के निपटा संपूर्ण समाधान दिवस

**बिल्हौर।** उप जिलाधिकारी हिमांशु गुप्ता की अध्यक्षता में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में 105 शिकायतें आयीं लेकिन किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।

ब्लॉक सभागार में संपन्न हुए संपूर्ण समाधान दिवस में तहसीलदार अवनीश कुमार एवं क्षेत्राधिकारी भगवान सिंह ने भी शिकायतें सुनीं। इस दौरान क्षेत्र के औरंगपुर सांभी गांव के ग्रामीणों ने एक अज्ञात व्यक्ति द्वारा अपने आप को ठेकेदार बता कर ग्राम सभा में मौजूद झील के पानी की निकासी किए जाने से जानवरों को पेयजल की समस्या उत्पन्न होने के कारण जल निकासी रुकवाए जाने की फरियाद की। वहीं गडरियन पूर्वा बैडी अलीपुर निवासी अन्नू पुत्री महावीर पाल ने गांव के ही दयाशंकर, रामबहादुर द्वारा खेत पर जाते समय गालीगलौज करने व मारपीट करने का आरोप लगाकर आरोपियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की फरियाद की। रहीमपुर करीमपुर निवासी बेबी पत्नी रामचंद्र ने 6 माह से अधिक समय से लैट्रिन टैंक के गड्ढे खुदे पड़े होने बावजूद शौचालय निर्माण हेतु अनुदान राशि न मिलने की शिकायत कर अनुदान राशि दिलाए जाने की फरियाद की। दलेलपुर साधन सहकारी समिति अध्यक्ष लता मंगेश ने गांव के भाजपा नेता श्यामसुंदर दास द्वारा समिति की भूमि पर कब्जा करने का आरोप लगाकर समिति की भूमि को कब्जा मुक्त कराए जाने की अपील की। इस तरह संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान राजस्व 56, पुलिस 20, विकास 15 एवं अन्य 14 सहित कुल 105 शिकायतों में किसी भी शिकायत का मौके पर निस्तारण नहीं हो सका।


## कार्यालय जिला पंचायत, फतेहपुर

पत्रांक-1519/जि.पं./ई-टेण्डर/2018-19 दिनांक-02.02.2019

**ई-निविदा सूचना**

राज्य वित्त आयोग योजनान्तर्गत निर्माण कार्यो को सम्पादित कराने हेतु मा. अध्यक्ष, जिला पंचायत, फतेहपुर से प्राप्त स्वीकृति के क्रम में जिला पंचायत, फतेहपुर में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रतिशत दर के आधार पर ऑनलाइन निविदायें दिनांक 23.02.2019 तक आमंत्रित की जाती है। निविदादाता किसी एक अथवा समस्त कार्यो हेतु निविदा में भा ग ले सकता है। कार्यो का सम्पूर्ण विवरण मय शर्तो व बिल आफ क्वांटिटी सहित वेबसाइट http://etender.up.nic.in दिनांक 18.02.2019 समय 12.00 बजे मध्यान्ह से 23.02.2019 तक मध्यान्ह 12.00 बजे तक डाउन लोड/ अपलोड किया जा सकता है, जो दिनांक 25.02.2019 पूर्वान्ह 11.00 बजे खोली जायेंगी। इसके अतिरिक्त वेबसाइट http://fatehpur.nic.in व www.ftzp.uppr.gov.in पर भी निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण एवं विस्तृत शर्ते जानकारी हेतु उपलब्ध रहेंगी। निविदा से सम्बन्धित समस्त शर्तो आदि की जानकारी कार्यालय दिवस में कार्यालय से भी की जा सकती है।

**अभियन्ता/अपर मुख्य विकास अधिकारी** जिला पंचायत, फतेहपुर
**अध्यक्ष** जिला पंचायत, फतेहपुर

कार्यार्लय जिला पंचायत फतेहपुर


## मुठभेड़ में लुटेरा घायल, एसएसआई को भी लगी गोली

**कानपुर (एसएनबी)।** कल्याणपुर पुलिस की शातिर लुटेरे अमिता सविता से मुठभेड़ हो गयी। जवाबी फायरिंग में लुटेरे के पैर में गोली जा लगी और वह घायल हो गया, जबकि उसका साथी पुलिस को चकमा देकर भाग निकला। जवाबी फायरिंग में गोली लगने से नवाबगंज थाने में तैनात एसएसआई पुष्पराज सिंह भी घायल हो गये। पुलिस ने घायल लुटेरे को उपचार के लिए हैलट में भर्ती कराया है।

कल्याणपुर व नवाबगंज पुलिस मंगलवार रात गुरुदेव चौराहे पर खड़ी थी, तभी सर्विलांस टीम ने सूचना दी कि सीटीएस बस्ती निवासी मोहन चोटी तथा बरेली बैंक लूट व ग्वालटोली लूट में वांछित लुटेरा अमित सविता दलहन अनुसंधान की ओर बाइक से जाने की लोकेशन मिली है। जानकारी मिलते ही पुलिस ने चेकिंग अभियान शुरू किया, तभी पुलिस को बाइक सवार दो संदिग्ध आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकना चाहा तो वह भागे। पुलिस ने उनका पीछा किया। दलहन अनुसंधान क्रॉसिंग के पास बाइक सवार लुटेरों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। लुटेरों की एक गोली नवाबगंज थाने के एसएसआई पुष्पराज सिंह के दाहिने हाथ में जा लगी, जिससे वह घायल हो गये और लुटेरे भागने निकले। लुटेरों को भागता देख कल्याणपुर पुलिस ने उनका पीछा किया। दलहन अनुसंधान नहरिया के पास लुटेरों की बाइक फिसल गयी, जिससे दोनों लुटेरे बाइक समेत गिर पड़े। पुलिस से खुद को घिरा देख लुटेरों ने फिर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस ने भी फायरिंग की। एक गोली अमित के दाहिने पैर में जा लगी और वह गिर पड़ा। साथी को घायल देख मोहन चोटी भाग निकला लेकिन पुलिस ने घायल अमित को दबोच लिया। पुलिस के मुताबिक अमित बरेली में बीस लाख की बैंक लूट व ग्वालटोली में साढ़े चार लाख की लूट में वांछित है।

## कार की टक्कर से गिरी बाइक वकील व लेखपाल में मारपीट

**कानपुर।** बर्रा थाना क्षेत्र अन्तर्गत दामोदर नगर निवासी लेखपाल लक्ष्मी नारायण पाण्डेय वर्तमान में कानपुर तहसील में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि मंगलवार रात वह तहसील से घर आ रहे थे। सिंह ढाबे के पास स्थित एक पेट्रोल पम्प पर तेल कार में डलवाने के बाद वह घर जा रहे थे, तभी बाइक सवार कुछ अधिवक्ता बाइक खड़ी कर बातचीत कर रहे थे।

कार निकालने के दौरान टक्कर लगने से एक बाइक गिर गयी। इससे नाराज अधिवक्ताओं ने उन्हें पीटना शुरू कर दिया। इस दौरान एक अधिवक्ता ने ईंट उठा कर उनके सिर पर दे मारी, जिससे वह लहूलुहान हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख वह लोग भागने लगे लेकिन इसी दौरान उन्होंने खाड़ेपुर निवासी अधिवक्ता सूरज सिंह चौहान को पकड़ लिया। वहीं, अधिवक्ता सूरज का कहना था कि वह तेल डलवाकर घर आ रहे थे, तभी कार सवार लक्ष्मी नारायण ने बाइक में टक्कर मार दी, जिससे वह गिर पड़े। इसके बाद लक्ष्मी नारायण व उनके साथियों ने लोहे की रॉडों से उन पर हमला कर लहूलुहान कर दिया।

## रसोइयों ने मानदेय बढ़ाने को लेकर किया प्रदर्शन

**सरसौल।** नर्वल तहसील के विकास खंड सरसौल के अंतर्गत आने वाले समस्त परिषदीय विद्यालयों के रसोइयों ने मानदेय बढ़ाने के सम्बंध में जिलाधिकारी को संदर्भित मांग पत्र दिया तथा मानदेय बढ़ाने की मांग की। नर्वल तहसील के विकास खंड सरसौल के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में नियुक्त रसोइयों ने खंड विकास अधिकारी तथा खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा डीएम को प्रेषित मांग पत्र दिया। इसमें बताया कि वह सब ब्लॉक सरसौल के परिषदीय विद्यालयों में रसोइयों का कार्य कर रही है। रसोइयां विद्यालयों में 11 माह से कार्य कर रही है। परन्तु 10 माह की ही सब को मानदेय मिलता है। रसोइयां विद्यालय में समय से जाते है व पांच घंटा कार्य करते हैं। अपनी मांग करते हुए लिखा कि प्रतिदिन कम से कम दो सौ रुपये होना चाहिये। प्रेमा देवी, माया देवी, साधना, प्रभा, गुड्डी, मुन्नी देवी, सुमन, बिंनो देवी, फूलकुमारी, पार्वती, नीरज, राधा, सरला, अरुणा, सावित्री, रेखा देवी, बबली सहित अन्य रसोइयों ने हस्ताक्षर कर मांग की।


## कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी, ललितपुर

प. -69/उन्तीस-मोबा.वैन/लो.स.नि.-2019/निविदा दि. -05.02.2019

**-: अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है। जनपद में स्थापित 226-ललितपुर एवं 227-महरौनी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के समस्त मतदान स्थल स्तर पर वीवीपैट का समुचित प्रशिक्षण, प्रदर्शन एवं जागरूकता कार्यक्रम हेतु 5X7 वर्ग फिट डिस्प्ले एल.ई.डी. युक्त-मोबाइल वैन किराया पद्धति पर प्रयोग किये जाने हेतु निम्न विवरण के अनुसार निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | जमानत राशि | निविद प्रपत्र क्रय करने की तिथि | निविदा आमंत्रित करने एवं खोलने की तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1- | 5X7 वर्ग फिट डिस्प्ले एल.ई.डी. युक्त मोबाइल वैन | 10,000/- | विज्ञप्ति प्रकाशन की तिथि से दिनांक 09.02.2019 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक कार्यालय, दिवस में प्राप्त की जा सकती है। | दिनांक 09.02.2019 को सायं 01.00 बजे तक निविदा प्राप्त की जायेंगी तथा उसी दिन नामित कमेटी के समक्ष अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी। | रु. 200/- +जीएसटी सहित |

**नोट :-** निविदा के सम्बन्ध में नियम/ शर्ते अलग से लागू होंगी।

**(मानवेन्द्र सिंह)**
जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी
ललितपुर



## कार्यालय जिला पंचायत, हमीरपुर

पत्रांक-902/आर.डी./जि.पं.ह./2018-19 दिनांक-05.02.2019

**खनिज परिवहन शुल्क वसूली की ई-निविदा सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि अपरिहार्य कारणों से दिनांक : 06.02.2019 को आमंत्रित ई-निविदा निरस्त करते हुये जिला पंचायत हमीरपुर द्वारा जनपद हमीरपुर के क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 (01 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2020 तक की अवधि के लिये) बेतवा, यमुना आदि नदियों में उनके तट से बालू, मोरम, गिट्टी, रेत या अन्य खनिज बजरी, आदि का लदान करने वाले वाहनों से तहबाजारी शुल्क का ठेका/ लाइसेंस हेतु सार्वजनिक नीलामी के लिये ई-निविदा दिनांक 14.02.2019 को समय 11.00 बजे तक ई- टेण्डरि ग के माध्यम से हमीरपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में खनिज विभाग हमीरपुर द्वारा खनिज की उपलब्धता/ लीज के अनुसार संचालित खनिज निक ासी के उद्गम स्थलों हेतु पुनः आमंत्रित की जाती है। जिसके लिये टेण्डर फार्म ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर दिनांक 06.02.2019 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 14.02.2019 का पूर्वान्ह 11.00 बजे तक उपलब्ध रहेगा। निविदादाता को अपने समस्त प्रमाण पत्रों की स्कैन कापी निविदा के साथ ई-टेण्डरिंग पोर्टल http://etender.up.nic.in पर अपलोड कराना होगा तथा मूल प्रमाण पत्र एवं वांछित अभिलेख शर्तो के अनुसार दिनांक 14.02.2019 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक (टेण्डर फार्म का मूल्य) मु. 12500/- (जी.एस.टी.सहित) रु. का बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक/ आर.टी.जी.एस. के माध्यम से जो अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हमीरपुर के नाम से देय होगा, के साथ अथवा जिला पंचायत की जिलानिधि खाता सं. 33540100003045 बैंक आफ बड़ौदा, हमीरपुर IFSC CODE-BARBOHAMIRP में नगद जमा करते हुये फार्म/ ठेकेदार को स्वयं उपस्थित होकर टेण्डर बाक्स में या रजिस्टर्ड डाक द्वारा अनिवार्य रूप से कार्यालय जिला पंचायत हमीरपुर में जमा करना होगा, अन्यथा की स्थिति में निविदादाता की ई-निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। तकनीकी निविदा दिनांक 14.02.2019 को अपरान्ह 02.00 बजे से गठित समिति एवं उपस्थित ठेकेदार के समक्ष खोली जायेगी। अभिलेखों की जांचोपरान्त तकनीकी बिड में क्वालीफाईड फर्मो / ठेकेदारों के वित्तीय बिड दिनांक 14.02.2019 को अपरान्ह 02.30 बजे खोली जायेगी।

उपरोक्त नीलामी ई-टेण्डरिंग में भाग लेने वाले टेण्डरदाता/ फर्म/ ठेकेदार/ व्यक्ति द्वारा http://etender.up.nic.in से टेण्डर फार्म का मूल्य एवं जमानत राशि से जिला पंचायत के जिलानिधि खाता सं. 33540100003045 बैंक आफ बड़ौदा, हमीरपुर IFSC CODE-BAR-BOHAMIRP मे जमा किया जा सकेगा। परन्तु ऐसी दशा में टेण्डरदाता द्वाराजमा की गयी धनराशि जिला पंचायत की जिलानिधि में दिनांक 14.02.2019 को पूर्वान्ह 11.00 बजे तक प्रविष्ट होने पर ही उसके द्वारा डाले गये टेण्डर पर विचार किया जायेगा एवं टेण्डरदाता/ फर्म/ ठेकेदार/ व्यक्ति की काली सूची में नहीं होनी चाहिए।

प्राप्त बोली की धनराशि में से मु.-1 करोड़ तत्काल जमा करना होगा। शेष बची धनराशि को दो समान किस्तों में जमा की जायेगी। प्रथम किस्त 30 जून, 2019 एवं द्वितीय किस्त 30 सितम्बर, 2019 तक जमा करने की बाध्यता होगी। उपविधि की सभी शर्ते लागूहोगी। धनराशि बैंक ड्राफ्ट/ बैंकर्स चेक/ आर.टी.जी.एस. के माध्यम से जमा करना होगा। उपरोक्तानुसार धनराशि जमा न करने पर जमा धनराशि जब्त हो जायेगी एवं पुनः ठेका नीलामी में यदि जिला पंचायत को कोई क्षति होती है तो उसकी वसूली (ठेका छोड़ने वाले व्यक्ति) ठेकेदार से की जायेगी। टेण्डरदाता को ई टेण्डर प्रक्रिया में भाग लेने हेतु जमानत मु. 20 लाख रुपये का बैंक ड्राफ्ट अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत हमीरपुर के नाम जमा करना अनिवार्य होगा।

उपरोक्त टेण्डर के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी जिला पंचायत कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

अपर मुख्य अधिकारी
जिला पंचायत, हमीरपुर


# समय से आ गयी फायर ब्रिगेड नहीं तो...

**बिल्हौर।** नगर की छोटी बाजार में देर रात लगी आग से चार दुकानें जल कर राख हो गयी। फायर ब्रिगेड के अथक प्रयास से एक दुकानदार की जान और बाकी बाजार को बचा लिया गया।

नगर के बीचोंबीच स्थित राधाकृष्ण छोटी बाजार में कुंदनलाल विश्वनाथ कपड़े वालों के शोरूम के ठीक सामने टिन की गुमटियों में कई दुकानदार व्यापार करते हैं। उनके पीछे पण्डित जी की चाय की दुकान है। देर रात जब लोगों ने आग जलते देखी तो दौड़े और बुझाने का प्रयास किया। मौके पर फायर ब्रिगेड की गाड़ी चौकी से आयी और आग पर काबू पाया। तब तक शबीब की कपड़े की दुकान, अब्दुल गफ्फार की कपड़े की दुकान व कय्यूम भाई की बर्तन की दुकान जलकर राख हो गई। तभी फायर ब्रिगेड वालों को बचाओ-बचाओ की आवाज सुनाई दी और उन्होंने पण्डित जी को होटल से बाहर निकाला। लगभग तीनों दुकानदारों का बीस लाख रुपये का सामान राख हो गया है। पण्डित जी की दुकान में लगभग बीस हजार रुपये का सामान जलकर राख हो गया। आग पर समय से काबू पा लिया गया नहीं तो पूरी बाजार जलकर राख हो जाती।



आग से जली दुकानें।

**चाय की दुकान से लगी आग**

## गुमटियां जल गयीं, सपने न टूट जायें...

**बिल्हौर।** टिन की गुमटियों में रखा सब कुछ जल कर राख हो गया है लेकिन कहीं इसी के साथ शबा, यासमीन व राहत के सपने न बिखर जायें, यह सोच कर दिल में आग लग जाती है गफ्फार, शबीब और कय्यूम के। अगले छह माह में अपनी बेटियों के हाथ पीले करने हैं। जब दाल रोटी का सहारा छिन गया हो तो भला बेटियों को विदा कैसे करेंगे।

शबीब भाई कपड़े की दुकान टिन की गुमटी में चलाते थे। बेटा कलीम साथ में हांथ बंटाता है। बड़ा परिवार, एक बेटा शादीशुदा। घर में 14 जून को बेटे शमीम की बारात जानी है और जुलाई में बेटी यासमीन की बारात आनी है। अब जब सब कुछ खाक है, तब कैसे यास्मीन को विदा करेंगे। यह सोंचकर शबीब भाई परेशान है। एक साल पहले ही उनके आजाद नगर के घर में चोरी हो गई थी। शबा की मार्च में शादी है। दो बेटे, पांच बेटियों के बड़े परिवार को अपनी मेहनत से पाल पोस रहे थे कय्यूम भाई। ऐसे में बेटी शबा के लिये अच्छा सा लड़का देखकर उसका विवाह भी तय कर दिया था। मार्च में बारात आयेगी। अब कहां से पैसे जुटायेंगे कय्यूम भाई, जब दुकान के बर्तन राख हो गये है। उधर राहत का निकाह भी लगभग तय है और पिता अब्दुल गफ्फार छह माह के भीतर इसके हाथ पीले कर देना चाहते थे। चार भाई तीन बहनों में दूसरे नम्बर की राहत मेहंदी लगे हाथों के साथ बाबुल के घर से विदा होने के सपने देख रही है। दुकान एकमात्र सहारा थी दाल रोटी का, अब वो ही छिन गयी तो बेटी को विदा करना मुश्किल हो गया। टिन की दुकान राख हो गयी है, उसमें रखा सामान जल गया है लेकिन हौसले खाक न हों, इसलिए छोटी बाजार का हर दुकानदार मंगलवार को उनके साथ खड़ा था। सब एक ही बात कह रहे थे, हम हैं न, परेशान न हो। बेटियों का निकाह भी होगा, व्यापार भी फिर चलेगा।

**तीनों घरों में होनी है बेटियों की शादी**

राष्ट्रीय सहारा
कानपुर, बुधवार • 6 फरवरी • 2019
www.rashtriyasahara.com



अनमोल वचन

*ईर्ष्या या घृणा के विचार मन में प्रवेश होते ही खुशी गायब हो जाती है, प्रेम व शुभ-भावनायुक्त विचारों से उदासी दूर हो जाती है* -अज्ञात

## सही फैसला

कोलकाता में पुलिस कमिश्नर से पूछताछ करने गई सीबीआई टीम को हिरासत में लेने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया है कि कोलकाता के पुलिस कमिश्नर राजीव कुमार को सीबीआई के समक्ष पेश होकर जांच का सामना करना होगा। इसके अलावा, यह भी कहा है कि उन्हें शारदा चिट फंड घोटाला मामले की जांच में सहयोग भी करना होगा। शीर्ष अदालत ने यह भी निर्देश दिया है कि पुलिस कमिश्नर को गिरफ्तार नहीं किया जा सकता। सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और केंद्र की भाजपा सरकार, दोनों अपनी-अपनी नैतिक जीत के रूप में देख रहे हैं, लेकिन वास्तव में ऐसा नहीं है। कोर्ट ने जिस तरह कोलकाता और दिल्ली के बजाय



शिलांग को निष्पक्ष जांच के लिए उपयुक्त स्थान माना है, उसका आशय स्पष्ट है कि शीर्ष अदालत ने पश्चिम बंगाल की ममता सरकार और केंद्र की मोदी सरकार, दोनों पर भरोसा व्यक्त नहीं किया है। इस दृष्टि से सुप्रीम कोर्ट के फैसले की व्याख्या की जाए तो वास्तव में यह दोनों सरकारों की नैतिक हार है, न कि नैतिक जीत। दरअसल, कोलकाता के समूचे घटनाक्रम का निष्पक्ष अवलोकन किया जाए तो निस्संदेह कहा जा सकता है कि यह राज्य और केंद्र, दोनों ओर का अतिवाद है। ऐसे में अहम सवाल यह है कि कोलकाता के पुलिस कमिश्नर से पूछताछ करने के लिए सीबीआई को इस तरह जाने की जरूरत क्या थी? अगर पुलिस कमिश्नर घोटाले से संबंधित सबूतों को नष्ट कर रहे थे, जांच में सहयोग नहीं दे रहे थे, तो सीबीआई को उनके खिलाफ अदालत में अर्जी लगानी चाहिए थी। दूसरी ओर, ममता बनर्जी को भी इसे इतना बड़ा मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं थी। ममता बनर्जी ने केंद्रीय जांच एजेंसी की सत्ता को चुनौती देकर गलत कार्य किया है। अगर ममता का कारनामा दूसरे राज्यों के लिए नजीर बन जाता है, तो सीबीआई किसी भी राज्य के भ्रष्ट मंत्रियों, भ्रष्ट अधिकारियों और अपराधियों पर हाथ नहीं डाल सकती। पिछले दिनों सीबीआई के अंदर जिस तरह उठापटक का खेल हुआ उसका संकेत यही था कि भाजपा के शासन में इस केंद्रीय जांच एजेंसी की प्रतिष्ठा को धक्का लगा है। वास्तव में भाजपा ने अगर सीबीआई को कमजोर किया है, तो ममता ने लोकतंत्र को कमजोर किया है। सच तो यह है कि राजनीतिक फायदे के लिए संवैधानिक स्थितियों और विधिक व्यवस्थाओं का मखौल दोनों ओर से ही उड़ाया गया है।

## माल्या का प्रत्यर्पण

विजय माल्या के प्रत्यर्पण दस्तावेज पर ब्रिटेन के गृह मंत्री साजिद जावीद के हस्ताक्षर भारत की कूटनीतिक जीत है। लंदन के निचले न्यायालय में लंबी लड़ाई के बाद भारत को पिछले 10 दिसम्बर को कामयाबी मिली। न्यायालय ने अंततः माल्या की सारी दलीलें खारिज कर दीं। माल्या के पक्ष से वहां के बड़े-बड़े वकील जिरह कर रहे थे। जब सारी दलीलें विफल हो गईं तो मानवाधिकार का मुद्दा उठा दिया गया। उसमें बताया गया कि भारत की जेलों की अमानवीय स्थिति है। इसमें भी भारत की जीत हुई। न्यायालय के आदेश के बाद से भारतीय विदेश मंत्रालय ब्रिटिश सरकार से संपर्क में था। उसकी परिणति सामने है। हालांकि हस्ताक्षर के साथ ही माल्या भारत आ जाएगा ऐसा नहीं है। ब्रिटिश कानून के अनुसार माल्या के पास उच्च न्यायालय में अपील करने के लिए 14 दिनों का अवसर है। तो भारत को उच्च न्यायालय में



कानूनी संघर्ष करना पड़ेगा। किंतु उच्च न्यायालय माल्या के पक्ष में कोई फैसला देगा ऐसा मानने का अभी कोई कारण नहीं है। निचले न्यायालय में मामला जितना उलझाया जा सकता है, उतना उच्च न्यायालय में नहीं। मोदी सरकार ने भगोड़ा अपराधी कानून बनाकर कानूनी एजेंसियों को काफी मजबूती दी है। इसके तहत भगोड़ा घोषित होने के बाद उसकी विदेशों की संपत्तियां भी जब्त की जा सकती हैं। भारत ने इस कानून के तहत माल्या को पहला भगोड़ा घोषित किया। उसकी विदेशी संपत्ति जब्त करने की भी कोशिश हो रही है। स्विट्जरलैंड सरकार ने माल्या के बैंक खातों की जानकारी देने पर भी सहमति दे दी है। तो उसकी पूरी संपत्ति को हाथ में लेने की कानूनी लड़ाई भी चल रही है। देर-सबेर माल्या का भारत आना तथा उसकी संपत्तियां जब्त करना निश्चित हो गया है। माल्या पर बैंकों का भारी बकाया है, जो ब्याज समेत करीब नौ हजार करोड़ रुपया होता है। भारत का लक्ष्य पहले केवल बकाया वसूलना था, लेकिन धीरे-धीरे मामला अवैध धन कमाने और हवाला के जरिए उसे विदेश भेजने तक विस्तारित हो गया है। माल्या के साथ सरकार का व्यवहार और उसमें मिल रही सफलता ऐसे सारे भगोड़ों के लिए संदेश है। भारत करीब पांच दर्जन ऐसे भगोड़ों को वापस लाने की कोशिश कर रहा है, जिनमें नीरव मोदी, मेहुल चौकसी, ललित मोदी आदि शामिल हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि ये सब भारत लाए जा सकेंगे और इनके खिलाफ समुचित कानूनी कार्रवाई होगी।

चौं रे चम्पू/अशोक चक्रधर

## सूरज ने ताली बजाई

चौं रे चम्पू! चेहरा पै बड़ी चमक ऐ, का चक्कर ऐ?

-दो दिन पहले बच्चों के चेहरों की चमक देखते तो दंग रह जाते। दसवीं कक्षा में हिंदी भाषा में नव्वै प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले, दिल्ली के डेढ़ सौ विद्यालयों के, एक हजार सात सौ पच्चीस छात्र और तीन सौ अध्यापक सम्मानित हुए। इनमें सौ में सौ अंक लाने वाले बत्तीस छात्र भी शामिल थे। आईजीएनसीए का विराट खुला प्रांगण था। मंच पर शामियाना तना था। सामने धूप में बैठे अध्यापक, अभिभावक और बच्चे दमक रहे थे। कार्यक्रम आयोजित किया था हिंदुस्तानी भाषा अकादमी ने। अकादमी के निदेशक सुधाकर पाठक ने बताया कि पिछले साल ऐसे छात्रों की संख्या चौथाई भी नहीं थी। मंच पर दस वरिष्ठ वक्ता थे। सबने ताली बजाई। मेरा दिल तो बल्लियों उछल गया चचा! बच्चों को संबोधित करने में बड़ा आनंद आया।

-तैनें का भासन दियौ?

-दो दिन से हिंदी के निराशावादियों के आगे इस कार्यक्रम की रट लगाए हुए हूं। सुधर जाओ, जाग जाओ! हिंदी के नाम पर रोना छोड़ दो। देखो, फिर से हिंदी का सवेरा हो रहा है। बहरहाल, आप बच्चा बनकर मेरा उदबोधन सुनिए! प्यारी बालिकाओ, प्यारे बालको और उनके पालको! सारे अध्यापको, अभिभावको! मैं प्रणाम करता हूं आपके उस भाव को, जिसके रहते आपने अपने घर में, विद्यालय में, हिंदी को प्रोत्साहित किया और बच्चों को प्रेरणा दी कि वे हिंदी विषय में भी भरपूर रुचि लें। बच्चों के चेहरे इस समय इस किसी धूप से नहीं, हिंदी से दमक रहे हैं। इस समय सूरज भी तालियां बजा रहा है। मैं हैरान हूं कि हिंदी में सौ में सौ! यह कैसे संभव है? गणित में हो सकता है, विज्ञान में हो सकता है, लेकिन अगर किसी बालक या बालिका ने उत्तर सही दिए होंगे, व्याकरण की कोई अशुद्धि न की होगी, शब्दों में, वाक्य विन्यास में, पद-संरचना में, अभिव्यक्ति के कौशल में और काव्यात्मक भाषा के प्रयोग में, आलंकारिक बनाने में कोई कोरकसर न रखी होगी तो कोई नम्बर काटेगा कैसे? मुझ जैसा कवि तो सौ में दो सौ नम्बर दे दे।

-मेई तरफ ते पानसौ!

# कांग्रेस की रैली-शैली

सामयिक
प्रेमकुमार मणि



पटना के गांधी मैदान में आयोजित 3 फरवरी की कांग्रेस रैली पटना की रैलियों के इतिहास में भले ही महत्त्वपूर्ण न हो, मौजूदा कांग्रेस के लिए थी क्योंकि कोई अट्ठाइस वर्षों बाद बिहार कांग्रेस की हिम्मत हुई थी कि वह रैली कर सके। लोग इसकी सफलता को लेकर आशंकित थे। लेकिन कुल मिला कर रैली सफल रही, यह सबने स्वीकारा। राजद और भाजपा के सिवा किसी और में ऐसी रैली करवाने की कुव्वत नहीं है, नीतीश कुमार की सत्तासीन पार्टी में भी नहीं। दो दशकों से हताशा से गुजर रही पार्टी अब इससे मुक्त हो गई है, ऐसा कहा जा रहा है।

बहुत दिनों बाद पटना की सड़कों पर कांग्रेसी झंडे और बैनर दिखे। गांव-कस्बों से आए गरीबों के छिटपुट हुजूम भी नजर आए। महिलाएं भी थीं, और किसान-मजदूर भी। पुराने तर्ज के खद्दरधारी कांग्रेसी कम थे, लेकिन युवाओं की भागीदारी खासी थी रैली के होर्डिंग और पोस्टरों में राहुल तो थे ही, लेकिन उससे कहीं अधिक जोर प्रियंका पर था। युवा भागीदारों के हाथों में प्रियंका के पोस्टर अधिक थे। सबसे बड़ी बात थी कि वे उत्साह से भरे थे। मानो अपनी मंजिल के बेहद करीब पहुंच गए हों। यह उत्साह कांग्रेस में कहां से आया? सबको यह बात परेशान कर रही थी। पिछले दिसम्बर में राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ में वह अरसा बाद सत्ता में वापस हुई। सबसे बड़ी बात कि इन प्रांतों में जोड़-तोड़ की सरकारें नहीं बनीं। इस उत्साह के बीच ही प्रियंका का कांग्रेस महासचिव के रूप में मनोनयन हुआ। इन सबने मिल-मिलाकर उसे उत्साह से भर दिया। इस उत्साह का पहला सार्वजनिक प्रदर्शन पटना में हो रहा था। मंच पर राहुल के एक बाजू में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ थे, तो दूसरे बाजू राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बघेल से लेकर लगभग सभी दिग्गज मंचासीन थे। झालर की तरह महागठबंधन की सहयोगी पार्टियों के नेता भी थे। बिहार में पिछले दो दशकों से अप्रासंगिक और पिछलग्गू नजर आ रही इस पार्टी का इस तेवर में दिखना, निश्चय ही एक उपलब्धि थी। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि कांग्रेस की विसंगतियां उभर कर सामने नहीं आईं। कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व ने इस पर वाजिब ध्यान नहीं दिया तो यह रैली आतिशबाजी सिद्ध होगी। कांग्रेस के पूरे देश में पिछड़ने के कारण दो स्तरों पर थे। कुछ कारण राष्ट्रीय थे, तो कुछ प्रांतीय। दोनों ने मिल कर कांग्रेस का बंटाधार किया था। राष्ट्रीय स्तर के कारण तो देश भर में सामान थे लेकिन प्रांतीय कारण अलग-अलग थे। आरंभ से ही कांग्रेस ने स्थानीय सोच और नेतृत्व को राष्ट्रीय सोच और नेतृत्व के साथ नत्थी करने की कोशिश की थी। इसीलिए बिहार में आदिवासियों, किसान जाति समूहों और पिछड़े



मुसलमानों को कांग्रेस ने अपने साथ जोड़ने की पुरजोर कोशिश की थी। 1967 में पराजय के एक झटके के बाद इंदिरा गांधी के नेतृत्व में जब एक नई कांग्रेस उठ खड़ी हुई, तब भी उसने अपनी इस परंपरा का पालन किया। 1971 और 1972 के चुनावों में कांग्रेस की वापसी के पीछे यही सामाजिक समीकरण थे। बिहार में दबंग कही जाने वाली जातियों का समर्थन कांग्रेस ने खो दिया था। लेकिन मुस्लमान और दलित पूरी तरह और अगड़े-पिछड़े तबकों का एक-एक हिस्सा कांग्रेस के साथ था। इसके बल पर कांग्रेस बनी रही

1980 में कांग्रेस की वापसी तो हुई लेकिन यह अगड़ी जातियों की राजनीतिक अभिव्यक्ति का मंच बन कर रह गई। 1980 से 1990 के आरंभ तक बिहार में कांग्रेस की सरकारें रहीं। इस बीच पांच मुख्यमंत्री बदले गए। सभी अगड़ी जातियों के। इसी कांग्रेस से एक समय वीरचंद पटेल मुख्यमंत्री पद की दौड़ में रह चुके थे। दरोगाप्रसाद राय पिछड़े तबके से आने वाले कांग्रेसी मुख्यमंत्री थे। कांग्रेस के अब्दुल गफूर मुख्यमंत्री बने। लेकिन 1980 के बाद किसी पिछड़े-दलित-मुसलमान को मुख्यमंत्री होना नसीब नहीं हुआ। दूसरे स्तर से भी इन तबके के नेताओं की विदाई हो गई। कांग्रेस में आज कोई रामलखन यादव, कोई लहटन चौधरी, मुंगेरी लाल या अब्दुल कयूम अंसारी नहीं है। यह सब एक दिन में नहीं हुआ।

रामजन्मभूमि आंदोलन और भागलपुर दंगे के बाद मुसलमानों का कांग्रेस से मोहभंग शुरू हुआ। 1992 में बाबरी मस्जिद विध्वंस के बाद मुसलमानों का कांग्रेस से पूरी तरह विश्वास उठ गया। नतीजतन मुसलमान लोकदली पार्टियों के साथ जुट गए। अब कांग्रेस औंधे मुंह गिरी, जो बिहार में अब तक नहीं उठ सकी है। कांग्रेस के विपरीत भाजपा तक ने विभिन्न तबकों को अपने साथ जोड़ने का अभियान चलाया। वह सफल भी हुई। हिंदी क्षेत्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने हिंदुओं के अगड़े और पिछड़े समूहों को साथ जोड़ने में कामयाबी हासिल कर ली। इसके बल पर मुसलमानों की उपेक्षा करते हुए भी उसने कांग्रेस को धारा सभाओं में अपने सबसे निचले स्तर पर पहुंचा दिया। इससे बाहर आना कांग्रेस की प्राथमिकता है। इसके लिए उसे कांग्रेस के पुराने समीकरण और उपकरण अपनाने होंगे। बिहार में कांग्रेस आज भी ऊंची जातियों का जमावड़ा है। बावजूद इसके इस तबके के वोट हासिल करने में वह विफल है। बहुत समय तक वह गठबंधन राजनीति से अलग रही। जब इस राजनीति के साथ हुई तब बिहार में उसने राजद से समझौता किया लेकिन जब तक वह अपना सामाजिक चरित्र नहीं बदलती तब तक उसके उद्धार की कोई सूरत नहीं है क्योंकि इस उच्चजातीय सामाजिक चरित्र के कारण राजद और अन्य पार्टियों को उसके साथ समझौते में कठिनाई हो सकती है। ठीक है कि राजद और कांग्रेस भाजपा की सांप्रदायिक राजनीति के खिलाफ हैं यानी वैचारिक तौर पर उनके बीच निकटता है। लेकिन यह निकटता सामाजिक आधारों के बीच नहीं हुई तो एक दूसरे का वोट स्थानांतरित कराना मुश्किल होगा। ऐसे में गठबंधन बहुत दिनों तक नहीं चल पाएगा।

कांग्रेस को अपने पैरों पर खड़ा होना है तो वह गठबंधन से मुक्त हो। तब तो यह और भी आवश्यक होगा कि उसके दल में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो। लेकिन ऐसा दिख नहीं रहा है। भाजपा की बढ़ती ताकत के दबाव में मुसलमानों का विश्वास तो उसके प्रति लौटा है लेकिन पिछड़े, दलित समूहों के लिए वह आज भी कोई आकर्षण सृजित नहीं कर पाई है। रैली में कांग्रेस का कोई दबंग पिछड़ा नेता मंच पर नहीं था। सदानंद सिंह कांग्रेस में नीतीश के दूत समझे जाते हैं, और उनका कोई सामाजिक आधार नहीं है। इन विसंगतियों पर कांग्रेस ने ध्यान दिया तो यह रैली बिहार में उसकी नई राजनीति के लिए नया प्रस्थान बिंदु बन सकती है अन्यथा तीन प्रांतों में जीत का जलसा बन कर रह जाएगा।

**कांग्रेस को पैरों पर खड़ा होना है तो वह गठबंधन से मुक्त हो। तब तो यह और भी आवश्यक होगा कि उसके दल में सबकी भागीदारी सुनिश्चित हो। लेकिन ऐसा दिख नहीं रहा है। भाजपा की बढ़ती ताकत के दबाव में मुसलमानों का विश्वास तो उसके प्रति लौटा है लेकिन पिछड़े, दलित समूहों के लिए वह आज भी कोई आकर्षण सृजित नहीं कर पाई है। रैली में कांग्रेस का कोई दबंग पिछड़ा नेता मंच पर नहीं था**



## तलाक की दर

| देश | प्रतिशत | देश | प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| लक्समबर्ग | 87 | भारत | 1 |
| स्पेन | 65 | चिली | 3 |
| फ्रांस | 55 | कोलंबिया | 9 |
| रूस | 51 | मेक्सिको | 15 |
| यूएस | 46 | केन्या | 15 |
| जर्मनी | 44 | द.अफ्रीका | 17 |
| यूके | 42 | मिस्र | 17 |
| न्यूजीलैंड | 42 | ब्राजील | 21 |
| आस्ट्रेलिया | 38 | तुर्की | 22 |
| कनाडा | 38 | ईरान | 22 |

आंकड़े प्रतिशत में

ट्विट



क्या आप केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई), प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), कोर्ट कचहरी से परेशान हैं? तो आइए भाजपा में शामिल हो जाइए...

**डॉ.आनंद राय, टिप्पणीकार**
@anandrai177

# चयन में अड़चन



लोकपाल | शशिधर खान

बहुप्रचारित लोकपाल गठन के लिए सुप्रीम कोर्ट से सरकार को लगातार मिल रही फटकारों की बात करें तो फरवरी महीने के अंत तक लोकपाल खोज समिति को नाम सुझा देना है। उसके बाद लोकपाल पद के लिए खोजे गए नाम में से उपयुक्त व्यक्ति का चयन प्रधानमंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति करेगी।

देखने-सुनने में तो लगता है, मानो खोज समिति के बस नाम सुझाने भर की देर है, और उसी के लिए लोकपाल का चयन लटका हुआ है। सुप्रीम कोर्ट में पेश विवरण के अनुसार 27 सितम्बर, 2018 को लोकपाल खोज समिति का गठन हुआ। उसकी पहली बैठक चार महीने बाद 16 जनवरी, 2019 को हुई क्योंकि कोर्ट में जवाब देना था। चार जनवरी से पहले की सुनवाई में अटोर्नी जनरल ने सुप्रीम कोर्ट को इतना बता दिया था कि लोकपाल खोज कमिटी गठित कर दी जाएगी। 17 जनवरी को जब चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने खुद पूछा कि सितम्बर से अब तक लोकपाल खोज कमिटी की कितनी बैठकें हुईं। उसके जवाब में सरकार की ओर से अटोर्नी जनरल के. के. वेणुगोपाल ने 16 जनवरी की बैठक की जानकारी दी, जो पहली बैठक थी। उसमें भी मुख्य समस्या थी इंफ्रास्क्ट्रचर की कमी। उसके बाद लोकपाल खोज कमिटी की पहली बैठक 30 जनवरी को हुई। पता चला कि खोज कमिटी लोकपाल पद के लिए आवेदन मंगाएगी। लोकपाल खोज कमिटी की अध्यक्षता सुप्रीम कोर्ट की ही रिटायर जज रंजना देसाई को सौंपी गई है। कमिटी के अन्य सदस्य हैं-इलाहाबाद हाईकोर्ट के पूर्व जज सखाराम सिंह यादव, पूर्व सोलिसिटर जनरल रंजीत कुमार, भारतीय स्टेट बैंक की पूर्व चेयरमैन अरुंधती भट्टाचार्य, रिटायर आईएएस ललित के. पंवार, गुजरात के पूर्व पुलिस प्रमुख शब्बीर हुसैन एस. खंडवावाला, प्रसार भारती के अयक्ष ए. सूर्य प्रकाश और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन के पूर्व प्रमुख ए. एस. किरण कुमार।

लोकपाल आंदोलन को अनशन करके लोकपाल एक्ट बनाने तक का मुकाम पार कराने वाले चर्चित सामाजिक कार्यकर्ता अण्णा हजारे के 30 जनवरी को लोकपाल गठन के लिए अनशन पर बैठने की खबर को भी



सुर्खियां मिलीं। अण्णा का आठ साल में यह चौथा अनशन है। 2011 में दिल्ली के रामलीला मैदान में अण्णा के अनशन का व्यापक असर हुआ। बहुत हाईप्रोफाइल लोग, नेता, नेतागिरी के लिए जमीन तलाश रहे युवाओं ने उस अनशन को हंगामेदार बनाया और अपनी राजनीतिक रोटी सेंकी। देर-सबेर परिणाम सामने आया कि लोकपाल बिल संसद में पेश हुआ और पारित हुआ। दिसम्बर, 2013 में बिल पास हुआ और जनवरी, 2014 में राष्ट्रपति की मुहर लगने के बाद लोकपाल व लोकायुक्त बिल एक्ट बना। जनवरी, 2014 से जनवरी, 2019 तक के बैक-अप पर गौर करने से पता चल जाता है कि कांग्रेस या भाजपा समेत कोई पार्टी लोकपाल गठित होते नहीं देखना चाहती। मई, 2014 तक सत्ता में रही कांग्रेस ने इसे अमल में लाना जरूरी नहीं समझा। मई, 2014 से लेकर अभी तक के विवरण से स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री मोदी ने जिन मामलों में बिल्कुल रुचि नहीं ली, उनमें पहले नम्बर पर है लोकपाल गठन। 2014 के ही अंत में गैर-सरकारी संगठन 'कॉमन कॉज' ने इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की। 27 अप्रैल, 2017 को सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को लोकपाल गठन का आदेश दिया। तीन साल गुजर गए सुप्रीम कोर्ट को लोकपाल गठन की दिक्कतें बताने में और बाकी समय में सरकार ने कोर्ट आदेश की अवमानना का जवाब देने में गुजारे।

अब चला-चली की बेला में वर्तमान संसद का बजट सत्र चालू है। इस अल्पावधि में तो वो बिल सरकार की प्राथमिकता में नहीं है। नाम खोज के बाद लोकपाल चयन समिति की बैठक तो होगी ही और लोक सभा में कांग्रेस के नेता मल्लिकाअर्जुन खड़गे फिर इसमें शामिल नहीं होंगे। अण्णा हजारे को सुप्रीम कोर्ट प्रकरण पता तो होगा ही। लेकिन अनशन शुरू करने से पहले उन्होंने सरकार की दुखती रगों पर उंगली रख दी। 17 जनवरी को सुप्रीम कोर्ट ने लोकपाल खोज समिति को नाम सुझाने कहा और 21 जनवरी को अण्णा ने कह दिया कि लोकपाल अगर होता तो राफेल घोटाला नहीं होने देता। उतना ही नहीं, अण्णा ने अपने गांव रालेगण सिद्धि में ही अनशन शुरू करने से पहले यह भी कह दिया कि राफेल घोटाला की जानकारी वे संवाददाता सम्मेलन करके देंगे। सुप्रीम कोर्ट की नोटिसों से परेशान सरकार अण्णा को शायद ही नोटिस ले।

प्रधानमंत्री मोदी लगातार भ्रष्टाचार से लड़ाई ऊपर से शुरू करने की बात कर रहे हैं। ऊंचे ओहदे पर बैठे लोगों के भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने वाला लोकपाल गठन डंप रखा जबकि लोकपाल एक्ट में ऐसे उलझे प्रावधान डाले गए हैं कि बड़ी मछलियों को पकड़ना मुश्किल है।

रिश्ता | जग्गी वासुदेव

आजकल हम ऐसे वातावरण, ऐसी संस्कृति में रह रहे हैं जहां जरूरी नहीं रह गया है कि आप अपना सारा जीवन एक ही साथी के साथ रहें।



आप जब रिश्ता बनाते हैं तो आप को लगता है कि ये जीवन भर के लिए है लेकिन तीन महीनों में ही आप सोचने लगते हैं, 'अरे, मैं इस व्यक्ति के साथ क्यों, कैसे, रहूं'?, क्योंकि आज हमारा जीवन इसी बात पर चल रहा है कि हमें क्या पसंद है और क्या नहीं। इस कारण हमेशा यही स्थिति रहती है कि आज ये, कल वो, आज यहां, कल वहां, आज शुरू, कल खत्म। जब रिश्ता अस्थिर है, या टूट जाता है तो निश्चित ही आप बहुत पीड़ा झेलते हैं जो पूरी तरह से अनावश्यक है। अगर आप कई बार ऐसी प्रक्रिया से गुजरते हैं कि आज आप प्यार में हैं, कल नहीं हैं, अगर आप बहुत सारे लोगों से संबंध बना रहे हैं, तो कुछ समय बाद आप बिल्कुल संवेदनहीन हो जाएंगे। आप किसी को ऐसे ही पसंद नहीं करते। ऋणानुबंध नाम की भी कोई चीज होती है। ऋणानुबंध कर्म का एक विशेष भाग है। यह कर्मों की एक विशेष संरचना है। इसलिए बनता है कि आप लोगों से घुलते-मिलते हैं। जहां पर भी कुछ हद तक निकटता बनती है, और मिलन होता है, कुछ ऋणानुबंध बन जाता है। विशेष रूप से जब दो शरीर नजदीक आते हैं तो ऋणानुबंध कुछ ज्यादा ही गहरा होता है। एक तरह से शरीर के अंदर इसका रिकॉर्डिंग (अभिलेखन) हो जाता है। शरीर उन सब बातों को रिकॉर्ड कर लेता है, जो उसके साथ होती हैं। किसी शरीर के साथ निकटता होती है, तो उस विशेष ऊर्जा को शरीर रेकॉर्ड कर लेता है। तो, चूंकि शरीर सब कुछ याद रखता है, अगर ज्यादा साथी होते हैं तो कुछ ही समय में शरीर भ्रांत, परेशान हो जाता है। ये भ्रांति, परेशानी शरीर पर असर करने के साथ ही आप के जीवन में अलग-अलग प्रकार से लाखों परेशानियां खड़ी कर देती हैं। अब, अगर आप का मन परेशान है तो आप कुछ भी कर के, कैसे भी रह लेते हैं लेकिन जब शरीर परेशान हो जाता है तो आपकी मुश्किलें गहरा जाती हैं। कई तरह से, आज लोगों में जिस अधिक स्तर पर व्यग्रता, असुरक्षा, विषाद बढ़ गए हैं, वे इसी कारण से है कि लोगों के शरीरों में भ्रांति, परेशानी है। ऐसा ही चलता रहा तो कुछ समय बाद आप को पागल होने के लिए कोई खास कारण नहीं लगेगा।

## रीडर्स मेल

### सीबीआई के काम में अड़ंगा

2010 में सीबीआई की टीम ने नरेन्द्र मोदी से 10 घंटे पूछताछ की थी। इधर ममता अपने पुलिस कमिश्नर से होने वाली पूछताछ से ही इतनी घबरा उठी कि बखेड़ा खड़ा कर दिया। एक अन्य उदाहरण लालू यादव हैं। 1997 में चारा-घोटाले के एक मामले में सीबीआई की टीम उनसे पूछताछ करने पटना गई थी। टीम को अपना काम नहीं करने दिया गया। मुख्य सचिव से लेकर डीजीपी, सबने असहयोग किया, यही नहीं डराया-धमकाया। तब सीबीआई ने अपना काम सुचारू करने के लिए सेना मांगी थी। दानापुर कैंट को लिखा था। पर केंद्र में बैठी लालू-समर्थक यूनाइटेड फ्रंट सरकार ने सेना नहीं दी थी।

**अजय मित्तल, मेरठ**

### कौन सच्चा कौन झूठा?

एक प्रश्न है कि क्या विरोधी पक्ष के सारे राजनैतिक लोग भ्रष्ट हैं और सत्तारूढ़ दल के लोग एकदम साफ-सुथरे और पाक-दामन हैं? अगर सीबीआई को पुराने घोटालों जैसे गड़े मुर्दों की ही जांच करनी है तो उसे सत्ताधारियों के राजनैतिक विरोधी नेताओं और नेत्रियों के पुराने घोटालों को ही पुनः खंगालने और केस पुनः खोलने की इतनी चुस्ती-फुर्ती क्यों रहती है? उसे अपनी विश्वसनीयता की साख बचाने के लिए सत्ताधारी दल के किए एक-आध घोटालों आदि के भी केस पुनः खोलने चाहिए थे। इस तरह की बातें जनता के दिलोदिमाग में हैं। अगर सिर्फ विपक्ष को ही नियम-कानून का पाठ पढ़ाया जाएगा तो दिक्कत होगी।

**निर्मल शर्मा, गाजियाबाद**

### ममता का गलत रवैया

ममता बनर्जी अपने मनमाने तौर-तरीकों से अपना ही नुकसान कर रही हैं। अपने राजनैतिक विरोधियों के प्रति ममता का असहिष्णु रवैया कुल मिलाकर उन वामदलों की ही याद दिला रहा है, जिनके कठोर शासन से उकता कर लोगों ने ममता बनर्जी को सत्ता सौंपी थी। वह तो वाम दलों को भी मात दे रही हैं। ममता बनर्जी अपने मनमाने आचरण से यही दर्शा रही हैं कि सत्ता में आने के बाद कुछ नेता किस तरह बेलगाम हो जाते हैं? इस पर यकीन करना कठिन है कि यह वही ममता हैं जो संघीय ढांचे की रक्षा के लिए चिंता जताया करती थीं। उनकी सरकार का रवैया तो संघीय ढांचे की मूल भावना पर ही प्रहार करने वाला है।

**डॉ. हेमंत, ग्राम/पोस्ट-गोराडीह, भागलपुर**

### लोकतंत्र की हत्या!

अक्सर किसी नेता के मुंह से सुनने में आ जाता है कि 'लोकतंत्र की हत्या हुई है' लेकिन सवाल यही कि आखिर लोकतंत्र कितनी बार मरेगा? और अगर ये मरता भी है तो इसका मातम सिर्फ राजनीतिक पार्टी वाले ही क्यों मानते हैं? उनको इसका टेंडर मिला है क्या या फिर लोकतंत्र की हत्या पर रोने का कापीराइट सिर्फ उनके ही पास है। नेताओं ने तो लोकतंत्र के प्रकार भी बना दिए हैं, जैसे गरीब का लोकतंत्र सिर्फ वोट डालने के काम आता है। बाकी दिन वो विधायक से लेकर मंत्री जी के पास गिरवी रहता है। लोकतंत्र की हत्या हुई है या हो रही है, इसका निष्पक्षता से आकलन करना मुश्किल है, लेकिन जनता को उसके हक से वंचित रखने को ही लोकतंत्र की हत्या कहते हैं, तो हां एक बार नहीं हजारों बार लोकतंत्र को मारा गया है।

**शिवानी पटेल, जेआईएमएमसी, कानपुर**

letter.editorsahara@gmail.com

हमें गर्व है हम भारतीय हैं

राष्ट्रीय सहारा
सच कहने की हिम्मत
वर्ष-12 , अंक 4305

सहारा इण्डिया मास कम्युनिकेशन के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक सी बी सिंह द्वारा राष्ट्रीय सहारा कार्यालय, 123/474, कालपी रोड, फजलगंज, कानपुर-208012 से मुद्रित व प्रकाशित।
समूह संपादक- मनोज तोमर। स्थानीय संपादक- देवकी नन्दन मिश्र*
दूरभाष- कानपुर कार्यालय 2224221, प्रसार-3982123, फैक्स- 2224223, विज्ञापन-3982132, लखनऊ कार्यालय, पी. बी. एक्स. व सम्पादकीय 2337777, 2327120, 2320405, फैक्स- 2370336, 2370380 दिल्ली कार्यालय- आठवां तल (यूनिट नं. 804), न्यू देहली हाउस, 27 बारा खम्भा रोड नयी दिल्ली, दूरभाष- 23352368, 23352369, 23352372, 23352371, फैक्स 23352370।
आर.एन.आई. सं. UPHIN/2007/20181 पंजीकरण संख्या,
* इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन तथा कानूनी मामलों के लिए उत्तरदायी






# ऐसे हैं प्रयागराज के प्रयागवाल

उत्तर भारत के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, सिंध, कर्नाटक, आंध्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, करेल के तीर्थ पुरोहित इस शहर में आबाद हैं। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र के तीर्थ पुरोहित उसी इलाके से आकर सदियों पहले गंगा-यमुना की किनारे वाली बस्तियों में आबाद हो गये थे। एक तीर्थ पुरोहित के यहां आंध्र प्रदेश के यजमान आते हैं। पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी, और वीवी गिरि भी इनके यजमान रहे। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव का अस्थि विसर्जन इसी तीर्थ पुरोहित परिवार ने कराया था। प्रयागवालों के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार बल्लभ भाई पटेल, पं. जवाहर लाल नेहरू, लालबहादुर शास्त्री, नारायण दत्त तिवारी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जैसी महान विभूतियों के संगम तट पर आने और कर्मकांड कराने से सम्बंधित दस्तावेज हैं

■ शिव त्रिपाठी

**प्रयागराज। एसएनबी**



सभी फोटो : भीम सिंह यादव

मुगल शहंशाह नूरुद्दीन जहांगीर गाजी का एक फरमान दारागंज के चकहा प्रयागवाल परिवार के पास आज भी सुरक्षित है। जहांगीर के फरमान के मार्फत इस परिवार के पूर्व पुरुष चंद्रभान पुरोहित को इलवास (इलाहाबाद) के इलाहीगंज परगने की दो सौ बीघा जमीन दान की गयी थी। बादशाह के फरमान ने हिदायत दी थी कि यह जमीन सभी तरह के कर से मुक्त रहेगी। यह दान इस मकसद से दिया गया था कि तीर्थ पुरोहित चंद्रभान और उनके वंशज इस जमीन पर खेती-बारी कर जीवन का निर्वाह करें और मुगल खानदान की सलामती, बहबूदी के लिए दुआ करते रहें।

मुल्क पर सदियों हुकूमत करने वाले मुगल शासकों का तीर्थराज प्रयाग और उनसे जुड़े तीर्थ पुरोहितों के रिश्ते को उजागर करने वाला यह इकलौता दस्तावेज नहीं है। जहांगीर के वालिद शहंशाह अकबर ने पहली बार इलाहाबाद आने पर राजा टोडरमल और बीरबल से तीर्थ पुरोहितों को दान देने की ख्वाहिश जतायी थी। प्रयाग के एक पुरोहित ने, जिनका उपनाम मसंद था, शहंशाह का दान स्वीकार किया था। अकबर ने इस तीर्थ पुरोहित को अपने हाथ का पंजा निशान के तौर पर दिया था। इस तीर्थ पुरोहित ने यह निशान अपने झंडे पर अंकित किया और यह आज तक कायम है। इस तीर्थ पुरोहित को शहंशाह ने सवेरे स्नान के डेढ़ मुहूर्त तक संगम में दान लेने का एकाधिकार प्रदान किया था। मुगल शहंशाह शाहजहां और औरंगजेब के फरमान प्रयागवाल को हासिल हुए। जाहिर है कि सल्तनत और मुगलकाल में मुस्लिम शासकों ने प्रयागराज और इसके तीर्थ पुरोहितों के सम्मान की परम्परा का निर्वाह किया।

उत्तर भारत के सम्राट हर्षवर्द्धन की यात्रा के समय दान लेने वाले पुरोहितों के वंशज आज भी इस तीर्थराज में मौजूद हैं। सन् 1830 के दरम्यान झूंसी में मिले एक ताम्रपत्र अभिलेख से पता चलता है कि विजयपाल के पौत्र राज्यपाल देव के पुत्र त्रिलोचन पाल ने प्रयाग के गंगा तट पर निवास किया था और मकर संक्रांति पर गंगा स्नान और शिवपूजा कर तीर्थ पुरोहितों को एक गांव दान किया था। कहा जाता है कि सन् 1660 में औरंगजेब की कैद से निकलकर छत्रपति शिवाजी अपने पुत्र शंभाजी के साथ प्रयाग आये थे। वे कई दिनों तक एक तीर्थ पुरोहित के यहां छिपकर रहे। इइ घर के आसपास कोणंकण से आकर बसे महाराष्ट्रीय तीर्थ पुरोहितों का निवास था। शिवाजी ने अपने पुत्र शंभाजी को इन्हीं तीर्थ पुरोहितों की देखरेख में छोड़ दिया था और खुद अकेले काशी, उड़ीसा होते हुए रामगढ़ पहुंच गये। जिस प्रयागवाल पंचभइया के घर पर शिवाजी ठहरे थे, उस परिवार के पास शंभाजी का दिया अभिलेख मौजूद है।

गुलाम खिलजी और तुगलक वंश के शाही फरमानों में इन प्रयागवाल का जिक्र किया गया है। सन् 1826 में प्रयाग यात्रा करने वाले एक अंग्रेजी यात्री ने संगम तट पर आठ-दस फिट ऊंचे तख्त लगाकर बैठे इन प्रयागवालों का जिक्र किया है। वह लिखता है, 'इन तख्तों पर छतरियां लगी थीं, जिनके नीचे तीर्थयात्री विश्राम करते थे। इनके बीच बैठे तीर्थ पुरोहित यात्रियों के विलक्षण गुरु जैसे लगते थे। वे किसी यात्री से कुछ मांगते नहीं थे। यात्री बिना मांगे अपने सामर्थ्य के मुताबिक दान-दक्षिणा रख देते थे।'

उत्तर भारत के साथ महाराष्ट्र, गुजरात, सिंध, कर्नाटक, आंध्र, तमिलनाडु, तेलंगाना, करेल के तीर्थ पुरोहित इस शहर में आबाद हैं। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र के तीर्थ पुरोहित उसी इलाके से आकर सदियों पहले गंगा-यमुना की किनारे वाली बस्तियों में आबाद हो गये थे। एक तीर्थ पुरोहित के यहां आंध्र प्रदेश के यजमान आते हैं। पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी, और वीवी गिरि भी इनके यजमान रहे। पूर्व प्रधानमंत्री नरसिम्हाराव का अस्थि विसर्जन इसी तीर्थ पुरोहित परिवार ने कराया था। प्रयागवालों के पास राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, सरदार बल्लभ भाई पटेल, पं. जवाहर लाल नेहरू, लालबहादुर शास्त्री, नारायण दत्त तिवारी, पूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जैसी महान विभूतियों के संगम तट पर आने और कर्मकांड कराने से सम्बंधित दस्तावेज हैं।

बदलते वक्त के साथ इन तीर्थ पुरोहितों के रहन-सहन में भले ही बदलाव आ गया हो, लेकिन अपने यजमानों इनकी आत्मीयता पहले जैसे ही है। देश-विदेश में जहां भी हिन्दू आस्थावान रहते हैं, वहां तक प्रयागवालों की यजमानी का दायरा है। पाकिस्तान, अफगानिस्तान और नेपाल जैसे पड़ोसी मुल्कों के साथ हमारे देश के हर प्रांत और रियायतों का भू-भाग प्रयागवालों की बही के मुताबिक बंटा है। एक प्रयागवाल की यजमानी में दूसरे की दखल उचित ठीक नहीं मानी जाती है।

तीर्थ पुरोहितों को दान में काफी कुछ मिलता आया है। इससे कई काफी सम्पन्न हो चुके हैं। कीडगंज के चौखंडी मोहल्ले में रहने वाले गगन भरद्वाज खुद को रीवा, सतना और सुहावल स्टेट के राजा-महाराजाओं और जमींदारों का तीर्थ पुरोहित बताते हैं। उनके पूर्वज भोलानाथ भारद्वाज, राजा भइया, सीताराम भारद्वाज और सीताराम वगैरह भी यही काम करते रहे। गगन भारद्वाज बताते हैं कि नौ पीढ़ी से उनके यहां यही काम होता आ रहा है। इससे इतना हासिल हो चुका है कि चार-पांच पीढ़ियां कुछ भी न करें तो घर बैठे गुजारा कर सकती हैं। कीडगंज में कोई ढाई-तीन एकड़ में उनका मकान बना है और मध्य प्रदेश में दान में मिली करोड़ों की इफरात जमीन अलग से पड़ी है। ■

## खुद को मानते हैं ऋषियों का वंशज

**गंगा-यमुना** की सितासित तरंगों का संगम स्थल वैदिक काल से यज्ञ, दान और सांस्कृतिक परिष्कार का केंद्र रहा है। इस पवित्र भूमि पर ऋषि-मुनियों ने यज्ञ और दान की परम्परा का विकास किया। पौराणिक मान्यता है कि प्रयाग में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम और बलराम आये थे। भारद्वाज मुनि ने श्रीराम से संगम का पूजन कराया था। प्रयागवाल खुद को इन्हीं ऋषियों का वंशज मानते हैं। उनका कहना है कि इस पावन धरती पर यज्ञ-दान और कर्मकांड सम्पन्न कराने वाले तीर्थ पुरोहितों (प्रयागवाल) की वंश परम्परा उन श्रेष्ठ तपस्वी-महर्षियों से ही है, जिन्होंने अंतर्वेद की धरती को सदाचार का मानदंड बनाया था। इन तीर्थ पुरोहितों के पास ऐसे अभिलेख आज भी मौजूद हैं, जिनसे देश के इतिहास और संस्कृति की कड़ी जोड़ी जा सकती है। सम्राट पृथ्वीराज चौहान का ताम्रपत्र तीर्थ पुरोहित लालजी पैंतिहा के पास था।

## यूं हुए लाल मुहरिया

**नेपाल** के एक महाराज ने साधुवेश में प्रयाग की यात्रा की थी। वह इस तीर्थ में एक ऐसे तीर्थ पुरोहित की तलाश करना चाहते थे, जिसके यहां उनके राज्य की प्रजा तीर्थयात्रा के दौरान सहज-सुरक्षित रह सके। संगम तट पर दारागंज के एक पुरोहित ने साधु वेशधारी महाराज की मुलाकात हो गयी। तीर्थ पुरोहित साधु का कर्मकांड कराना चाहता था। साधु बार-बार कह रहा था कि उसके पास दान देने को कुछ नहीं है। तीर्थ पुरोहित का कहना था कि वह उनसे दान की आशा नहीं करता, उसका कर्तव्य तो इस तीर्थ में आने वाले तीर्थयात्रियों का कर्मकांड कराना है। 'साधु' को तीर्थ पुरोहित की बात माननी पड़ी। चलते वक्त साधु ने तीर्थ पुरोहित को कागज पर लिखा हुआ एक अधिकार पत्र दिया, जिस पर नेपाल के महाराज की लाल मुहर लगी थी। अधिकार पत्र में लिखा था कि नेपाल की प्रजा प्रयाग यात्रा के दौरान सिर्फ उसी तीर्थ पुरोहित के यहां ठहर सकती है, जिसके पास लाल मुहर लगा कागज है। इसी अधिकार पत्र के सबब दारागंज के रहने वाला यह तीर्थ पुरोहित परिवार आज भी लाल मुहरिया पंडा के नाम से विख्यात है।

## स्वतंत्रता संग्राम में भी निभायी भागीदारी

**इस** शहर की सामाजिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक चेतना से जुड़े तीर्थ पुरोहितों ने स्वाधीनता संग्राम में हिस्सा लेकर अपने समुदाय की महत्ता को रेखांकित किया। सन् 1857 के स्वाधीनता संग्राम में ईस्ट इंडिया का मुकाबला करने को प्रयागवाल युवक आगे आये थे। महात्मा गांधी और अमर शहीद चंद्रशेखर की अगुवाई में चलाये गये आंदोलनों में भागीदारी निभाने वाले तीर्थ पुरोहितों की कहानियां आज भी कही-सुनी जाती है।



# भक्तों को निराश नहीं करते बाबा मनकामेश्वर

■ शैलेश सिंह

**प्रयागराज।**

संगम से जुड़े यमुना के किनारे स्थित मनकामेश्वर मंदिर में लोगों की बड़ी आस्था है। किंवदंती है कि सतयुग में यह शिव लिंग खुद प्रकट हुआ था। मान्यता है कि भगवान शंकर कामदेव को भस्म करने के बाद यहां बैठ गए। यहां पर आने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। संगम स्नान के बाद श्रद्धालु महादेव की कृपा पाने के लिये मनकामेश्वर मंदिर में माथा टेकने जरूर आते हैं।

स्कन्द पुराण और प्रयाग महात्म्य के अनुसार अक्षयवट के पश्चिम में पिशाचमोचन मंदिर के समीप यमुना नदी के किनारे भगवान कामेश्वर का तीर्थ है, जिनको भगवान शिव का पर्याय कहा जाता है। पुरोणों में बताया गया है कि जहां शिव होते हैं वहां निश्चित रूप से माता कामेश्वरी (पार्वती) का वास होता है। साथ ही भैरव, यक्ष, किन्नर आदि भी वास करते हैं। जानकारों के मुताबिक यहां कामेश्वर और कामेश्वरी का तीर्थ स्थल होने के नाते यह स्थान श्रीविद्या की तांत्रिक साधना की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण होता है।

मंदिर प्रांगण में मनकामेश्वर के अतिरिक्त ऋणमुक्तेश्वर और सिद्धदेश्वर महादेव के भी शिवलिंग हैं। साथ ही यहां दक्षिणमुखी हनुमान जी की भी मूर्ति विराजमान है। वैसे तो यहां रोजाना शिव भक्त दर्शन के लिए आते हैं। लेकिन कुंभ में स्नान के लिए देश के कोने-कोने और विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। जलाभिषेक और दुग्ध अभिषेक बिना रुक हर भक्त करते हैं। इसके बाद बाबा के चरणों में भक्त अपनी कामनाओं को रखते हैं। बाबा मनकामेश्वर भक्तों को कभी निराश नहीं करते। मंदिर में रात आठ बजे श्रृंगार के बाद जलाभिषेक की अनुमति नहीं है। इस सिद्ध पीठ का परिसर भले ही छोटा है लेकिन इनके प्रांगण में आने के बाद भक्तों को सुख की अनुभूति होती है। शिवलिंग के रूप में स्थापित बाबा मनकामेश्वर दिव्य रूप है। साथ में शेषनाग ने तो इनके सौन्दर्य को और बढ़ा दिया है।

प्रयाग आने वाले श्रद्धालु दर्शन के लिए अपने आप मंदिर में चला जाता है। यहां पहुंचने के बाद उसे आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। कहा जाता है कि बाबा मनकामेश्वर सिद्ध मंत्र की तरह हैं जिनका पति पत्नी साथ में ध्यान करें तो मनोकामना पूरी हो जाती है। प्रयाग में बहुत शिव मंदिर हैं लेकिन मनकामेश्वर सिद्ध पीठ की सुन्दरता और मंदिर के पास की प्राकृतिक सुन्दरता भक्तों को भाव विभोर करती है।

कहा जाता है कि इस सिद्ध पीठ में रात को अंधेरे में शिव परिवार के तमाम सदस्य भूत प्रेत पिशाच को परिसर में आते जाते बहुत से लोगों ने देखा, लेकिन कभी किसी को कोई नुकसान नहीं हुआ। मान्यता है कि जब बाबा मनकामेश्वर ध्यान आराम करते हैं तो ये शक्तियां उनके आस पास रहकर पहरा देती हैं। इस शिव सिद्ध पीठ की महिमा शिव विज्ञान और दर्शन की गरिमा से सजी हुई है। इस मंदिर में पहुंचने के बाद भक्तों को आत्मिक शांति की प्राप्ति होती है। कहते हैं कि बाबा मनकामेश्वर की सच्चे दिल से 51 दिन तक पूजा करने पर सभी तरह की समस्याओं से मुक्ति मिलती है। ■

# गुरु सम्मान का प्रतीक है नाथों की 'नादी'




■ शिव त्रिपाठी

**प्रयागराज। एसएनबी**


डा. योगी विलासनाथ
प्रवक्ता योगी महासभा
गोरखनाथ अखाड़ा

गुरु परम्परा के वाहक नाथ सम्प्रदाय योगी, सनातन संस्कृति और हिन्दू धर्म विस्तार की आदि परम्परा से जुड़े हैं। प्रयाग के सर्वसमावेशी कुंभ में डेरा जमाये नाथ योगियों की जमात आदिनाथ के योग और ध्यान विधा के जरिये जग-मंगल की अलख जगा रही है। गुरु आदेश को सर्वस्व मानने वाले घुमक्कड़ प्रवृत्ति के इन योगियों की अपनी पहचान नाद (जनेऊ) धारणा से होती है। नाद को बनाने, धारण करने और इसको बजाकर अपने गुरु और महंथ को सम्मान देने का संस्कार और धूनी के साथ साधना के जरिये मोक्ष मार्ग प्रशस्त करने वाले पूर्ण योगियों पर गुरु गोरक्षनाथ के साथ त्रिदेव की कृपा बनी रहती है। नादी जनेऊ धारण करने की परम्परा की पड़ताल में कई गूढ़ रहस्य सामने आये हैं।

कुंभ की गौरवशाली परम्परा की आत्मा कहे जाने वाले संत और साधु समाज को नाथ सम्प्रदाय का अंश माना जाता है। आदिनाथ ने विस्तार के जरिये नौ नाथ वजूद में आये, बाद में 84 सिद्ध, 52 भैरू और 64 योगिनी का पौराणिक उल्लेख मिलता है। नाथ योगियों की नदी को इड़ा, पिंगला और सुषुम्ना नाड़ी की संज्ञा दी जाती है। इसके निर्माण की जटिलता, इसमें प्रयोग की जाने वाली वस्तुओं के अपने धार्मिक महत्व हैं, जिनकी पवित्रता पर विशेष ध्यान दिया जाता है। नादी में लगने वाली गांठ का अलग विधान है। 'नाद' किन-किन मौकों पर बजाया जाता है, इसके लिए भी व्यवस्था दी गयी है। सनातन संस्कृति के रिवाज को नाथ सम्प्रदाय 'आदेश' की संज्ञा देता है और नाथ योगी आदेश को पूर्ण सम्मान देते हैं।


नाथ सम्प्रदाय के गुरु का आशीर्वाद लेते संत

संगम की रेती पर बसे कुंभनगर के सेक्टर 14 में नाथ सम्प्रदाय का अपना साम्राज्य फैला हुआ है। यहां मौजूद डा. योगी विलासनाथ महाराज ने नादी बनाने से लेकर इसमें प्रयोग में आने वाली वस्तुओं और इसके महत्व की व्याख्या करते हुए आदेश के महत्व को बताया है। दुर्लभ प्रजाति की काली भेड़ के ऊन को कातकर साढ़े 12 लम्बी नादी तैयार की जाती है। 16 तंतुओं से तैयार नादी में शिवस्वरूप रुद्राक्ष, ब्रह्म स्वरूप मूंगा और विष्णुस्वरूप स्फटिक का प्रयोग होता है, जिसे पवित्री, उत्पत्ति, स्तिथि तथा संहारक आदि नाम दिया गया है। सावर मंत्र से अभिसिंचित नादी को ब्रह्मनाद कहकर भी इसमें सोना चांदी और हाथीदांत का भी प्रयोग होता है। इसके अंत में तीनों धामों को आपस में गूंथकर ब्रह्म गांठ लगायी जाती है।

नादी जनेऊ संस्कार के भी अपने नियम हैं। नाथ योगी बनने के लिए गुरु बनने के साथ दीक्षा का प्राविधान है। गुरु अपने शिष्य को नादी ग्रहण कराकर दीक्षा की शुरुआत करते हैं। इसके बाद कर्णछेदन फिर भभूति दीक्षा और अंत में उपदेशीय दीक्षा दिये जाने के साथ इन्हें पूर्णनाथ नाम दिया जाता है। गुरु इन्हें त्याग, वैराग्य और ज्ञानमुक्ति मार्ग पर बढ़ने और सनातन संस्कृति को अक्षुण्य रखने की सीख देकर आगे बढ़ने का आशीर्वाद देता है। गुरु दर्शन, मंदिर दर्शन और धूना दर्शन के समय नाथ योगी नाद बजाकर अपने आदर्श के प्रति सम्मान देते हैं। इसे ही आदेश की संज्ञा दी गयी है।नाथ सम्प्रदाय राजयोग, नवयोग, नाद योग, छिन्न समाधि योग, मंत्र योग, तंत्र योग आयाम के जरिये मुक्ति मार्ग साधक है। सावर मंत्र के जरिये पूजा पद्धति को विस्तार देने वाला यह सम्प्रदाय ध्यान क्रिया पर जोर दिया है। योगी अपने गुरुदेव के मार्गदर्शन में योग नियमों का पालन करते हुए नित्य साधना और ध्यान करते हैं। नाद अनुसंधान द्वारा भौतिकता से परे वैराग्य रूप का अलौकिक अनुभव करते हुए परमतत्व की ओर बढ़ते हैं। अंत में समाधि द्वारा शून्य अवस्था को प्राप्त कर सिद्ध हो जाते हैं। ■

■ पृष्ठ सज्जा : संजय पाण्डेय

भारत और मोनाको के बीच 2007 में राजनयिक संबंध स्थापित हुए थे, लेकिन दोनों की मित्रता काफी पुरानी है।

—— रवीश कुमार@MEAIndia

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रिटेन : घर में आग लगने से 4 बच्चों की मौत

**लंदन।** ब्रिटेन के स्टैफोर्ड शहर के एक घर में मंगलवार को लगी आग में चार बच्चों की मौत हो गई। 'गार्डियन' की रिपोर्ट के मुताबिक स्टैफोर्डशायर पुलिस प्रवक्ता ने कहा, उन्हें सुबह 2.40 बजे हाईफील्ड्स इलाके में स्थित एक घर में आग लगने की जानकारी मिली। घर में चार बच्चों के शव मिले हैं। दो व्यस्कों और एक अन्य बच्चे का इलाज चल रहा है। इनकी जान को खतरा नहीं है। स्टैफोर्डशायर फायर एवं रेस्क्यू अधिकारी घर में आग लगने के कारणों की जांच कर रहे हैं।

### सोमालिया में 40 आतंकी मारे गए

**मोगादिशु।** सोमालिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा एजेंसी ने मंगलवार को कहा कि देश के दक्षिण हिस्से में सुरक्षाबलों ने अल शबाब के 40 लड़ाकों को ढेर कर दिया है। सुरक्षाबलों ने शबेले के निचले क्षेत्र के फारसोले गांव में शनिवार को व्यापक स्तर पर अभियान चलाया। सुरक्षाबलों ने देश के मध्य और दक्षिण क्षेत्र में अल शबाब और अल-कायदा-संबद्ध समूह के विरुद्ध अभियान चलाया हुआ है। आतंकी समूह ने सोमवार को सोमालिया की राजधानी मोगादिशु में एक शॉपिंग मॉल पर कार बम हमले किया था। इसमे 12 लोग मारे गए और नौ अन्य घायल हो गए थे। अफ्रीकी संघ मिशन द्वारा समर्थित सोमालिया के राष्ट्रीय सशस्त्र बल ने अगस्त 2011 में राजधानी मोगादिशु से अल-शबाब को खदेड़ दिया था।

### बर्किना फासो में जिहादी हमले, 14 लोगों की मौत

**औगाडौगू।** माली सीमा के पास उत्तरी बर्किना फासो में हुए जिहादी हमले में 14 लोगों की मौत हो गई। सेना ने जवाबी कार्रवाई में तीन उत्तरी प्रांतों में छापेमारी की और 146 आतंकियों को ढेर कर दिया। जिहादियों ने माली सीमा के पास येटेंटा प्रांत के केन शहर में हमला किया था। सेना ने एक बयान में कहा, केन में हुए जिहादी हमले में 14 लोग मारे गए। उन्होंने कहा, जवाबी कार्रवाई में राष्ट्रीय रक्षा और सुरक्षा बलों ने केन, बानह और बोम्बोरो में अभियान चलाए।

# नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र को प्राथमिकता दे भारत, मोनाको

■ **नई दिल्ली (एसएनबी)।**



राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने इस बात पर जोर देते हुए कि भारत-मोनाको के बीच संबंध अच्छे चल रहे हैं, मंगलवार को कहा कि दोनों देशों को परस्पर फायदे के लिए नवीकरणीय ऊर्जा और जलवायु परिवर्तन जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता देनी चाहिए। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

इसमें कहा गया कि मोनाको के प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय ने यहां राष्ट्रपति भवन में कोविंद से मुलाकात की। राष्ट्रपति ने कहा, भारत और मोनाको में हमेशा भरोसे, मित्रता और परस्पर फायदे के लिए सहयोग का रिश्ता रहा है। उन्होंने कहा, प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय का यह दौरा दोनों देशों के रिश्तों को नई ऊंचाई तक ले जाने की दिशा में और गति प्रदान करेगा।

राष्ट्रपति ने कहा, भारत-मोनाको के बीच अच्छे संबंध हैं। राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक कोविंद ने कहा, हालांकि साथ मिलकर काफी कुछ करने की गुंजाइश है। नवीकरणीय ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण के क्षेत्र में करने के लिए काफी कुछ है, दोनों देशों की सोच में मजबूत सामंजस्य है। हमें द्विपक्षीय सहयोग के लिए इन क्षेत्रों में सहयोग को प्राथमिकता देनी चाहिए। राष्ट्रपति ने कहा, भारत दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। राष्ट्रपति ने प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय और उनके साथ आए प्रतिनिधिमंडल के लिए दोपहर के भोज की मेजबानी की।

# बर्फ पिघलने से भारत समेत आठ देश होंगे प्रभावित

■ **काठमांडो (वार्ता)।**

हिमालय और हिंदू कुश में इस सदी के अंत तक तापमान बढ़ने के साथ-साथ तेजी से बर्फ पिघलने लगेगा जिससे चीन और भारत समेत आठ देशों की नदियों का जल प्रवाह को प्रभावित करेगा जिससे दोनों देशों की कृषि के साथ साथ बड़ी आबादी पर इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा।

काठमांडो पोस्ट की मंगलवार को जारी रिपोर्ट के मुताबिक वैज्ञानिकों ने इस आशय की कड़ी चेतावनी जारी करते हुए कहा, विशाल ग्लेशियर हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र बनाते हैं जो विश्व की सबसे ऊंची चोटियों माउंट एवरेस्ट और के2 के इलाके में स्थित है। इसे अंटार्कटिका और आर्कटिक क्षेत्र के बाद इसे 'तीसरे ध्रुव' के तौर पर देखा जाता है। रिपोर्ट जारी करने वाली टीम के सदस्य वैज्ञानिक फिलीपस वेस्टर ने कहा, यह जलवायु संकट है, जिसके बारे में आपने नहीं सुना होगा। इंटरनेशनल सेन्टर फर इन्टिग्रेटेड माउन्टेन डेभलपमेन्ट के वैज्ञानिक वेस्टर ने कहा, ग्लोबल वार्मिंग से प्रभावित ग्लेशियर से ढके पहाड़ की चोटियों को एक सदी से भी कम समय में चट्टानों में बदलने की राह पर है जिससे



एचकेएच के आठ देशों की आबादी प्रभावित होगी।

210 वैज्ञानिकों की लिखित इस रिपोर्ट में कहा गया है कि इस क्षेत्र का एक तिहाई से अधिक बर्फ 2100 तक पिघल जाएगी। चाहे भले ही सरकारें 2015 के पेरिस जलवायु समझौते के तहत ग्लोबल वार्मिंग को सीमित करने के लिए कितनी ही सख्त कार्रवाई क्यों न कर लें। वैज्ञानिकों ने चेतावनी दी कि यदि इस सदी में ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन पर लगाम लगाने में विफल रही तो दो तिहाई बर्फ पिघल सकती है।

### रिपोर्ट के अनुसार

- वर्ष 1970 के दशक से इस क्षेत्र के अधिकांश हिस्सों में ग्लेशियर पिघलने शुरू हो गए थे।
- हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र में बर्फ पिघलने से 1.5 मीटर तक समुद्र का स्तर बढ़ जाएगा।
- यह क्षेत्र पूरे अफगानिस्तान, बांग्लादेश, भूटान, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान में 3,500 किलोमीटर तक फैला है।
- बर्फ पिघलने से यांग्ती, मेकॉन्ग, सिंधु और गंगा सहित नदियों के प्रवाहों को बाधित करेगा।
- नदियों में पानी बढ़ने से भी जल विद्युत उत्पादन को नुकसान पहुंचा सकता है।
- पहाड़ों के खिसकने और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ सकती है।

# मोदी ने मोनाको के प्रिंस से जलवायु परिवर्तन पर चर्चा की



■ **नई दिल्ली (एसएनबी)।**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोनाको के राष्ट्र प्रमुख प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय के साथ मंगलवार को कई मामलों पर बातचीत की। दोनों ने विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र एवं जलवायु परिवर्तन से निपटने में सहयोग बढाने पर चर्चा की।

प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय सप्ताह भर लंबी यात्रा के लिए सोमवार को यहां पहुंचे थे। उन्होंने यहां हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री से मुलाकात की। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने बताया, विशेषकर पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन और नवीकरणीय ऊर्जा में सहयोग बढाने पर अच्छी वार्ता हुई। कुमार ने बताया, इससे पहले विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय से मुलाकात की और पर्यावरण, विशेषकर नवीकरणीय ऊर्जा, भारत में निवेश, स्मार्ट सिटी, समुद्री पारिस्थितिकी तंत्रों, पर्यटन और लोगों के बीच आपसी संपर्क के क्षेत्रों में सहयोग के अवसरों पर चर्चा की। प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय ने सोमवार को भारत-मोनाको व्यापार मंच में शिरकत की। प्रिंस अल्बर्ट द्वितीय अपनी आधिकारिक प्रतिबद्धताएं पूरी करने के बाद निजी यात्रा करेंगे और 10 फरवरी को स्वदेश रवाना होंगे।

# अफगानिस्तान में तालिबान के हमले

## 11 पुलिसकर्मियों सहित 21 लोगों की मौत

■ **काबुल (एपी)।**

अफगानिस्तान के प्रांतीय अधिकारियों ने मंगलवार को बताया कि देश में हाल में हुए तालिबान के हमलों में 11 पुलिसकर्मियों सहित 21 लोग मारे गए। यह पुलिसकर्मी उत्तरी बगलान प्रांत में जांच चौकी पर हुए हमले में मारे गए।

इन हमलों की खबर ऐसे समय में आई है जब तालिबान के प्रतिनिधि पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई, विपक्षी नेताओं एवं कबीले के प्रमुखों सहित अफगानिस्तान की प्रमुख शख्सियतों के साथ मास्को में बैठक करने वाले थे। हालांकि काबुल सरकार के अधिकारियों को इनमें शामिल नहीं किया गया। प्रांतीय परिषद के प्रमुख ने बताया, सोमवार रात सुरक्षा चौकी पर हुए हमले में बगलानी मरकाजी के बगलान जिले में स्थानीय पुलिस बल को निशाना बनाया गया जिसके बाद गोलीबारी शुरू हो गई और करीब दो घंटे तक चली। इसमें पांच पुलिसकर्मी



घायल हो गए और अतिरिक्त सेना के पहुंचने से पहले तालिबान ने सुरक्षा चौकी से सभी हथियार एवं गोला-बारूद लूट लिये।

प्रांतीय राज्यपाल के प्रवक्ता ने बताया, इससे पहले सोमवार सुबह तालिबान ने उत्तरी समांगन प्रांत में सरकार समर्थित स्थानीय मिलिशिया को निशाना बनाया जिसमें एक महिला समेत 10 लोगों की मौत हो गई। समांगन के दारा-ए-सुफ जिले में हुए इस हमले में चार अन्य घायल हुए। तालिबान ने महिलाओं एवं बच्चों समेत स्थानीय गांववासियों को निशाना बनाया। इलाके के बेहद अंदरुनी होने की वजह से गांववासियों के पास अपने इलाके की सुरक्षा के लिए और चरमपंथियों से अपने घरों को सुरक्षित रखने के लिए खुद की मिलिशिया है। तालिबान ने मीडियो को दिए बयान में इन दोनों हमलों की जिम्मेदारी ली है।

### नेपथ्य में

### सैनिकों की वापसी के खिलाफ प्रस्ताव मंजूर

**वाशिंगटन (स्पूतनिक)।** अमेरिकी संसद के ऊपरी सदन सीनेट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के सीरिया तथा अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी की योजना का विरोध करने वाले संशोधन को सोमवार को बहुमत से मंजूरी दे दी। सीनेट में 26 सदस्यों ने ट्रंप की योजना के समर्थन में मतदान किया, जबकि 70 ने उनकी योजना के विरोध में वोट डाला। इस तरह से सीनेट ने 26 के मुकाबले 70 वोटों से संशोधन को मंजूरी दी। संशोधन गैर-बाध्यकारी है लेकिन यह सीनेट में डेमोक्रेट और रिपब्लिकन के बीच एकता को प्रतिबिंबित करता है।

- मंगलवार को मास्को में तालिबान एवं अफगानिस्तान की प्रमुख शख्सियतों के बीच शुरू हुई दो दिवसीय बैठक को अफगानिस्तान के 17 साल के युद्ध को सुलझाने की प्रक्रिया में एक अन्य कदम के तौर पर देखा जा रहा है।
- अमेरिकी शांति दूत जलमय खलीलजाद की पिछले साल सितम्बर में नियुक्ति के बाद इस प्रक्रिया में तेजी आई है। लेकिन इस बैठक में अफगान राष्ट्रपति अशरफ गनी की सरकार को दरकिनार कर दिया गया जिसने इस बैठक की आलोचना की है।

# पेरिस : इमारत में आग, 10 की मौत, संदिग्ध गिरफ्तार




**पेरिस (एजेंसियां)।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में एक 10 मंजिला इमारत में मंगलवार को लगी आग में आठ लोगों की मौत हो गई और 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। शहर के अभियोजक ने कहा, इस घटना को लेकर एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस इसे आगजनी की घटना के तौर पर देख रही है।

दक्षिण-पश्चिम पेरिस के समृद्ध 16वें जिले के रू एरलेंगर की आठ मंजिला इमारत के ऊपरी मालों में लगी यह आग पिछले कुछ साल में राजधानी में लगी सबसे भीषण आग में से एक है। अग्निशमन विभाग की ओर से जारी तस्वीरों में ऊपरी तलों की खिड़कियों से आग की लपटें उठते हुए एवं दमकल कर्मियों को डरे हुए निवासियों को बाहर निकालने के लिए सीढी पर चढते हुए देखा जा सकता है।

'अविश्वसनीय हिंसा के दृश्य' के तौर पर वर्णित इस आग में करीब 30 लोग घायल हो गए जिनमें छह दमकलकर्मी भी शामिल हैं। घटनास्थल पर मंगलवार की सुबह मौजूद पेरिस के अभियोजक रेमी हेज ने कहा, एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। वह एक महिला है और फिलहाल हिरासत में है। आगजनी के जरिए मौत को अंजाम देने वाले आपराधिक आरोप की जांच शुरू कर दी गई है। आग देर रात करीब एक बजे लगी और करीब 200 दमकल कर्मियों को आग पर काबू करने में पांच घंटे का समय लगा।

दमकल सेवा के प्रवक्ता कैप्टन क्लीमेंट कॉगनन ने घटनास्थल पर बताया, मृतकों की संख्या बढ़ सकती है' क्योंकि दमकलकर्मियों ने अभी तक इमारत की ऊपरी मंजिलों की तलाशी पूरी नहीं की है। आग ऊपरी मंजिलों पर ही ज्यादा भयंकर थी। कुछ प्रभावित लोगों ने धुएं और आग की लपटों से बचने के लिए पास की छतों पर आसरा लिया।

### गिरफ्तार सभी 130 छात्रों को पता था, अपराध कर रहे हैं

**वाशिंगटन (भाषा)।** अमेरिका में बने रहने के लिए एक फर्जी विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के मामले में गिरफ्तार किए 129 भारतीयों सहित सभी 130 विदेशी छात्रों को पता था कि वह अमेरिका में अवैध रूप से रहने के लिए अपराध कर रहे हैं। भारतीय छात्रों को हिरासत में लिए जाने पर नई दिल्ली में अमेरिकी दूतावास को 'डिमार्शे' जारी करने के कुछ दिनों बात अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने यह बयान दिया है।

अमेरिकी अधिकारियों ने कथित रूप से देश में बने रहने के लिए एक फर्जी विश्वविद्यालय में दाखिला लेने के सिलसिले में 130 विदेशी छात्रों को गिरफ्तार किया है, जिनमें से 129 भारतीय हैं। आव्रजन अधिकारियों ने बुधवार को यह गिरफ्तारियां कीं। 'पे एंड स्टे' गिरोह का भंडाफोड़ करने के लिए ग्रेटर डेट्रॉइट इलाके में डीएचएस की जांच ईकाई ने 'फर्जी' 'यूनिवर्सिटी ऑफ फर्मिंगटन' स्थापित की थी।

## पाक में चार सूबे हैं, तो चार बीवियां भी हों : बिलावल

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के चेयरमैन और पाकिस्तान नेशनल असेंबली के सदस्य बिलावल भुट्टो जरदारी ने शादी के बारे में पूछे गए पत्रकार के सवाल का ऐसा जवाब दिया कि सब हैरत में पड़ गए और साथ में ठहाके भी गूंजे।



स्थानीय मीडिया के मुताबिक पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी ने एक वीडियो ट्वीट किया है जिसमें बिलावल पत्रकारों से चर्चा कर रहे हैं। एक पत्रकार ने बिलावल से प्रश्न किया, बेनजीर भुट्टो का जो मिशन था उसको पूरा करने के लिए आपने जद्दोजहद की है। पाकिस्तान की अवाम आपको दो रूप में देखना चाहती है। एक वजीरे आजम और एक शादी के लिबास में। आपने कोई फैसला किया है क्या शादी के सिलसिले में? और क्या वजीरे आजम बनने से पहले शादी करेंगे या वजीरे आजम बनने के बाद? भुट्टो ने कहा, हां इस बारे में रणनीतिक बैठकें हो रही हैं। हम एक्जेक्ट टाइम प्लान कर रहे हैं कि इलेक्शन के पहले.. या इलेक्शन के बाद.. या इलेक्शन कैंपेन के दौरान, या इलेक्शन कैंपेन से पहले... हम कब शादी करें.. हम क्या एक शादी करें? यहां चार सूबे हैं, तो हर सूबे से एक बीबी होना चाहिए और इसका इलेक्टोरल इम्पेक्ट क्या होगा? जब हमारी यह रिपोर्ट कम्पलीट हो जाती है तो मैं आपके सामने पेश करता हूं। भुट्टो के इस जवाब पर जमकर ठहाके लगे।

## पाकिस्तान न्यूज

### हज सब्सिडी खत्म होने से 450 करोड़ बचे

**इस्लामाबाद (भाषा)।** हज सब्सिडी खत्म करने के पाकिस्तान सरकार के फैसले से 450 करोड़ रुपये की बचत होगी। पाकिस्तान के धार्मिक एवं आपसी सौहार्द मामलों के मंत्री नूरुल हक कादरी ने यह जानकारी दी। हज सब्सिडी खत्म करने का फैसला हाल में इस्लामाबाद में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान की अध्यक्षता वाली संघीय मंत्रिमंडल की बैठक में किया गया, जिससे इस बात पर बहस छिड़ गयी है कि क्या इस्लाम सब्सिडी युक्त हज की इजाजत देता है। 'द न्यूज' ने कादरी के हवाले से मंगलवार को कहा, पूर्ववर्ती (पीएमएल-एन) सरकार हर हज यात्री को 42-42 हजार रुपये की सब्सिडी देती थी जिससे राजकोष पर 450 करोड़ रुपये का अतिरिक्त बोझ पड़ता था। देश की मौजूदा आर्थिक हालात को ध्यान में रखते हुए संघीय कैबिनेट ने इस सब्सिडी को खत्म करने का फैसला किया है। मंत्री ने कहा, इस साल 184,000 पाकिस्तानी नागरिक हज यात्रा करेंगे, इनमें से 107,000 लोग सरकारी कोटे से जबकि शेष निजी कोटे से हज यात्रा पर जाएंगे।

### 'कश्मीर एकजुटता दिवस' मनाया गया

**इस्लामाबाद (भाषा)।** पाकिस्तान ने मंगलवार को 'कश्मीर एकजुटता दिवस' मनाया और इस दौरान शीर्ष पाकिस्तानी नेताओं ने कश्मीर मामले का न्यायसंगत एवं शांतिपूर्ण समाधान तलाशने और घाटी के लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त किया। पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अलवी ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर स्थित मुजफ्फराबाद में विधानसभा को संबोधित करते हुए भारत सरकार से कश्मीर के लोगों के अधिकार बरकरार रखने को कहा। 'रेडियो पाकिस्तान' ने बताया, अलवी ने कश्मीर के लोगों के प्रति पाकिस्तान की 'दृढ एकजुटता' को दर्शाया। उन्होंने कहा, हम कश्मीरी भाइयों एवं बहनों को पुनः भरोसा दिलाते हैं कि हम कश्मीर में हमारी सैद्धांतिक स्थिति पर अडिग रहेंगे। प्रधानमंत्री इमरान खान ने कश्मीर में भारत की कथित 'ज्यादतियों' के लिए उसकी आलोचना की। उन्होंने कहा, सात दशक बीत गए हैं और जम्मू कश्मीर का मामला सुलझा नहीं है। इस बीच, लंदन में मौजूद पाकिस्तान के विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी ने अपने संदेश में कहा, सरकार और पाकिस्तान के लोग कश्मीर के बहादुर लोगों के प्रति अपने अडिग समर्थन की पुनः पुष्टि करते हैं।



### तीन आतंकियों को मार गिराया

**पेशावर (भाषा)।** पाकिस्तानी सुरक्षाबलों ने मंगलवार को पश्चिमोत्तर पाकिस्तान में अफगानिस्तान की सीमा से लगते एक कबायली जिले में अभियान के दौरान तीन आतंकियों को मार गिराया। सुरक्षा बलों ने दक्षिण वजीरिस्तान जिले के गुल कच्छ में आतंकियों के खिलाफ अभियान चलाया था। यह इलाका अब खैबर पख्तूनख्वा प्रांत का हिस्सा है। आतंकियों ने गुल कच्छ इलाके में सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की और जवाबी गोलीबारी में उन्होंने तीन आतंकियों को मार गिराया। आतंकियों के पास से हथियारों की बड़ी खेप बरामद की गई जिसमें एसएमजी, हथगोले और संचार उपकरण शामिल हैं।

### पतंग उड़ाने पर 13 गिरफ्तार

**लाहौर (आईएएनएस)।** पाकिस्तान सरकार के पतंग उड़ाने पर प्रतिबंध सम्बंधी कानून को तोड़ने के लिए लाहौर में 13 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, पतंग के धागे में फंस कर दो लोगों के घायल हो जाने के बाद पुलिस ने सोमवार को शहर में कार्रवाई शुरू की। स्थानीय रूप से बसंत नाम से प्रसिद्ध प्रसिद्ध पतंग महोत्सव हर साल फरवरी में वसंत ऋतु की शुरुआत होने पर मनाया जाता था लेकिन पतंग के धागों में कांच या धातु का मिश्रण आने से कई लोगों की मौत हो जाने के बाद 2007 में सरकार ने इस पर प्रतिबंध लगा दिया।

# कभी राजीव कुमार के विरोध में होती थीं ममता

### चिटफंड घोटाला मामला



**विपक्ष में रहते हुए ममता ने राजीव कुमार पर विपक्षी नेताओं का फोन टेप करवाने का आरोप लगाया था**

**कोलकाता के पुलिस आयुक्त राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य की आंखों के तारे बने हुए थे**

**कोलकाता, (भाषा)।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी जब विपक्ष में थी, तो भारतीय पुलिस सेवा के एक अधिकारी पर सत्तारूढ़ वाम मोर्चा सरकार के राजनीतिक विरोधियों का फोन टेप करवाने का आरोप लगाया था और अब वही ममता बनर्जी करीब एक दशक बाद उसी अधिकारी से सीबीआई की पूछताछ का विरोध करते हुए धरने पर बैठी हैं। त्रुटिहीन जांच और इलेक्ट्रॉनिक निगरानी कौशल के लिए प्रसिद्ध कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री बुद्धदेव भट्टाचार्य के कार्यकाल के दौरान उनकी आंखों के तारे बने हुए थे। ममता उस समय विपक्ष में थीं और उन्होंने कुमार पर विपक्षी नेताओं की टेलीफोन पर हो रही बातचीत टेप करने का आरोप लगाया था, जिसे राज्य की तत्कालीन वाम मोर्चे की सरकार ने खारिज कर दिया था ।

कुमार (53) भारतीय पुलिस सेवा के 1989 बैच के अधिकारी हैं। उत्तर प्रदेश के रहने वाले कुमार ने रूड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान से कम्प्यूटर साइंस में स्नातक किया है। अपने जबरदस्त करियर के दौरान कुमार विशेष कार्यबल के संयुक्त आयुक्त और सीआईडी के महानिदेशक समेत कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवा दे चुके हैं। कुमार के कार्यकाल के दौरान कोलकाता पुलिस का एसटीएफ माओवादियों के कई शीर्ष नेताओं और कुख्यात अपराधियों के लिए आतंक का पर्याय बन गया था। पश्चिम बंगाल में 34 साल के वाम मोर्चे के शासन को उखाड़ कर ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस जब 2011 में सत्ता में आई, तो वह चाहती थी कि कुमार को किसी महत्वहीन पद पर भेज दिया जाए, हालांकि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने ममता को ऐसा करने से रोक दिया था। जनवरी 2012 में जब विधाननगर कमिश्नरेट का गठन किया गया, तो कुमार को इसका पहला पुलिस आयुक्त बनाया गया। पश्चिम बंगाल में जब 2013 में शारदा चिट फंड घोटाले का भंडाफोड़ हुआ, तो कंपनी के हजारों संग्रह एजेंट तृणमूल कांग्रेस मुख्यालय में पहुंचे और इसके चेयरमैन सुदीप्त सेन के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। राज्य सरकार ने उनके नेतृत्व में इस धोखाधड़ी की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया था। विशेष जांच दल का मुखिया होने के नाते उनकी नजदीकी सरकार के साथ बढ़ती चली गई। सरकार के साथ उनकी निकटता भी आलोचना के साथ आई, क्योंकि विपक्षी दलों ने एसआईटी पर सत्तारूढ़ टीएमसी नेताओं के खिलाफ सबूतों को नष्ट करने की कोशिश करने और जांच को रोकने का आरोप लगाया। नवंबर 2013 में एसआईटी ने तृणमूल कांग्रेस के बागी सांसद कुणाल घोष को गिरफ्तार कर लिया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अब्दुल मन्नान की याचिका पर मई 2014 में उच्चतम न्यायालय ने चिट फंड मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से कराने का आदेश दिया। इस बीच टीएमसी सरकार ने कुमार को सीआईडी का अतिरिक्त महानिदेशक बना दिया था। फरवरी 2016 में कुमार कोलकाता के 21वें पुलिस आयुक्त बने। एक महीने बाद कोलकाता पुलिस के दो अधिकारियों ने गाय तस्करों के वेष में भाजपा के राष्ट्रीय सचिव राहुल सिन्हा को उनके व्यापार में मदद करने के लिए रिश्वत देने की कोशिश की। यह घटना नारद समाचार की ओर से किए गए एक स्टिंग के वीडियो जारी होने के ठीक एक पखवाड़े बाद हुई। इस वीडियो में तृणमूल कांग्रेस नेताओं को कथित तौर पर एक काल्पनिक कंपनी से पैसे लेते हुए दिखाया गया था। उसी साल अप्रैल में निर्वाचन आयोग ने कुमार के स्थान पर सोमेन मित्रा को कोलकाता पुलिस का आयुक्त नियुक्त किया।

सत्ता में दोबारा लौटने के बाद ममता ने कुमार को दोबारा कोलकाता का पुलिस आयुक्त बना दिया। पिछले साल सितंबर में दो भाजपा नेताओं के बीच हुई कथित बातचीत के कई आडियो क्लिप सोशल मीडिया पर आए। इन आडियो में पश्चिम बंगाल के भाजपा प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय और मुकुल राय के बीच कथित बातचीत है। इसके बाद राय ने कोलकाता पुलिस पर उनका फोन टेप करने का आरोप लगाया था, जिसे खारिज कर दिया गया।

### ब्लैकमेल करने के लिए सीबीआई का दुरुपयोग कर रही भाजपा : ममता

■ **कोलकाता (भाषा)।**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को आरोप लगाया कि भाजपा लोगों को 'ब्लैकमेल करने के लिए' सीबीआई जैसी केंद्रीय एजेंसियों का इस्तेमाल कर रही है और फिर उन्हें अपनी पार्टी में शामिल कर रही है। ममता ने कहा कि उनके मन में सीबीआई के लिए काफी सम्मान है। उन्होंने सीबीआई से रवीन्द्र नाथ टैगोर के नोबेल पदक की चोरी के मामले की जांच उतनी ही तेजी से करने का अनुरोध किया, जिस तरह से जांच एजेंसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के आदेशों का पालन करती है। गौरतलब है कि टैगोर का नोबेल पदक शांति निकेतन से 2004 में चोरी हो गया था और अब तक बरामद नहीं हो पाया है। यहां मेट्रो सिनेमा इलाके में अपना तीन दिनों से चला आ रहा धरना खत्म करने से पहले तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ने यह कहा। ममता ने आरोप लगाया कि आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान तृणमूल कांग्रेस को हेलीकॉप्टर मुहैया करने के लिए किए गए समझौतों को रद्द करने को लेकर कंपनियों पर दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने दो मौकों के लिए हेलीकॉप्टर बुकिंग की अग्रिम रकम दी थी और कंपनी ने दोनों मामलों में पैसा लौटा दिया।




# आस्था के रंग





प्रयागराज में चल रहे कुंभ मेले के दौरान मंगलवार को अपने शिविर के बाहर हवन करता एक साधु।



ये भी है मेले के रंग।



सुरक्षाकर्मी से पता पूछते श्रद्धालु।



व्हीलचेयर के जरिए स्नान के लिए एक साधु को ले जाते श्रद्धालु।



मेले में व्यवस्था बनाए रखने के लिए घोषणा करता पुलिसकर्मी।



स्नान को जाते साधु।



फोटोग्राफी का आनंद लेते विदेशी



संगम स्नान करते विदेशी व अन्य



मेले की सुरक्षा का जायजा लेते सुरक्षाकर्मी।

फोटो : भीम सिंह यादव

पश्चिम बंगाल में लोकतंत्र नाम की कोई चीज नहीं है। सरकार की मदद से चिटफंड कंपनी ने लोगों को लूटा। कोलकाता का पुलिस आयुक्त ममता बनर्जी का नौकर है। वह जो चाहेंगीं, वह करेगा। ——— अधीर रंजन चौधरी@ANI

## मप्र : सरकारी सहायता प्राप्त उद्योगों में 70 फीसद रोजगार स्थानीय लोगों को

**भोपाल (भाषा)।** मध्य प्रदेश की कांग्रेस नीत सरकार ने राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं, कर-छूट और अन्य सहायता का लाभ उठाने वाले उद्योगों के लिए 70 प्रतिशत रोजगार राज्य के स्थानीय लोगों को देना अनिवार्य कर दिया है।



मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री कमलनाथ ने सोमवार को ट्विटर पर यह घोषणा करते हुए लिखा, नवंबर 2018 में हुए मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए जारी अपने 'वचन पत्र' के वादों पर अमल करते हुए हमने राज्य सरकार द्वारा पोषित (शासकीय योजनाओं, कर-छूट और अन्य सहायता प्राप्त) सभी उद्योगों में 70 फीसदी रोजगार मध्यप्रदेश के स्थानीय लोगों को देना अनिवार्य कर दिया है। मध्य प्रदेश कांग्रेस मीडिया समन्वयक नरेन्द्र सलूजा ने बताया कि यह नियम उन उद्योगों पर लागू होगा, जो राज्य सरकार की विभिन्न शासकीय योजनाओं, कर-छूट और अन्य प्रकार की सहायता जैसे सब्सिडी एवं सस्ती सरकारी जमीन का लाभ उठाते हुए राज्य में निवेश करते हैं।

# सुप्रीम कोर्ट की फटकार, NRC को बर्बाद कर रहा केंद्र

**नई दिल्ली (एसएनबी)।** सुप्रीम कोर्ट ने असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजिका (एनआरसी) की प्रक्रिया को लेकर केंद्र को आड़े हाथ लिया और कहा कि ऐसा लगता है कि वह इस कवायद को आगे नहीं बढ़ने देने पर तुला हुआ है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव ड्यूटी में केन्द्रीय सशस्त्र बलों की भूमिका को देखते हुए दो सप्ताह तक राष्ट्रीय नागरिक पंजिका का कार्य रोकने के लिए गृह मंत्रालय की याचिका पर उसे फटकार लगाई।



**शीर्ष कोर्ट ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र इस कवायद को आगे नहीं बढ़ने देने पर तुला हुआ है**

**31 जुलाई की तय समय सीमा आगे नहीं बढ़ाई जाएगी**

चीफ जस्टिस रंजन गोगोई और जस्टिस रोहिंटन फली नरीमन की बेंच ने दोहराया कि राष्ट्रीय नागरिक पंजिका की प्रक्रिया पूरी करने के लिए 31 जुलाई की तय समय सीमा आगे नहीं बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि केंद्र इसकी प्रक्रिया में सहयोग नहीं कर रहा है और ऐसा प्रतीत होता है कि गृह मंत्रालय का यह पूरा प्रयास राष्ट्रीय नागरिक पंजिका की प्रक्रिया को बर्बाद करने के लिए है।

अदालत ने निर्वाचन आयोग को चुनाव ड्यूटी से राज्य के कुछ अधिकारियों को अलग रखने पर विचार करने के लिए कहा है ताकि यह सुनिश्चित हो कि राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर की प्रक्रिया जारी रहे। सुप्रीम कोर्ट ने 24 जनवरी को कहा था कि असम के लिए नागरिक पंजिका को अंतिम रूप देने की 31 जुलाई, 2019 की समय सीमा आगे नहीं बढ़ाई जा सकती है। उसने राज्य सरकार, एनआरसी समन्वयक और निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने को कहा था कि आगामी आम चुनावों से राष्ट्रीय नागरिक पंजी तैयार करने का काम धीमा न पड़े। असम के लिए राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण मसौदा 30 जुलाई, 2018 को प्रकाशित हुआ था, जिसमें राज्य के तीन करोड़ 29 लाख लोगों में से दो करोड़ 89 लाख लोगों के नाम ही शामिल थे। सूची में 40 लाख 70 हजार 707 लोगों के नाम नहीं थे, इनमें से 37 लाख 59 हजार 630 नामों को अस्वीकार कर दिया गया है जबकि शेष दो लाख 48 हजार 77 नामों को रोक लिया गया था। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट ने असम में नागरिक पंजिका के मसौदा में जिन लोगों के नाम छूट गए थे, उनके नामों को शामिल करने के दावों और आपत्तियों को दायर करने की अंतिम समय सीमा 31 दिसंबर, 2018 तक बढ़ा दी थी। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि एनआरसी में नामों को शामिल करने के लिए दावों के सत्यापन की अंतिम समय सीमा एक फरवरी के बजाय 15 फरवरी, 2019 होगी। कोर्ट ने असम नागरिक पंजिका मसौदा के लिए दावेदारों की ओर से पांच और दस्तावेजों के इस्तेमाल की इजाजत देते हुए कहा था कि गलत व्यक्ति को शामिल करने के बजाए उचित व्यक्ति को बाहर करना बेहतर होगाइस आधार को स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

## योगी महासभा गोरखनाथ अखाड़ा के धर्म शिविर में आग से दो पंडाल खाक



**प्रयागराज (एसएनबी)।** कुम्भ मेला के सेक्टर-15 स्थित योगी महासभा गोरखनाथ अखाड़ा के धर्म शिविर में मंगलवार दोपहर आग लग जाने से दो पंडाल जलकर खाक हो गये। पंडाल में आग से लाखों की क्षति बतायी जा रही है। फायर ब्रिगेड ने काफी मशक्कत कर जल्द ही आग पर काबू पाया। कुम्भ मेला अधिकारी विजय किरण आनंद के मुताबिक प्रथम दृष्टया आग लगने का कारण शार्ट सर्किट है। 29 जनवरी को कुम्भ मेले में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ इस शिविर में पूजन-अर्चन किया था। योगी महासभा गोरखनाथ अखाड़ा का धर्म शिविर के एक टेंट से दोपहर करीब 12.30 बजे धुआं उठते नजर आया। देखते ही देखते आग की लपटें दूसरे टेंट में भी पहुंच गयीं, तब तक दो पंडाल और उसमें रखे सामान जल चुके थे। कुछ रुपये के भी जलने की चर्चा है।

# सत्ता पर कब्जा करना चाहता है 'चोर तंत्र'

**नई दिल्ली (एसएनबी)।**



पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के समर्थन में आने के लिए विपक्ष पर हमला बोलते हुए केंद्रीय मंत्री अरुण जेटली ने कहा कि 'चोरों का तंत्र' देश की सत्ता पर काबिज होने का इच्छुक है। उन्होंने कहा कि धरने पर बैठने के बनर्जी के फैसले को कई विपक्षी पार्टियों का समर्थन मिला है जो सत्ता में आने की ख्वाहिशमंद हैं। इनमें से ज्यादातर की भ्रष्टाचार के मामले में जांच की जा रही है, मुकदमा चलाया जा रहा है और कुछ मामलों में कुछ को दोषी भी ठहराया जा चुका है। 2019 के चुनाव मोदी बनाम अव्यवस्था या मोदी बनाम अराजकता होंगे। ममता बनर्जी का हालिया नाटक इस बात का सबसे अच्छा सबूत है कि भारत का विपक्ष कैसा सुशासन दे सकता है।

मंत्री ने कहा कि सीबीआई के कोलकाता पुलिस प्रमुख की जांच को लेकर बनर्जी द्वारा दी गई 'हद से ज्यादा प्रतिक्रिया' ने सार्वजनिक बहस के कई मुद्दों को खड़ा कर दिया है। साथ ही उन्होंने कहा, इनमें से सबसे महत्वपूर्ण यह है कि चोरों का तंत्र अब देश की सत्ता पर कब्जा करना चाहता है।

फेसबुक पर 'द क्लेप्टोक्रेट्स क्लब' शीर्षक से एक पोस्ट में जेटली ने कहा कि पश्चिम बंगाल चिट फंड घोटाला 2012-13 में सामने आया। इसकी जांच उच्चतम न्यायालय ने सीबीआई को सौंप दी थी।

जेटली ने सवाल किया, अदालत ने इस तरह की जांच की निगरानी की। सीबीआई ने पूछताछ की और यहां तक कि कुछ लोगों को गिरफ्तार भी किया। कई लोगों को जमानत मिली। अगर पूछताछ के लिए पुलिस के एक अधिकारी की जरूरत पड़ती है तो यह 'सुपर इमरजेंसी', 'संघवाद पर हमला' या 'संस्थानों की बर्बादी'? कैसे हो जाता है।

उन्होंने कहा कि यह समझना बहुत भारी भूल होगी कि बनर्जी ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि नियमित जांच के दायरे में पुलिस के एक अधिकारी को लाया गया।

## ईडी के सामने आज पेश हो सकते हैं वाड्रा

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के दामाद राबर्ट वाड्रा मनी लांड्रिंग से जुड़े मामले में बुधवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समक्ष पेश हो सकते हैं। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यह मामला कथित रूप से गैरकानूनी तरीके से विदेशों में संपत्तियां रखने से संबंधित है।



वाड्रा ने इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए दिल्ली की अदालत की दरवाजा खटखटाया था। अदालत ने उन्हें निर्देश दिया था कि वह केंद्रीय जांच एजेंसी से जांच में सहयोग करें।

# लोकतंत्र का महाभारत होगा आम चुनाव : भाजपा

**नई दिल्ली (भाषा)।**

भाजपा ने मोदी सरकार के कार्यकाल में गरीबों की जिंदगी में उजाला आने का दावा करते हुए मंगलवार को कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव 'लोकतंत्र का महाभारत' होगा। इसमें एक तरफ धर्म और दूसरी तरफ अधर्म की सेना होगी। एक तरफ झोपड़ी, दूसरी तरफ महल होगा। नरेंद्र मोदी के साथ खड़ा गरीब उनकी जीत सुनिश्चित करेगा।

राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा का प्रस्ताव पेश करते हुए भाजपा के हुकुम देव नारायण यादव ने कहा कि जैसे पहले कुरुक्षेत्र के मैदान में महाभारत हुआ था, उसी तरह इस बार का चुनाव भी 'लोकतंत्र का महाभारत' होगा जिसमें एक तरफ धर्म की सेना होगी और दूसरी तरफ अधर्म की सेना होगी। एक तरफ झोपड़ी होगी दूसरे तरफ महल होगा, एक तरफ गरीब होंगे, दूसरी तरफ अमीर होंगे। यादव ने कहा कि गरीब, झोपड़ी, धर्म का प्रतिनिधित्व नरेंद्र मोदी कर रहे हैं और ऐसे में गरीब उनके साथ खड़े होंगे। 2019 में फिर से हमारी सरकार बनेगी।



**मोदी के साथ खड़े होंगे देश के गरीब**

**राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा शुरू की हुकुम देव नारायण यादव ने**

**कहा, सरकार ने गरीबों की जिंदगी में उजाला लाने का काम किया है**

उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के अभिभाषण में महात्मा गांधी, भीमराव आंबेडकर और राम मनोहर लोहिया का उल्लेख किया गया था और नरेंद्र मोदी की सरकार इन तीनों महापुरुषों के सिद्धांतों के अनुसार काम कर रही है। केंद्र सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का उल्लेख करते हुए यादव ने कहा कि इस सरकार ने गरीबों की जिंदगी में उजाला लाने का काम किया है। जनधन योजना के तहत गरीबों के खाते खोले गए तो शौचालयों के निर्माण के जरिए आर्थिक बराबरी सुनिश्चित करने का काम किया गया है। मोदी सरकार ने चोरी और लूट करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की और अब ये लोग नरेंद्र मोदी को हटाने के लिए मिल गए हैं। उन्होंने समावेशी विकास एवं सामाजिक समरसता का जिक्र करते हुए सरकार के सामान्य वर्ग के आर्थिक रूप से गरीब लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने की पहल का जिक्र किया। हुकुमदेव नारायण यादव ने किसानों को प्रति वर्ष छह हजार रूप देने के अंतरिम बजट के प्रस्ताव का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, बिहार और देश के कई पिछड़े राज्यों के लिये यह बहुत बड़ी सौगात है। यह बात उन किसानों से पुछिये कि उन्हें कितनी बड़ी खुशी मिली है। उन्होंने कहा कि यह राशि सीधे किसानों के खाते में जायेगी और ऐसे में बिचौलियों को कुछ हासिल नहीं होगा, इसलिए वे परेशान है और मोदी के खिलाफ खड़े हो रहे हैं ।

इसी दौरान उनके टिप्पणी को लेकर विपक्ष के सदस्यों खासकर सपा के धर्मेंद्र यादव ने गहरी आपत्ति दर्ज की। इसके बाद कार्यवाही करीब 10 मिनट के लिए स्थगित करनी पड़ी। बाद में भाजपा सदस्य ने कहा कि उन्होंने अपने लंबे राजनीति जीवन में कभी असंसदीय शब्द का इस्तेमाल नहीं किया और आज भी वह यहां नारेबाजी कर रहे माननीय सदस्यों के बारे में बात नहीं कर रहे थे। स्पीकर सुमित्रा महाजन ने विपक्षी सदस्यों को शांत कराते हुए कहा कि अगर कुछ बोला गया तो वह इसे देखेंगी।

## प्रशिक्षण विमान दुर्घटना का शिकार, पायलट घायल

**पुणे (भाषा)।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में मंगलवार को नागरिक उड्डयन प्रशिक्षण के लिए इस्तेमाल किए जाने वाला एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया।



हादसे में विमान का पायलट घायल हो गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पायलट सिद्धार्थ टाइटस के दाहिने हाथ में फ्रैक्चर हो गया। यह हादसा इंदापुर तालुका में रुई गांव के पास हुआ। विमान जिले के बारामती स्थित कार्वर एविएशन प्राइवेट लिमिटेड का था।

# पेज एक का शेष

## राम मंदिर निर्माण पर...

जैन ने कहा, 'विहिप ने आम चुनाव संपन्न होने तक अयोध्या में भगवान राम की जन्मस्थली पर राम मंदिर के निर्माण के लिए अपना अभियान रोकने का फैसला किया है क्योंकि संगठन नहीं चाहता कि यह कोई चुनावी मुद्दा बने।' जैन ने कहा कि संगठन अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के मुद्दे को लेकर प्रतिबद्ध है और नई सरकार बनने पर आगे की रणनीति तय करेगा। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में संभावित हैं।

## जीप में ट्रक ने टक्कर...

सोमवार को सभी लोग स्नान और दर्शन करने के बाद वापस घर लौट रहे थे। मंगलवार तड़के वह लोग गुजैनी फ्लाईओवर पर पहुंचे तो जीप के आगे का बायां टायर पंचर हो गया। चालक सुंदर और सुरेन्द्र टायर बदलने के लिए गाड़ी से उतर गये, जबकि अन्य सभी लोग जीप में ही बैठे रहे। दोनों चालकों ने एक वाहन चालक से जैक मांगकर टायर बदला और जैक वापस करने चले गये। इसी बीच पीछे से तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने जीप में जोरदार टक्कर मार दी। ट्रक की स्पीड़ का अंदाज इसी से लगाया जा सकता है कि टक्कर लगने के बाद जीप पलट गयी और उसमें सवार सभी लोग नीचे दब गये। जीप चालकों और राहगीरों की सूचना पर बर्रा पुलिस मौके पर पहुंची और उधर से गुजर रहे वाहन चालकों की मदद से जीप में फंसे लोगों को बाहर निकाला। पुलिस सभी को लेकर हैलट पहुंची जहां डॉक्टरों ने भूरो (70), साहब कौर (62) और राम कौर (65) को मृत घोषित कर दिया, जबकि अंगूरी (65), विद्या (55), सुदेश (62), दयावती (44), मोहन (32), सावित्री (70) और संतोष (45) की हालत गंभीर बताकर उन्हें अस्पताल में भर्ती कर लिया। बर्रा पुलिस ने बताया कि घटना के बाद ट्रक चालक गाड़ी लेकर मौके से भाग निकला, जिसकी तलाश की जा रही है। मृतकों और घायलों के परिजनों को सूचना दे दी गयी है।

## CBI करे राजीव कुमार से...

**बंगाल के डीजीपी और मुख्य सचिव से जवाब तलब :** पुलिस कमिश्नर पर अवमानना की कार्रवाई शुरू करने की सीबीआई की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट राजीव कुमार के अलावा पश्चिम बंगाल के डीजीपी और मुख्य सचिव से जवाब मांगा है। अदालत ने उन्हें 20 फरवरी से पहले अपना जवाब देने का निर्देश दिया है। सीबीआई का आरोप है कि पुलिस आयुक्त इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य के साथ छेड़छाड़ कर रहे हैं और उनके नेतृत्व में गठित विशेष जांच दल (एसआईटी) द्वारा सीबीआई को उपलब्ध कराई गई सामग्री के साथ छेड़छाड़ की गई है। सीबीआई द्वारा दायर अदालत की अवमानना अर्जी पर पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के पुलिस आयुक्त को 18 फरवरी से पहले अपना जवाब दाखिल करने का भी निर्देश दिया है।

### केंद्र ने कहा कार्रवाई करें ममता ने किया इनकार

**नई दिल्ली (भाषा)।** केंद्र ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल सरकार से कोलकाता पुलिस आयुक्त राजीव कुमार के खिलाफ अनुशासनहीनता और सेवा नियमों का उल्लंघन करने के लिए अनुशासनात्मक कार्यवाही शुरू करने को कहा। लेकिन सूत्रों का कहना है कि ममता बनर्जी ने कार्रवाई करने से इनकार कर दिया है।

**केंद्र ने कहा, सहयोग नहीं कर रहे राजीव :** इस मामले की करीब 15 मिनट की सुनवाई के दौरान अटार्नी जनरल केके वेणुगोपाल और सालिसीटर जनरल तुषार मेहता ने 2014 से अब तक के शारदा घोटाले के घटनाक्रम से न्यायालय को अवगत कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि राजीव कुमार चिटफंड घोटाले से जुड़े मामलों की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। वेणुगोपाल और मेहता ने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल पुलिस का विशेष जांच दल, जिसके मुख्य कर्ताधर्ता कुमार थे, सीबीआई को सारे दस्तावेज नहीं सौंप रहा है और उसके द्वारा दिए गए कुछ दस्तावेजों के साथ तो छेड़छाड़ भी की गई है। यह मामला शीर्ष अदालत ने सीबीआई को सौंपा था। अटार्नी जनरल के कथन के बीच ही पीठ ने कहा कि वह राजीव कुमार को जांच के लिए सीबीआई को उपलब्ध कराने का निर्देश देने पर विचार कर रही है। पीठ ने कहा, 'ऐसी कोई वजह नहीं है कि वह खुद को जांच के लिए उपलब्ध नहीं कराएंगे।'



**सिंघवी ने रखा पश्चिम बंगाल पुलिस का पक्ष :** पश्चिम बंगाल पुलिस की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने जांच एजेंसी के आरोपों का प्रतिवाद करते हुए कहा कि यह कोलकाता के पुलिस आयुक्त को परेशान और अपमानित करने का प्रयास है। उन्होंने शीर्ष अदालत के उस आदेश का भी जिक्र करने का प्रयास किया, जिसमें उनके अनुसार विशेष जांच दल की भूमिका की सराहना की गई थी और इसमें साफ कहा गया था कि चिटफंड मामले सीबीआई को स्थानांतरित किए जा रहे हैं क्योंकि यह कई राज्यों में फैले हैं। सिंघवी ने कहा कि अभी तक राजीव पर कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।



### आदेश आम आदमी की जीत : ममता

ममता बनर्जी ने सीबीआई-कोलकाता पुलिस आयुक्त मामले में उच्चतम न्यायालय के आदेश को अपनी 'नैतिक जीत' बताया, जिसमें जांच के दौरान कोलकाता पुलिस प्रमुख राजीव कुमार की गिरफ्तारी समेत कोई भी दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया गया है। ममता ने कहा कि वह कोलकाता पुलिस आयुक्त के लिए नहीं, बल्कि देश के करोड़ों लोगों के लिए लड़ रही हैं। प्रत्येक संघीय राज्य में एक निर्वाचित सरकार है और केंद्र एवं राज्यों के स्पष्ट अधिकार क्षेत्र हैं।

### ममता को झटका, सीबीआई की नैतिक जीत



कोलकाता के पुलिस आयुक्त राजीव कुमार को सीबीआई के समक्ष उपस्थित होने के शीर्ष अदालत के आदेश को भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार के लिए करारा झटका बताया और कहा कि यह जांच एजेंसी सीबीआई की नैतिक जीत है। उन्होंने कहा कि यह दिखाता है कि कोई भी व्यक्ति कानून से ऊपर नहीं है, चाहे वह पुलिस आयुक्त ही क्यों न हो।

## सहारा सलाह

**समस्याएं उपभोक्ताओं की**

**अनिल कर्णवाल**
**(वरिष्ठ अधिवक्ता, सुप्रीम कोर्ट)**

■ *मैं गाजियाबाद में एसी रिपेयरिंग का काम करता हूं। वर्ष 2017 में एक ग्राहक ने मुझसे एसी रिपेयर करवाया, उसका कंप्रेसर खराब था। मैंने 6000/- रुपये लेकर नये कंप्रेसर तथा मरम्मत में रूप में लिए थे। उक्त ग्राहक ने उस समय मुझसे कोई शिकायत नहीं की किंतु बाद में खिलाफ जिला उपभोक्ता अदालत में एक केस दायर कहा कि मैंने उक्त ग्राहक का पुराना कंप्रेसर वापस नहीं किया। जबकि सच्चाई यह थी कि उसने उक्त कंप्रेसर को स्वयं से ही नहीं लिया था। दिसम्बर 2018 में जिला फोरम ने मुझे आदेश दिया कि मैं उसका पुराना कंप्रेसर वापस लौटा दूं तथा मुआवजे के रूप में रुपये डेढ़ हजार की राशि दूं। मैंने एक माह के भीतर ही उक्त ग्राहक को बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से रुपये डेढ़ हजार दे दिया तथा पंजीकृत पत्र द्वारा सूचित किया कि वह अपना पुराना कंप्रेसर ले ले लेकिन उसने पुराना कंप्रेसर नहीं उठाया तथा मेरे खिलाफ जिला उपभोक्ता फोरम के समक्ष एक इजरा दायर कर दी। जिला फोरम ने मेरी बात को सुने बिना ही मुझे आदेश दिया कि मैं उसका पुराना कंप्रेसर वापस करुं तथा उसे दो हजार रुपये की अतिरिक्त राशि भी प्रदान करुं। कृपया उचित मार्ग दर्शन करें।*

**दर्शन लाल (विजय नगर, उ.प्र.)**

आपके पत्र से साफ है कि जिला उपभोक्ता फोरम के अनुपालन में उक्त ग्राहक को डेढ़ हजार रुपये की धनराशि ड्राफ्ट द्वारा देकर तथा पंजीकृत पत्र द्वारा पुराने कंप्रेसर को उठाने का अनुरोध कर आप जिला फोरम के आदेश का अनुपालन कर चुके हैं। इजरा में पारित आदेश न केवल केस की वस्तु स्थिति के विपरीत है, बल्कि वैधानिक स्थिति के भी खिलाफ है। आप इस मामले में राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील दायर करें।

■ *मैंने पिछले सितम्बर पूरे घर की पुताई एक नामी ब्रांड के कलर से करवाई थी। सिर्फ दो माह बाद ही पूरे घर का कलर फीका पड़ गया तथा अब तो जगह-जगह धब्बे भी पड़ गये हैं। अब पता चला है कि उक्त दुकानदार ने मुझे नकली कलर दिया था। अब आप ही बतायें कि मैं क्या कर सकता हूं?*

**बलराम दास (गोरखपुर, उ.प्र.)**

आप इस बात से संतुष्ट हैं कि उक्त दुकानदार ने आपको नकली पेंट बेचा है तो आपको कोर्ट में केस दायर करने से पहले किसी मान्यताप्राप्त लेब से उस पेंट की रासायनिक जांच करा लें तथा जांच रिपोर्ट के आधार पर आप अपना केस जिला उपभोक्ता फोरम के समक्ष दायर करें एवं उक्त दुकानदार से समुचित मुआवजे की मांग करें। इस मामले में आप उक्त दुकानदार के खिलाफ पुलिस में भी एफआईआर दर्ज करा सकते हैं।

■ *मेरा नाम आर्यन शर्मा है। मैंने चुनाव आयोग की मतदाता सूचर में अपना नाम शामिल करने के लिए आवदेन किया। जब मतदाता सूची आई तो मेरा नाम आर्यन शर्मा की जगह आयन शर्मा लिखा गया है। मैंने नियमानुसार चुनाव आयोग को अपने नाम में संशोधन के लिए आवेदन किया तो उन्होंने अबकी बार मेरा नाम आयन शमा कर दिया। अब आप ही बताएं मैं क्या करुं?*

**आर्यन शर्मा (रोहिणी, दिल्ली)**

चुनाव आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची में नाम का गलत छप जाना एक सामान्य घटना है। मतदाना सूरी में करोड़ों लोगों के नाम शामिल किये जाते हैं, ऐसे में कुछ एक त्रुटि होना कोई बड़ी गलती नहीं है। चुनाव आयोग ने नाम में त्रुटि होने की स्थिति में नाम संशोधित किये जाने की प्रक्रिया की व्यवस्था की है। हमारी आपको सलाह है कि आप एक बार फिर से चुनाव आयोग के समक्ष आवेदन कर आपने नाम को संशोधित करने का आग्रह करें। यह कार्य आप ऑनलाइन भी कर सकते हैं। आप चुनाव आयोग के ग्राहक नहीं है। अतः उपभोक्ता अदालत के समक्ष केस दायर नहीं कर सकते।

■ *जिला उपभोक्ता फोरम ने मेरी शिकायत पर कार डीलर को आदेश दिया था कि वह मुझे डेढ़ लाख रूपया बतौर मुआवजे के रूप में अदा करे। कार डीलर ने समय सीमा निकलने के बाद भी मुझे रकम नहीं दी तो मुझे जिला फोरम के समक्ष एक इजराये आवेदन दायर करना पड़ा। इस इजराये की सुनवाई के दौरान जिला फोरम ने मुआवजे की उक्त राशि को घटाकर सवा लाख रूपये कर दिया। क्या जिला फोरम का यह आदेश उचित है?*

**हरकिशन सिंह (मुरादाबाद, उ.प्र.)**

जिला उपभोक्ता फोरम का उक्त आदेश पूर्णतया गैरकानूनी है, क्योंकि निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया यह है कि कोई भी अदालत इजराये आवेदन की सुनवाई के दौरान मूल आदेश में कोई परिवर्तन नहीं कर सकता है। आप जिला फोरम के उक्त आदेश के खिलाफ तुरंत राज्य उपभोक्ता आयोग में अपील दायर करें। जिला फोरम का नया आदेश खारिज होने योग्य है।

**प्रस्तुति : निशेष जैन**

हमारा पता :-
**रिस्पाँस सेल** (समस्याएं उपभोक्ताओं की
**राष्ट्रीय सहारा**
सी-2, 3, 4, सेक्टर-11, नोएडा (उ.प्र.) 201301
ई मेल : responsecellsahara@gmail.com

## टीवी की फिल्में

**डीडी-1**
07.00 रात 'रंगीला'।

**सोनी मैक्स**
12.00 अप. 'हेबुली', 03.00 अप. 'एटीएम', 06.00 सायं 'रब ने बना दी जोड़ी', 09.00 रात 'येवाडु-3'।

**स्टार गोल्ड**
06.40 प्रातः 'रगड़ा', 09.10 प्रातः 'दृश्यम', 12.40 अप. 'मेरी ताकत मेरा फैसला', 03.35 अप. 'शोले', 08.00 रात 'डेंजरस खिलाड़ी', 10.45 रात 'जवान'।

**जी सिनेमा**
07.35 प्रातः 'ऑपरेशन दुर्योधन', 09.10 प्रातः 'लव एक्शन धमाका', 12.00 अप. 'डेरिंगबाज-3', 02.50 अप. 'मॉस', 05.45 सायं 'फिर हेरा फेरी', 09.00 रात 'खूंखार'।

**जी क्लासिक**
08.05 प्रातः 'इंतेकाम', 11.00 पूर्वा. 'क्योंकि', 02.15 अप. 'राम तेरी गंगा मैली', 05.45 सायं 'तूफान', 09.00 रात 'दिलजले'।

**बी4यू**
07.30 प्रातः 'चायना गेट', 12.00 अप. 'ज्वालामुखी', 03.00 अप. 'देवता', 06.00 सायं '16 दिसम्बर', 09.00 रात 'घातक'।

## छोटे पर्दे के कार्यक्रम

**डीडी वन** 07.00 सिने संगीत, 08.00 डेजर्ट कालिंग, 08.30 नयी दृष्टि नयी राह, 09.00 यहां के हम सिकंदर, 09.30 बातें फिल्मों की, 10.00 न्यू इंडिया संकल्प, 11.00 अखण्ड सौभाग्यवती भव, 11.30 राशि विला, 12.00 कश्मकश जिंदगी की, 12.30 खामोश सा अफशाना, 01.00 ख्वाबों के दरमियान, 01.30 जिंदगी एक भंवर, 02.00 पम्मी ब्यूटी पार्लर, 02.30 शमा, 03.00 गली गली सिम सिम, 04.00 गुडईवनिंग इंडिया, 05.00 डीडी साइंस, 06.00 न्यू इंडिया संकल्प, 07.00 हिंदी फीचर फिल्म, 10.00 न्यू इंडिया संकल्प, 11.00 अंदाज-ए-बयां, 11.30 गजल उसने छेड़ी।

**सहारा वन** 06.00 हिंदी फीचर फिल्म, 09.00 हिंदी फीचर फिल्म, 12.00 हिंदी फीचर फिल्म, 03.00 हिंदी फीचर फिल्म, 06.00 जय जय जय बजरंगबली, 06.30 डोली सजा के, 07.00 वो रहने वाली महलों की, 07.30 घर एक सपना, 08.00 डोली सजा के, 08.30 जय जय जय बजरंगबली, 09.00 करिश्मा, 09.30 घर एक सपना, 10.00 वो रहने वाली महलों की, 10.30 करिश्मा, 11.00 जय जय जय बजरंगबली, 11.30 डोली सजा के, 12.00 हिंदी फीचर फिल्म, 03.00 हिंदी फीचर फिल्म।


**जी टीवी** 07.00 पिया अलबेला, 09.00 जीत गयी तो पिया मोरे, 09.30 आपके आ जाने से, 10.00 कुमकुम भाग्य, 10.30 लकीरें, 11.00 कुण्डली भाग्य, 11.30 आपके आ जाने से, 12.00 पिया अलबेला, 01.00 कुण्डली भाग्य, 01.30 आपके आ जाने से, 02.00 जिंदगी की महक, 02.30 कुमकुम भाग्य, 03.00 कुण्डली भाग्य, 03.30 लकीरें, 04.00 वो अपना सा, 05.00 जीत गयी तो पिया मोरे, 05.30 लकीरें, 06.00 कुण्डली भाग्य, 06.30 भूतू, 07.00 जीत गयी तो पिया मोरे, 08.00 जिंदगी की महक, 08.30 पिया अलबेला, 09.00 कुमकुम भाग्य, 09.30 कुण्डली भाग्य, 10.00 वो अपना सा, 10.30 आपके आ जाने से, 11.00 भूतू।

**स्टार प्लस** 07.00 रिश्तों का चक्रब्यूह, 07.30 नामकरण, 08.00 मेरी दुर्गा, 08.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 09.00 रिश्तों का चक्रब्यूह, 09.30 ये हैं मोहब्बतें, 10.00 तू सूरज मैं सांझ पिया जी, 10.30 ये रिश्ता क्या कहलाता है, 11.00 इश्कबाज, 12.00 नामकरण, 01.00 इश्कबाज, 02.00 तू सूरज मैं सांझ पिया जी, 02.30 रिश्तों का चक्रब्यूह, 03.00 द ग्रेट इंडियन लॉफ्टर चैलेंज, 04.00 नामकरण, 04.30 इश्कबाज, 05.30 ये हैं मोहब्बतें।

## राशिफल/पंचांग

पं. कृष्ण गोपाल मिश्र

**बुधवार, 6 फरवरी, 2019**




**दैनिक सूर्योदय :** दिल्लीप्रातः 07:06, काशीप्रातः 06:38, कानपुरप्रातः 06:51, पटनाप्रातः 06:30, देहरादूनप्रातः 07:05, गोरखपुरप्रातः 06:39, लखनऊप्रातः 06:49 बजे। **दैनिक सूर्यास्त :** दिल्लीसायं 06:04, काशीसायं 05:45, कानपुरसायं 05:54, पटनासायं 05:36, देहरादूनसायं 05:58, गोरखपुरसायं 05:42, लखनऊसायं 05:51 बजे। **दैनिक चंद्रोदय :** दिल्लीप्रातः 08.02, काशीप्रातः 07:34, कानपुरप्रातः 07:47, पटनाप्रातः 07:26, देहरादूनप्रातः 08:01, गोरखपुरप्रातः 07:35, लखनऊप्रातः 07:45 बजे। **दैनिक चंद्रास्त :** दिल्लीरात्रि 07:22, काशीरात्रि 07:02, कानपुररात्रि 07:12, पटनारात्रि 06:53, देहरादूनरात्रि 07:17, गोरखपुररात्रि 06:59, लखनऊरात्रि 07:09 बजे। राहुकाल 12:00 बजे से 13:30 बजे। राष्ट्रीय माघ 17, शक् संवत् 1940। माघ शुक्ल द्वितीया, संवत् 2075, सौर (मकर) माघ मास की 25, प्रविष्टें। जमादि-उल-अव्वल 30, हिजरी 1440 (मुस्लिम)। शिशिर ऋतु। माघ शुक्ल पक्ष द्वितीया अर्द्धरात्रियोत्तर 06:42 बजे तक तदन्तर द्वितीया तिथि उदित रहेगी। धनिष्ठा नक्षत्र प्रातः 09:08 बजे तक तदन्तर शतभिषा नक्षत्र शुरु। वरीयान योग प्रातः 09:54 बजे तक तदन्तर परिघ योग शुरु। चन्द्रमा पूरा दिनरात कुम्भ राशि में ही संचरण करेगा। पंचक (पचखा), चन्द्र दर्शन मुहुर्त15 महर्घ, दुर्लभ सन्धिकर योग प्रातः 09:08 बजे से अगले दिन सूर्योदय तक, सूर्य धनिष्ठा नक्षत्र में सायं 06:47 बजे प्रवेश करेगा।

**मौसम :** उत्तर पर्वतीय क्षेत्रों में ठंड व कोहरा रहेगा परन्तु पूरे उत्तरीय क्षेत्रों में पूर्ववत् दिन की अपेक्षा ठंड में कमी आएगी। मध्य क्षेत्रों में भी तापमान बढ़ेगा।

### -- दैनिक राशिफल --

**मेष :** परिवार एवं दाम्पत्य सुख का भरपूर योग है। कार्य-पेशे में प्रगति के योग बनेंगे। विद्यार्थियों के लिए अनुकूल समय होगा। प्रयासरत्त क्षेत्रों में कुछ अड़चनों का आभास होगा। जीवन साथी के साथ भावनात्मकता बनाये रखें।

**बृषभ :** योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छबि बनायें। विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**मिथुन :** सामान्य दिनचर्या के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। परिजनों के सुख-दुख के प्रति मन चिंतित होगा। अपने पराक्रम व जौहर का भरपूर लाभ उठाने का अवसर प्राप्त होगा।

**कर्क :** कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति के आसार हैं। अपने कल्पनाशील व महत्वाकांक्षी मन को दूसरों की प्रगति से हीनता का शिकार न होने दें। किसी धार्मिक स्थल की यात्रा करने के आसार है।

**सिंह :** विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति से सगे-संबंधों के बीच मधुरता बढ़ेगी।

**कन्या :** कुछ नए पारिवारिक तनावों से मन में अशान्ति का माहौल बनेगा। परिवारक सम्बन्धों से असन्तोष की आशंका है। आपका अयधिक बोलना या फिर बिन मांगे किसी को राय देना हानिकारक हो सकता है।

**तुला :** नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। ऐसा कोई कार्य न करें, जिससे अपयश मिले। नकारात्मक चिंताएं उत्साह में कमी लाएंगी। क्रोध पर काबू रखें और आवेश में आकर कोई निर्णय न लें।

**वृश्चिक :** सुन्दर भावनात्मक अभिव्यक्ति से संबंध मधुर बनेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होने के आसार बनेंगे। कार्यक्षेत्र में सगे-संबंधों का भरपूर लाभ मिलेगा। मन सुंदर कल्पनाओं से प्रभावित होगा।

**धनु :** कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी। शिक्षार्थी शिक्षा में ध्यान दें। महत्वपूर्ण कार्यो के प्रति आलस्य न करें। राजनीतिज्ञो को ग्रहों की अनुकूलता का लाभ मिलेगा। विद्यार्थी शिक्षा-प्रतियोगिता में लापरवाही न करें।

**मकर :** भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति होने के आसार बनेंगे। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। किसी को भी छोटा न समझें। परिवार में सुखद स्थिति प्रसन्नता लाएगी। घर में खुशहाली रहेगी।

**कुंभ :** महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। कुछ नये संबंधों के प्रति निकटता आपके लिए लाभकरी हो सकती है। राजनीतिज्ञों की सक्रियता काफी तेज होगी। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

**मीन :** पुरानी बातों का पश्चाताप करने के बजाय वर्तमान में जीने का प्रयास करें। गतिमान जीवन ही सकारात्मक जीवन है। संतान संबंधित महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति होगी। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्कता अपेक्षित है।

भुवनेश्वर कुमार को जन्मदिन की हार्दिक बधाई। आपके जीवन में यह दिन बार-बार आए। आपका साधारण व्यक्तित्व और प्रभावशाली प्रदर्शन आपकी महानता को दर्शाता है। आने वाला साल आपके लिए बेहतरीन हो।
सचिन तेंदुलकर @sachin_rt



आपको दुनिया की सारी खुशियां मिलें। आप क्रिकेट के मैदान में लगातार बेहतरीन प्रदर्शन करते रहो और जीवन में प्रगति करो। भुवी को जन्मदिन मुबारक हो।
- मोहम्मद कैफ @MohammadKaif



## संक्षिप्त खबर

### इंडियन एरोज ने मिनर्वा पंजाब को हराया

**भुवनेश्वर।** इंडियन एरोज ने आईलीग फुटबाल टूर्नामेंट में मंगलवार को पिछले चैंपियन मिनर्वा पंजाब को 2-1 से हराकर उलटफेर किया। इस जीत से युवा खिलाड़ियों की टीम इंडियन एरोज तालिका में सातवें स्थान पर आ गई। मिनर्वा की टीम नौवें स्थान पर है। यहां के कलिंगा स्टेडियम में खेले गये मैच में अंडर 16 टीम के रोहित धानू ने 38वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मैन ऑफ द मैच रहीम अली ने मध्यांतर के तुरंत बाद 47वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। मिनर्वा के लिए मोइनुद्दीन ने 68वें मिनट में गोल किया लेकिन इसके बाद टीम कोई और सफलता हासिल नहीं कर सकी।

### द. अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज से चंदीमल बाहर

**कोलंबो।** श्रीलंका ने कप्तान दिनेश चंदीमल को आगामी दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए चुनी गई टेस्ट टीम से बाहर कर दिया है। चयनकर्ताओं ने इस बल्लेबाज को फार्म हासिल करने के लिए घरेलू मैचों में खेलने को कहा है। श्रीलंका क्रिकेट ने मंगलवार को बताया कि सलामी बल्लेबाज दिमुथ करुणारत्ने को 17 सदस्यीय टीम का कार्यवाहक कप्तान बनाया गया है। श्रीलंकाई टीम इस दौरे पर दो टेस्ट की सीरीज खेलेगी जो 13 फरवरी से शुरू होगी।

### रिश्वत लेते खेल प्राधिकरण का अधिकारी गिरफ्तार

**गांधीनगर।** गुजरात पुलिस की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने राज्य खेल प्राधिकरण के एक अधिकारी को सरकारी स्कूलों के बच्चों में खेलों की प्रवृत्ति को बढ़ावा दिए जाने वाले एक कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षक, उपकरण और संबंधित शिक्षा मुहैया कराने वाली एक निजी खेल कंपनी से उसका वार्षिक करार जारी रखने के एवज में 60 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए मंगलवार को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इस संबंध में गुप्त शिकायत के आधार पर जाल बिछा कर पंडया को पुराने सचिवालय स्थित प्राधिकरण में उनके कार्यालय से रंगे हाथ पकड़ लिया गया।

### वालीबाल लीग : कालीकट ने यू मुंबा को हराया

**कोच्चि।** कालीकट हीरोज ने मंगलवार को यहां यू मुंबा वाली को रोमांचक मुकाबले में 3-2 से हराकर पेशेवर वालीबाल लीग में लगातार दूसरी जीत दर्ज की। कालीकट ने यू मुंबा वाली को 15-10, 12-15, 15-13, 14-15, 15-9 से हराया। कालीकट के लिए अजित लाल ने 16 जबकि यू मुंबा वाली के लिए कप्तान दीपेश कुमार सिन्हा ने 77 अंक जुटाए।

### शशिकुमार जीते, सुमित चेन्नई ओपन से बाहर

**चेन्नई।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी शशिकुमार मुकुंद ने चेन्नई ओपन एटीपी चैलेंजर 80 टेनिस टूर्नामेंट में मंगलवार को यहां दूसरे दौर में जर्मनी के सेबास्टियन फांसेलोव को 6-3, 6-1 से हराया। वहीं सुमित नागल को कोरिया के आठवीं वरीयता प्राप्त डकही ली से 3-6, 4-6 से शिकस्त मिली। एक अन्य मैच में मनीष सुरेशकुमार सीधे सेटों में हार गए। वाइल्ड कार्ड धारक इस खिलाड़ी को ब्रिटेन के ब्रेडान क्लीन ने 6-2, 6-3 हराया।

### त्वेसा मलिक को बढ़त

**अहमदाबाद।** त्वेसा मलिक ने पहले दौर में पार 72 के स्कोर के साथ महिला पेशेवर गोल्फ टूर के तीसरे चरण में बढ़त बना ली है। त्वेसा ने तीन बर्डी की लेकिन वह तीन बोगी भी कर गई। त्वेसा ने गौरिका बिश्नोई पर तीन शाट की बढ़त बना रखी है जिन्होंने 75 का स्कोर बनाया। पुणे में दूसरे चरण की उप विजेता अमनदीप द्राल 77 के स्कोर से सिद्धी कपूर के साथ संयुक्त दूसरे स्थान पर चल रही हैं। दूसरे चरण की विजेता गुरसिमर बडवाल, पहले चरण की विजेता नेहा त्रिपाठी, स्मृति मेहरा, अफशां फातिमा और ज्योत्सना सिंह छह ओवर के स्कोर के साथ संयुक्त पांचवें स्थान पर हैं।

### आडवाणी और मेहता जीते

**इंदौर।** क्यू खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने मंगलवार को राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सीनियर पुरुष स्नूकर वर्ग के पहले दौर में महाराष्ट्र के मुकुंद वहाडिया को 4-0 से हराया। पीएसपीबी के ही आदित्य मेहता को जीत के लिए कड़ा संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने सात फ्रेम में कर्नाटक के कुशान सिंह को 4-3 से मात दी। सीनियर महिला बिलियर्ड्स वर्ग में पंजाब की कीरत बंडल और कर्नाटक की उमा देवी ने अपने दमदार प्रदर्शन को बरकरार रखते हुए खिताबी मुकाबले में जगह बना ली।

### ट्वेंटी-20 में दस साल का चैलेंज पूरा करेगी भारतीय टीम

# एक और सीरीज जीतने उतरेगी टीम इंडिया



**वेलिंगटन :** अभ्यास सत्र के दौरान मजाक के मूड में भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव और युजवेंद्र चहल। फोटो : आईएएनएस

**वेलिंगटन (वार्ता)।** सफलता के रथ पर सवार टीम इंडिया अपना विजय क्रम जारी रखते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार को यहां होने वाले पहले टी-20 मुकाबले में 10 साल का चैलेंज पूरा करने के मजबूत इरादे से उतरेगी। भारत ने जकी जमीन पर एकमात्र टी-20 सीरीज 2009 में खेली थी और दो मैचों की उस सीरीज को मेजबान टीम ने 2-0 से जीता था। न्यूजीलैंड में पांच मैचों की वनडे सीरीज 4-1 से जीतने के बाद भारत के पास अब शानदार मौका है कि वह 10 साल पहले की हार का बदला चुकाए। विदेशी जमीन पर सीरीज जीत का चौका लगाने का अभूतपूर्व कारनामा कर दिखाए।

भारत का न्यूजीलैंड के खिलाफ बीसमब्बीस फॉर्मेट में रिकॉर्ड अच्छा नहीं है और इस प्रारूप में न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए आठ मैचों में भारत मात्र दो मैच ही जीत पाया है और छह मैच हारा है। नियमित कप्तान विराट कोहली इस सीरीज में उपलब्ध नहीं हैं और उन्हें आखिरी दो वनडे के बाद इस सीरीज से विश्राम दिया गया है। रोहित शर्मा के कंधों पर कप्तानी का भार है और इस फॉर्मेट में भी वह टीम को सीरीज जीत दिलाने के इरादे से उतरेंगे।

विराट को विश्राम दिए जाने के बाद रोहित ने चौथे वनडे में कप्तानी संभाली थी लेकिन भारतीय टीम 92 रन पर आउट होने के बाद वह मैच आठ विकेट से हार गई थी लेकिन पांचवें मैच में भारत ने जबरदस्त प्रदर्शन करते हुए मेजबान टीम को धो डाला था। भारतीय टी-20 टीम में इस फॉर्मेट के कई शानदार खिलाड़ी मौजूद हैं। ऑलराउंडर क्रुणाल पांड्या और विस्फोटक बल्लेबाज ऋषभ पंत टीम को मजबूती देंगे। ओपनर शिखर धवन ने माना है कि पंत में इस फॉर्मेट में अकेले अपने दम पर मैच का रुख बदलने की काबिलियत है। टीम आगामी विश्व कप के मद्देनजर महेंद्र सिंह धोनी को विकेट के पीछे जारी रखेगी ताकि उनका अभ्यास बना रहे जबकि पंत एक विशुद्ध बल्लेबाज के रूप में उतरेंगे।

वनडे सीरीज के आखिरी दो मैचों में कुछ ख़ास नहीं कर पाए युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के लिए यह सीरीज खुद को साबित करने का अच्छा मौका रहेगी। ऑलराउंडर विजय शंकर भी मौका मिलने पर अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज खलील अहमद के लिए भी सीरीज एक अच्छा मौका रहेगी।

मेजबान न्यूजीलैंड की टीम वनडे सीरीज की हार के बाद वापसी करना चाहेगी हालांकि मार्टिन गुप्तिल के चोटिल होकर सीरीज से बाहर होने से उसे कुछ झटका लगा है। भारत के खिलाफ पांचवें और आखिरी वनडे मैच में पीठ में चोट के कारण बाहर रहने वाले ओपनर गुप्तिल पूरी तरह फिट न होने के कारण टी-20 सीरीज से भी बाहर हो गए हैं।

**पहला टी-20 आज**
■ मैच भारतीय समय के अनुसार दोपहर 12:30 बजे से

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम भी दिखाएगी दम

**वेलिंगटन (भाषा)।** आखिरी वनडे में हार के बाद भारतीय महिला क्रिकेट टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ बुधवार से शुरू हो रही तीन मैचों की टी-20 सीरीज के पहले मैच में शानदार प्रदर्शन करके जीत की राह पर लौटना चाहेगी। तीन मैचों की सीरीज महिला वनडे चैंपियनशिप का हिस्सा थी जो भारत ने 2-1 से जीती लेकिन हैमिल्टन में एक फरवरी को आखिरी मैच में आठ विकेट से पराजय झेलनी पड़ी।

वनडे में मिताली राज कप्तान थी जबकि अब हरमनप्रीत कौर कमान संभालेगी। इंग्लैंड में टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में इंग्लैंड के हाथों पराजय के बाद भारत का यह पहला टी-20 मैच है। उस मैच में मिताली को बाहर रखा गया था जिसके बाद हुए विवाद में रमेश पोवार की जगह डब्ल्यूवीरमन को कोच बनाया गया। टी-20 क्रिकेट में मिताली के स्ट्राइक रेट पर सवाल उठे थे और अब देखना यह है कि 200 वनडे खेल चुकी यह अनुभवी खिलाड़ी इस प्रारूप में कैसा प्रदर्शन करती है।

तीसरे वनडे में भारतीय बल्लेबाजों को स्पिनरों ने काफी परेशान किया। इसमें सुधार की जरूरत है। बल्लेबाजी में हरमनप्रीत पर काफी दारोमदार होगा जबकि स्मृति मंधाना और जेमिमा रौड्रिगेज से अच्छी शुरुआत की उम्मीद होगी।

मंधाना पहले दो वनडे में 90 और 105 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द सीरीज रही थी। तानिया भाटिया ने टी-20 विश्व कप सेमीफाइनल में मंधाना के साथ पारी का आगाज किया था लेकिन उसके बाद से रौड्रिगेज के रूप में उसे अच्छा जोड़ीदार मिला है। नई खिलाड़ी प्रिया पूनिया पर सभी की नजरें होंगी जो खराब फार्म से जूझ रही वेदा कृष्णामूर्ति की जगह लेंगी।

**पहला टी-20**
■ मैच भारतीय समय के अनुसार सुबह 8:30 बजे से



**वेलिंगटन :** अभ्यास सत्र के दौरान भारतीय महिला क्रिकेटर। फोटो : आईएएनएस

# स्नेल पटेल का शतक भी नहीं दिला सका सौराष्ट्र को बढ़त

**नागपुर (वार्ता)।** ओपनर स्नेल पटेल (102) के शानदार शतक और निचले क्रम के बल्लेबाजों के उपयोगी योगदान के बावजूद सौराष्ट्र पिछले चैंपियन विदर्भ के खिलाफ रणजी ट्रॉफी फाइनल के तीसरे दिन मंगलवार को पहली पारी में बढ़त हासिल करने से मामूली अंतर से चूक गया।

सौराष्ट्र ने पांच विकेट पर 158 रन से आगे खेलना शुरू किया लेकिन उसकी पहली पारी 117 ओवर में 307 रन पर समाप्त हो गई। विदर्भ ने अपनी पहली पारी में 312 रन बनाए थे। विदर्भ को इस तरह पहली पारी में पांच रन की बढ़त मिली।

विदर्भ ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दो विकेट खोकर 55 रन बना लिए है और उसके पास कुल 60 रन की बढ़त हो गई है। विदर्भ की दूसरी पारी में कप्तान फैज फजल 45 गेंदों में 10 रन और संजय रामास्वामी 72 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हुए। दोनों विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने लिए। स्टंप्स के समय गणेश सतीश 45 गेंदों में एक चौके और एक छक्के की मदद से 24 रन और अनुभवी वसीम जाफर 24 गेंदों में पांच रन बनाकर क्रीज पर थे।

इससे पहले ओपनर और विकेटकीपर स्नेल पटेल ने सुबह 87 रन से अपनी पारी को आगे बढ़ाया। उनके साथ प्रेरक मांकड ने 16 रन से आगे खेलना शुरू किया। सौराष्ट्र ने अपना छठा विकेट 173 के स्कोर पर गंवाया। लेफ्ट आर्म स्पिनर आदित्य सरवटे ने मांकड को पगबाधा कर दिया। मांकड ने 62 गेंदों पर 21 रन में दो चौके लगाए। पटेल अपना शतक पूरा करने के बाद तेज गेंदबाज उमेश यादव की गेंद पर अक्षय वाडकर को कैच थमा बैठे। पटेल ने 209 गेंदों पर 102 रन में 15 चौके लगाए। पटेल का विकेट 184 के स्कोर पर गिरा।

धर्मेंद्रसिंह जडेजा ने 32 गेंदों में दो चौकों और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए लेकिन वह सरवटे का पांचवां शिकार बन गए। सौराष्ट्र का आंठवां विकेट 222 के स्कोर पर गिरा। कमलेश मकवाना 61 गेंदों में 27 रन बनाने के बाद अक्षय वखारे की गेंद पर आउट हुए। सौराष्ट्र का नौवां विकेट 247 के स्कोर पर गिरा। कप्तान जयदेव उनादकट और चेतन सकारिया ने आखिरी विकेट के लिए जबरदस्त साझेदारी की और टीम को बढ़त के करीब पहुंचा दिया लेकिन वखारे ने उनादकट को आउट कर सौराष्ट्र की पारी 307 रन पर समेट दी। सौराष्ट्र इस तरह बढ़त हासिल करने से जरा सा दूर रह गया।

उनादकट ने 46 रन में चार चौके लगाए जबकि सकारिया ने 82 गेंदों पर नाबाद 28 रन में चार चौके लगाए। विदर्भ की तरफ से सरवटे ने 98 रन पर पांच विकेट, वखारे ने 80 रन पर चार विकेट और यादव ने 59 रन पर एक विकेट लिया।

**रणजी ट्रॉफी फाइनल**
■ विदर्भ के पहली पारी में 312 के जवाब में सौराष्ट्र की टीम अपनी पहली पारी में 307 रन ही बना सकी



शतक जमाने पर स्नेल। फोटो : प्रेट्र

# 'गेम चेंजर' है ऋषभ पंत : शिखर

**वेलिंगटन (भाषा)।** भारत के सीनियर बल्लेबाज शिखर धवन ने मंगलवार को कहा कि उदीयमान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत मैच का पासा तुरंत पलटने की अपनी क्षमता के कारण भारतीय टीम के लिए काफी उपयोगी बन गए हैं।



हाल ही में आईसीसी वर्ष के उदीयमान खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने वाले पंत ने बुधवार से न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरू हो रही टी-20 सीरीज के लिए भारतीय टीम में वापसी की है। उन्हें महेंद्र सिंह धोनी के वारिस के रूप में देखा जा रहा है और इंग्लैंड तथा आस्ट्रेलिया में उम्दा प्रदर्शन करके उन्होंने अपनी उपयोगिता साबित भी की है।

धवन ने कहा, 'वह काफी आक्रामक बल्लेबाज है और टीम के लिए उपयोगी भी। वह किसी भी मौके पर मैच का पासा पलट सकते हैं। उम्मीद है कि इस मौके को वह अच्छी तरह से भुनाएगा।' उन्होंने कहा कि न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की इस सीरीज के जरिए वे दौरे का जीत के साथ अंत करना चाहेंगे और आस्ट्रेलिया के खिलाफ इस महीने के आखिर में भारत में शुरू हो रही सीरीज में भी लय कायम रखना चाहेंगे।

उन्होंने कहा, 'हम भी इंसान है और शरीर को आराम की जरूरत होती है। हम इस सीरीज का अंत भी जीत के साथ करके आस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू सीरीज में यह लय कायम रखना चाहेंगे।' यह पूछने पर कि मई से जुलाई तक इंग्लैंड में होने वाले 50 ओवरों के विश्व कप से पहले टी-20 सीरीज का क्या औचित्य है। धवन ने कहा, 'मुझे लगता है कि पांच वनडे काफी हैं। यह अच्छी बात है कि अंत में हम टी-20 खेल रहे हैं। हमें अब तक के प्रदर्शन पर काफी खुशी है।'

# सरफराज विश्व कप में होंगे पाक के कप्तान : पीसीबी

**इस्लामाबाद (वार्ता)।** आईसीसी से चार मैचों का प्रतिबंध झेल रहे पाकिस्तान के कप्तान सरफराज खान को पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) से राहत की खबर मिली है। पीसीबी ने कहा है कि 2019 में इंग्लैंड में होने वाले वनडे विश्व कप में सरफराज ही पाकिस्तान टीम का नेतृत्व करेंगे। पीसीबी ने एक बार फिर सरफराज का समर्थन किया है और उन्हें विश्व कप से चंद महीने पहले इस जिम्मेदारी का दायित्व सौंपा है।



पीसीबी के अध्यक्ष एहसान मनी ने कहा, 'सरफराज पाकिस्तान विश्व कप की तैयारी का एक अभिन्न हिस्सा हैं। वह एक अच्छे रणनीतिकार, कप्तान, बेहतरीन खिलाड़ी साबित हुए हैं। उनके नेतृत्व में ही पाकिस्तान ने चैंपियंस ट्रॉफी 2017 जीती और उनकी कप्तानी में ही पाकिस्तान आईसीसी की टी-20 रैंकिंग के शीर्ष पर पहुंचा है।' मनी ने साथ ही कहा कि सरफराज की कप्तानी की विश्व कप के बाद ही समीक्षा की जाएगी।

गौरतलब है कि पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरीज के दूसरे के दौरान सरफराज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाड़ी एंडिले फेहलुकवायो पर नस्लीय टिप्पणी की थी जिसे विकेट के पीछे माइक ने रिकॉर्ड कर लिया था। इसके बाद सरफराज ने ट्वीट करके और फेहलुकवायो से मुलाकात कर उनसे माफी मांग ली थी, इसके बावजूद आईसीसी ने उनपर चार मैचों का प्रतिबंध लगा दिया था। फिलहाल सरफराज पाकिस्तान सुपर लीग और मार्च में आस्ट्रेलिया के साथ होने वाली सीरीज के लिए अभ्यास कर रहे हैं।

# रोनाल्डो के कारण चीन में लोकप्रियता में जुवेंटस ने रीयल मैड्रिड को पछाड़ा

**शंघाई (एएफपी)।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो के रीयल मैड्रिड को छोड़कर जुवेंटस से जुड़ने के बाद चीन में इस फुटबाल क्लब की लोकप्रियता में जबर्दस्त इजाफा हुआ है। रोनाल्डो ने सीरि ए के 22 मैचों में 17 गोल दागकर जुवेंटस को इतालवी लीग खिताब बरकरार रखने की दिशा में अग्रसर कर दिया है।



पिछले साल 11 करोड़ यूरो के अनुबंध पर जुवेंटस से जुड़े रोनाल्डो के प्रशंसकों की चीन में कमी नहीं है। उनके जुवेंटस से जुड़ने के बाद ट्विटर जैसे वेइबो, सोशल मीडिया और मैसेजिंग एप वीचैट, वीडियो एप टिकटोक पर क्लब के 308000 फालोअर्स बढ़ गए हैं। क्लब ने बताया कि जुलाई से दिसम्बर के बीच उसके फालोअर 70 प्रतिशत बढ़े। दूसरी ओर रीयल मैड्रिड के 8000 फालोअर कम हो गए हैं।

# पंजाब और मुंबई क्वार्टर फाइनल में

**ग्वालियर (वार्ता)।** पिछले चैंपियन पंजाब और मुंबई सहित आठ टीमों ने नौवीं हॉकी इंडिया सीनियर पुरुष राष्ट्रीय चैंपियनशिप ए डिवीजन में मंगलवार को क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली। पूल ए से पंजाब और मुंबई, पूल बी से पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड और हरियाणा, पूल सी से रेलवे और पंजाब एंड सिंध बैंक तथा पूल डी एयर इंडिया और कर्नाटक ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई है। दिन के मैचों में सर्विसिस ने 1-3 से वापसी करते हुए पंजाब के साथ 3-3 का ड्रा खेला। रेलवे का पंजाब एंड सिंध बैंक के साथ मैच भी 3-3 से ड्रा रहा। मुंबई ने चंडीगढ़ को 3-1 से हराया जबकि पंजाब एंड सिंध बैंक ने गंगपुर-ओडिशा को 3-2 से हराया। पेट्रोलियम स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड टीम ने सीआरपीएफ टीम को 10-2 से और एयर इंडिया ने कैनरा बैंक को 5-3 से पराजित किया। सीएजी ने भोपाल को भोपाल को 8-0 से हराया। कर्नाटक ने ओडिशा को 3-2 से हराया।

**राष्ट्रीय हॉकी**

# हॉकी विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी करेगा भारत

**लुसाने (भाषा)।** भारत समेत छह देशों ने अगले हॉकी विश्व कप की मेजबानी की दावेदारी पेश की है। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। भारत ने 13 से 29 जनवरी 2023 तक महिला या पुरुष विश्व कप की मेजबानी का दावा किया है।

आस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड ने भी इसी विंडो को चुना है। भारत तीन बार विश्व कप की मेजबानी कर चुका है जिनमें से आखिरी बार भुवनेश्वर में पिछले साल विश्व कप हुआ था। स्पेन, मलयेशिया और जर्मनी ने एक से 17 जुलाई 2022 का विंडो चुना है।

एफआईएच ने एक बयान में कहा, 'बोली लगाने वाले देशों को 31 जनवरी 2019 तक अपनी दावेदारी पेश करनी थी। उन्हें दो विंडो एक से 17 जुलाई 2022 और 13 से 29 जनवरी 2023 की दो विंडो दी गई थी।' एफआईएच का कार्यकारी बोर्ड इस साल जून में अंतिम फैसला लेगा। एफआईएच सीईओ थियरी वेल ने कहा, 'एफआईएच को खुशी है कि इतनी मजबूत बोलियां मिली है। इससे साबित होता है कि हमारे टूर्नामेंट कितने लोकप्रिय हैं।'

# फेड कप विश्व ग्रुप दो में क्वालीफाई करने उतरेगा भारत

**अस्ताना (भाषा)।** भारत की शीर्ष एकल खिलाड़ी अंकिता रैना और करमन कौर थांडी बुधवार को यहां शुरू हो रहे फेड कप टेनिस टूर्नामेंट विश्व ग्रुप दो में क्वालीफाई के लिए भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगी। भारत पूल ए में है जिसमें थाईलैंड के रूप में उसे आसान चुनौती मिली है। असल चुनौती मेजबान कजाकिस्तान है जिसके बाद शीर्ष 100 में शामिल दो एकल खिलाड़ी है। कजाकिस्तान की यूलिया पुतिनसेवा विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है जबकि जरीना दियास 96वें स्थान पर है।

पूल ए और बी की विजेता टीम आपस में खेलेंगी जिससे तय होगा कि विश्व कप दो में किसे जगह मिलेगी। पूल बी में चीन है जिसके पास दुनिया की 40वें नंबर की खिलाड़ी शुआई झांग और 42वीं रैंकिंग वाली सेइसेइ झेंग है। इसके अलावा कोरिया, इंडोनेशिया और प्रशांत ओशियाना भी इस ग्रुप में है। पूल बी से चीन का शीर्ष पर रहना लगभग तय है जबकि पूल ए में भारत और कजाकिस्तान में से कोई पहुंचेगा।

पिछले साल दिल्ली में अंकिता ने पुतिनसेवा को हराया था लेकिन इस बार कजाख खिलाड़ी अपने देश में खेल रही है। भारतीय टीम कजाकिस्तान को हरा देती है तो प्रमोशन प्लेआफ में चुनौती और कठिन हो जाएगी। कप्तान विशाल उप्पल ने कहा, 'हम एक समय पर एक मैच के बारे में सोच रहे हैं। हमारी पहली चुनौती थाईलैंड को हराना है। कजाकिस्तान की टीम मजबूत है लेकिन हमारे खिलाड़ी उलटफेर करने को बेताब हैं।'

> मोदी सरकार ने किसानों को तोहफा दिया है। अब तीन लाख रुपए तक के कर्ज पर नहीं देनी होगी कोई प्रोसेसिंग फीस
> ——तेजेन्द्र पाल सिंह बग्गा@TajinderBagga

> अरबों के बैंक घोटालेबाज विजय माल्या को ब्रिटेन ने भारत ले जाए जाने की स्वीकृति दी। ये है मोदी सरकार की भगौड़ों के खिलाफ कड़े रुख का नतीजा!
> ——कैलाश विजयवर्गीय@KailashOnline



## संक्षिप्त खबरें

### शेयर बाजार में बढ़त



**मुंबई।** शेयर बाजारों में मंगलवार को मामूली तेजी रही। बीएसई का सेंसेक्स कारोबार के दौरान सीमित दायरे में रहा और अंत में यह 34.07 अंक की बढ़त के साथ 36,616.81 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, एनएसई निफ्टी 22.10 अंक की तेजी के साथ 10,934.35 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में हीरो मोटो कार्प, इंडसइंड बैंक, बजाज आटो, मारुति तथा महिंद्रा एंड महिंद्रा लाभ में रहे। ये शेयर 2.66 प्रतिशत तक मजबूत हुए। वहीं दूसरी तरफ टाटा मोटर्स, कोल इंडिया, ओएनजीसी, टाटा स्टील, यस बैंक, सन फार्मा, आईटीसी तथा आईसीआईसीआई बैंक के शेयरों में 2.63 प्रतिशत तक की गिरावट रही

### गडकरी शिलान्यास करेंगे

**नई दिल्ली।** परिवहन मंत्री नितिन गडकरी बुधवार को तीन राजमार्ग परियोजनाओं के लिए आधारशिला रखेंगे। इन परियोजनाओं पर 2,345 करोड़ रुपए का निवेश अनुमानित है। मंत्रालय के अनुसार इन परियोजनाओं से ओडिशा के खनिज संपन्न अंगुल और ढेंकनाल जिलों का राज्य के अन्य भागों से बेहतर संपर्क सुनिश्चित होगा। बयान के अनुसार गडकरी ढेंकनाल जिले के कामख्यानगर में तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं के लिये भूमि पूजन करेंगे। इन परियोजनाओं के तहत 132 किलोमीटर लंबा राजमार्ग का निर्माण किया जाएगा। इस पर 2,345 करोड़ रुपये का निवेश अनुमानित है।

### कुशल ग्रुप पर छापेमारी

**अहमदाबाद ।** आयकर विभाग की टीम ने मंगलवार को पेपर ट्रेडिंग फर्म कुशल ग्रुप के विभिन्न परिसरों और ठिकानों पर छापेमारी की कार्रवाई की। ग्रुप पर शेयरों की कीमत को कृत्रिम रूप से बढ़ाने के लिए बेहिसाब नकदी का उपयोग करके अपने शेयरों को खरीदने और बेचने में शामिल होने का आरोप है। विभाग के अधिकारियों ने कहा कि समूह की प्रमुख कंपनी कुशल के पास कारोबार की कोई मजबूत बुनियाद नहीं है इसके बावजूद कीमतों को बढाने के लिए उसने बड़े पैमाने पर अपने शेयरों को खरीद और बेचा। कंपनी ने अधिकारियों ने फिलहाल इस मामले में कोई टिप्पणी नहीं की है।

### ट्विटर के अधिकारी तलब

**नई दिल्ली।** सूचना प्रौद्योगिकी पर संसदीय समिति ने सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर नागरिकों के अधिकार के सुरक्षा के मुद्दे पर ट्विटर अधिकारियों को तलब किया है। समिति के अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने मंगलवार को यह जानकारी दी। समिति ने इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रतिनिधियों को भी बैठक में शामिल होने के लिए कहा है। यह बैठक 11 फरवरी को होनी है। सांसद अनुराग ठाकुर ने अगले सप्ताह होने वाली समिति की बैठक का एजेंडा ट्वीट करते हुए कहा कि ट्विटर के प्रतिनिधियों को इस मुद्दों पर अपने विचार रखने के लिए समिति के सामने पेश होने के लिए कहा गया है।

### मुकेश अंबानी की मुलाकात

**नई दिल्ली।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने मंगलवार को सऊदी अरब की राष्ट्रीय तेल कंपनी सऊदी अरामको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) अमीन नासर से मुलाकात की। कंपनी ने यह जानकारी दी। सऊदी अरामको ने ट्वीट में कहा, 'रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी ने हमारे सीईओ के साथ बैठक करके हमारे नए मोर्चे के बारे में जानकारी ली।' *(एजेंसियां)*

# सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में आई गिरावट

**रपट**

- जनवरी में नए आर्डर घटने से आई कारोबार में सुस्ती
- हालांकि इस दौरान नई भर्तियों में दर्ज हुई अच्छी बढ़ोतरी
- जनवरी में घटकर 52.2 के स्तर पर आया सूचकांक
- आने वाले दिनों में भी रह सकती है कारोबार में नरमी

**नई दिल्ली (भाषा)।**

देश के सेवा क्षेत्र की गतिविधियां जनवरी में लगातार दूसरे महीने घटी हैं। पिछले चार महीनों में इस दौरान नए आर्डरों में सबसे कम गति से वृद्धि हुई है। हालांकि कंपनियों की ओर से नए लोगों को नौकरियों पर रखना जारी है। यह जानकारी एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को सामने आई है।

कंपनियों के परचेजिंग मैनेजरों के बीच किया जाने वाला मासिक सर्वेक्षण 'निक्की इंडिया सर्विसेस बिजनेस एक्टिविटी इंडेक्स' (सेवा क्षेत्र का पीएमआई) जनवरी में 52.2 अंक रहा जो दिसम्बर में 53.2 अंक था। यह सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में कमी को दर्शाता है।




हालांकि यह कमी मासिक आधार पर है। वास्तव में पीएमआई का 50 अंक से ऊपर रहना, संबंधित क्षेत्र में विस्तार और उससे नीचे रहना क्षेत्र में संकुचन को दर्शाता है। इस तरह यह लगातार आठवां महीना है जब सेवा क्षेत्र में गतिविधियां बढ़ी हैं।

आईएचएस मार्केट की प्रधान अर्थशास्त्री और इस रपट की लेखिका पॉलियाना डी लीमा ने कहा, 'भारतीय सेवा क्षेत्र में पिछले चार महीने से गतिविधियां लगभग समान स्तर पर बनी हुई हैं। जनवरी के आंकड़े भी विस्तार के रुख को प्रदर्शित करते हैं।'

लीमा ने कहा कि कुछ संकेत हैं जिनसे लगता है कि गतिविधियों में विस्तार की यह रफ्तार थम जाएगी, भले यह संक्षिप्त अवधि के लिए हो, क्योंकि पिछले चार महीनों में मांग में सबसे कमजोर सुधार देखा गया है।

सर्वेक्षण के अनुसार सेवा गतिविधियों में बढ़त थमने की अहम वजह नए काम का धीमा विस्तार और बिक्री में कम बढोत्तरी होना है। जनवरी में यह पिछले चार महीनों में सबसे कम रही है। हालांकि इस दौरान नयी नौकरियों का सृजन हआ है और यह तीन महीने के उच्च स्तर पर बना हुआ है।




# आय योजना से किसानों को कोई फायदा नहीं

### ▶ मोदी-राहुल की योजना को अमेरिकी थिंक टैंक ने किया खारिज

**वाशिंगटन (भाषा)।**

किसानों को लाभ देने के लिए भूस्वामित्व को आधार बनाने से भारत में ग्रामीण आबादी के बड़े हिस्से को लाभ मिलने की संभावना नहीं है और यह वास्तविक समस्या को हल नहीं करेगा बल्कि राजकोषीय बोझ बढ़ाएगा। एक अमेरिकी थिंक टैंक के एक विशेषज्ञ ने यह विचार व्यक्त किए हैं।

करीब 12 करोड़ लघु एवं सीमांत किसानों को 6,000 रुपए प्रति वर्ष का प्रत्यक्ष वित्तीय लाभ प्रदान करने के लिए सरकार के बजटीय प्रस्ताव पर कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा न्यूनतम आय गारंटी देने की घोषणा के बारे में पूछे जाने पर ए. मुखर्जी ने इन पहलों को चुनाव से पहले की राजनीतिक नौटंकी बताया। सेंटर फार ग्लोबल डेवलपमेंट थिंक-टैंक के एक नीतिगत मामलों के फेलो मुखर्जी ने बताया, 'कुछ सबूत हैं कि भूस्वामित्व के आधार पर लाभ देने के लिए किसानों का चुनाव करने से ग्रामीण आबादी के एक बड़े हिस्से को लाभ नहीं होगा। यदि सरकार पहले से ही बेहतर जीवन बिता रहे किसानों का पक्ष लेती दिखाई देती है, तो यह राजनीतिक रूप से उल्टा भी पड़ सकता है।'



- कहा, चुनाव से पहले की राजनीतिक नौटकियां हैं किसानों से जुड़ी ये योजनाएं
- पहले से ही लाभ पा रहे किसानों की मदद का उल्टा पड़ सकता है सियासी असर
- सियासी दलों ने शहरी गरीबों को एकदम भुला दिया है, इसपर ध्यान देने की सलाह
- महानगरों और छोटे शहरों में गरीबों की संख्या में काफी तेजी से हो रही है बढ़ोतरी

लोक वित्त और विकासशील देशों में सेवाएं पहुंचाने के मामले में अपने काम के लिए जाने जाने वाले मुखर्जी ने राहुल गांधी की न्यूनतम आय गारंटी और सरकार की सर्वजन आय समर्थन योजनाओं को भ्रामक बताते हुए खारिज किया। उन्होंने कहा, 'इन दोनों मामलों में शहरी गरीब को एकदम भुला दिया गया है।

## एमएसएमई क्षेत्र ने दिया 10 करोड़ लोगों को रोजगार

**नई दिल्ली (एसएनबी)।**

केंद्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) मंत्री गिरिराज सिंह ने मंगलवार को कहा कि एमएसएमई क्षेत्र ने 2014-18 के दौरान 10 करोड़ लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया है। यह आंकड़ा उन लोगों पर करारा तमाचा है जो इस क्षेत्र की प्रतिष्ठा को कम करने के लिए दुष्प्रचार कर रहे हैं।

हाल में आई खबरों में कहा गया था कि एनएसएसओ के एक नियत समय पर किए जाने वाले सर्वे के अनुसार 2017-18 में बेरोजगारी की दर 1972-73 के बाद सबसे ऊंची रही है। सिंह ने कहा कि 2014-18 के दौरान ऋण गारंटी योजना के तहत 18 लाख उद्यमियों ने ऋण लिया जबकि 2010-14 के दौरान सिर्फ 11 लाख उद्यमियों ने इस योजना के तहत ऋण लिया था।

उन्होंने बताया कि 2014-18 के दौरान दो लाख उद्यमियों को प्रधानमंत्री रोजगार गारंटी कार्यक्रम का लाभ मिला। इस तरह योजना के लाभार्थियों की संख्या 20 लाख हो गई है। उन्होंने कहा कि मौजूदा एमएसएमई ने कम से कम सात करोड़ लोगों को रोजगार दिया है जबकि नए उद्यमियों ने तीन करोड़ लोगों को रोजगार दिया है।

# दूसरा सबसे बड़ा LPG उपभोक्ता बना भारत

**नई दिल्ली (एसएनबी)।**

सरकार की प्रत्येक परिवार को स्वच्छ रसोई गैस ईंधन उपलब्ध कराने की पहल से भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता बन गया है। पेट्रोलियम सचिव एमएम कुट्टी ने मंगलवार को कहा कि देश में एलपीजी की मांग 2025 तक 34 फीसद बढ़ने का अनुमान है।

एशिया एलपीजी सम्मेलन को संबोधित करते हुए कुट्टी ने कहा कि एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या में सालाना आधार पर 15 फीसद वृद्धि हुई है। वर्ष 2014-15 में एलपीजी उपभोक्ताओं की संख्या 14.8 करोड़ थी जो वर्ष 2017-18 में बढ़कर 22.4 करोड़ हो गई। उन्होंने कहा कि जनसंख्या में तेज वृद्धि तथा गावों में एलपीजी पहुंच बढ़ने से एलपीजी उपभोग में औसतन 8.4 फीसद वृद्धि हुई है। इससे 2.25 करोड़ टन के साथ भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा एलपीजी उपभोक्ता बन गया है।

**सम्मेलन**



- उज्ज्वला योजना की वजह से हासिल हुई यह उपलब्धि
- इसके तहत छह करोड़ गरीब महिलाओं को दिए जा चुके हैं कनेक्शन
- वर्ष 2020 तक आठ करोड़ कनेक्शन देने का है लक्ष्य

पेट्रोलियम मंत्रालय के अनुमान के अनुसार 2025 तक एलपीजी उपभोग बढ़कर 3.03 करोड़ टन पर पहुंच जाएगा। 2040 तक यह आंकड़ा 4.06 करोड़ टन होगा। कुट्टी ने कहा कि सरकार ने देशभर में एलपीजी के उपभोग को प्रोत्साहन देने के लिए कई कदम उठाए हैं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि उज्ज्वला योजना मई, 2016 में शुरू हुई थी। इसके तहत तीन साल मे पांच करोड़ गरीब महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इसके तहत अब तक छह करोड़ गरीब महिलाओं को एलपीजी कनेक्शन दिए जा चुके हैं।

# करदाताओं को 24 घंटे में मिलने लगेगा कर रिफंड

**नई दिल्ली (भाषा)।** करदाताओं को 24 घंटे के भीतर रिफंड देने के लिए राजस्व विभाग दो साल के भीतर एक तंत्र बनाएगा। तंत्र यह सुनिश्चित करेगा कि सभी रिटर्नों की जांच-पड़ताल 24 घंटे के भीतर हो जाए और साथ ही साथ रिफंड भी जारी हो जाए। एक शीर्ष अधिकारी ने यह बात कही।




सरकार ने पिछले महीने केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के सूचना प्रौद्योगिकी ढांचे को उन्नत बनाने के लिए 4200 करोड़ रुपए स्वीकृत किए हैं। इससे रिटर्न, रिफंड, कर अधिकारी एवं करदाताओं का आमना-सामना नहीं होने और सत्यापन प्रक्रिया में तेजी लाने में मदद मिलेगी। राजस्व सचिव अजय भूषण पांडे ने कहा कि मौजूदा समय में रिफंड का काम स्वचालित तरीके से आनलाइन होता है। इस वर्ष में 1.50 लाख करोड़ रुपए का रिफंड सीधे बैंक खातों में भेजा गया है। अब रिफंड प्रणाली को ज्यादा उन्नत बनाया जा रहा है ताकि 24 घंटे के भीतर लोगों को रिफंड मिल सके।

## रीड एंड टेलर कंपनी को बेचने का आदेश

**मुंबई (भाषा)।** राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) ने मंगलवार को वित्तीय संकट में फंसी कंपनी रीड एंड टेल के परिसमापन का आदेश दे दिया।

हालांकि, न्यायाधिकरण ने समाधान पेशेवरों से कंपनी के कर्मचारियों के हित में कंपनी की बिक्री एक परिचालन में रहने वाली कंपनी के तौर पर सुनिश्चित करने को कहा है। नए निवेशक इंडिया गैस के 50 करोड़ रुपए के अनिवार्य नेटवर्थ मानदंड को पूरा करने में विफल रहने के बाद यह आदेश दिया गया है। हालांकि, कंपनी नहीं लौटाई जाने वाली 2 करोड़ रुपए की बयाना राशि के भुगतान को तैयार हो गई थी।

# पीएनबी ने किया 7200 करोड़ का प्रावधान

### ▶ इस धनराशि से की जाएगी नीरव मोदी धोखाधड़ी मामले की भरपाई

**नई दिल्ली (वार्ता)।**

नीरव मोदी घोटाले की भरपाई के लिए सार्वजनिक क्षेत्र के दूसरे बड़े बैंक पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) ने 7200 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान किया है।



बैंक के प्रबंध निदेशक सुनील मेहता ने मंगलवार को यहां तिमाही नतीजे पेश करते हुए कहा कि इस एक मामले के लिए चालू वित्त वर्ष की तीन तिमाहियों में पूरा प्रावधान कर दिया गया है। बैंक ने अपनी ओर से इसकी भरपाई कर दी है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय ने इस मामले में आरोपियों की संपत्ति जब्त की है जो एक कानूनी प्रक्रिया में है। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक का शुद्ध लाभ 7.12 फीसद बढ़कर 246.51 करोड़ रुपए हो गया।

बैंक का तिमाही दर तिमाही प्रावधान 38.4 फीसद घटकर कर दिसम्बर में समाप्त तिमाही में 2753 करोड़ रुपए पर आ गया जिसमें से 2014 करोड़ रुपए नीरव मोदी धोखाधड़ी मामले के लिए है। नीरव मोदी मामले में राशि बढ़कर 14357 करोड़ रुपए पर पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के इस बैंक में चार से पांच हजार कर्मचारियों की भर्ती करने की योजना पर काम चल रहा है।

**पहल**

- तीन तिमाहियों में थोड़ी-थोड़ी की जानी है रकम की भरपाई
- बैंक ने कहा, रिकवरी होने पर समायोजित हो जाएगी यह रकम
- बैंक को हुआ 246 करोड़ रुपए का मुनाफा

# बैंकों के 3.5 लाख करोड़ के कारपोरेट ऋण अब तक एनपीए में शामिल नहीं

### एक रिपोर्ट के अनुसार इन कर्जों पर काफी समय से बना हुआ है दबाव

**मुंबई (भाषा)।**

करीब 3.5 लाख करोड़ रुपए या 3.9 प्रतिशत दबाव वाले कारपोरेट कर्ज को बैंकों के खातों में अभी तक 'पहचान' नहीं दी गई है और इसमें से 40 प्रतिशत के सितम्बर, 2020 तक डूबा कर्ज बनने की संभावना है। एक रिपोर्ट में इस बारे में आगाह किया गया है। ये खाते सितम्बर, 2018 तक कुल दबाव वाले 19.3 प्रतिशत या 13.5 से 14 लाख करोड़ रुपए तक के कारपोरेट ऋण का हिस्सा हैं।

इंडिया रेटिंग्स के सहायक निदेशक (बैंकिंग एवं वित्तीय संस्थान) जिंदल हरिया ने मंगलवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'कॉरपोरेट के 19.3 प्रतिशत दबाव वाले कर्ज का 3.9 प्रतिशत बैंकों के खातों में अभी तक 'सामान्य' कर्ज बना हुआ है। इसमें से डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपए का कर्ज 2019-20 की दूसरी छमाही तक गैर निष्पादित आस्तियों (एनपीए) में बदल सकता है।'

उन्होंने बताया कि इस 13.5 से 14 लाख करोड़ रुपए के दबाव वाले ऋण में से सितम्बर, 2018 तक सिर्फ 10 लाख करोड़ रुपए के ऋण की ही 'पहचान' की गई है। जिंदल ने कहा कि बैंकों को इस डेढ़ से दो लाख करोड़ रुपए के ऋण के लिए 40,000 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान करने की जरूरत हो सकती है।

### कारपोरेट कर अदायगी न होना चिंता की बात : फ्रैंकलिन

**मुंबई (भाषा)।** भारत में काम कर रहे सबसे बड़े विदेशी निवेश कोष फ्रैंकलिन टेंपल्टन इन्वेंस्टमेंट्स इंडिया ने मंगलवार को कहा कि हाल में देश में कंपनी जगत में ऋण अदायगी में असफल होने की घटनाएं कंपनी संचालन में नादानियों के कारण हुई है। उसने इन घटनाओं को 'बड़ी चिंता का विषय' बताया है। गौरतलब है कि हाल में सुभाष चंद्रा के नेतृत्व वाले एस्सेल समूह, वाधवान के डीएचएफएल और आईएल एंड एफएस के सामने नकदी संकट के कारण निवेशकों की चिंताएं बढ़ी है।

## जनहित निदेशकों के कामकाज की समीक्षा के नियम जारी

**नई दिल्ली (भाषा)।** बाजार नियामक सेबी ने शेयर बाजारों, क्लीयरिंग कारपोरेशन तथा डिपोजिटरी में काम करने वाले जनहित निदेशकों के लिए कड़े मानदंड तय किए हैं।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड ने एक परिपत्र में कहा कि जनहित निदेशकों को तीन साल के लिए नामित किया जाएगा। उन्हें तीन साल का और सेवा विस्तार दिया जा सकता है। हालांकि यह उनके प्रदर्शन की समीक्षा पर निर्भर करेगा। कार्यकाल समाप्त होने के बाद ऐसे निदेशक को अन्य बाजार ढांचागत संस्थान में अन्य तीन साल के लिए नामित किया जा सकता है। यह नियुक्ति एक साल के अंतराल के बाद ही हो सकेगी। पीआईडी का कार्यकाल तीन-तीन साल के लिये अधिकतम तीन अवधि के लिये हो सकता है। वह 75 साल तक इस पद पर बने रह सकते हैं।

# राजकोषीय लक्ष्य से चूके तो साख को होगा जोखिम

क्रेडिट रेटिंग एजेंसी मूडीज इन्वेस्टर्स सर्विस का कहना है कि लगातार दो वित्त राजकोषीय घाटे के बजटीय लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाना, वहीं कर कटौती और आने वाले चुनावों को देखते हुए सरकार का खर्च बढ़ना भारत की साख के लिए ठीक नहीं है।

सरकार ने अप्रैल-मई में होने वाले आम चुनावों को देखते हुए 2019-20 के अंतरिम बजट में किसानों को आय समर्थन देने के लिए 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना की घोषणा की है जिससे उसका खर्च बढ़ेगा तो दूसरी तरफ मध्यवर्ग के लिए आयकर कटौती का भी प्रस्ताव किया है। इससे राजकोषीय घाटे की स्थिति पर दबाव बढने की आशंका है। चालू वित्त वर्ष में सरकार ने राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.4 फीसद रहने का अनुमान जताया है। यह सरकार के 2018-19 के बजट लक्ष्य 3.3 फीसद से ज्यादा है। इसके अलावा सरकार 2017-18 में भी राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पाई थी। उल्लेखनीय है कि वित्त वर्ष 2019-20 के प्रस्तावित अंतरिम बजट में की गई घोषणाओं को देखते हुए भी राजकोषीय घाटे के लक्ष्य को पाना मुश्किल नजर आ रहा है।

- सरकार के बढ़ते खर्च को देखते हुए वित्तीय एजेंसी मूडीज ने किया आगाह
- आगामी चुनावों को देखते हुए करों में कटौती से बढ़ेगा खजाने पर दबाव
- किसान सम्मान निधि से बढ़ेगा राजकोषीय घाटा




# अब नयनों से ओझल हो रही टाटा की नैनो

**नई दिल्ली (भाषा)।**

टाटा मोटर्स की 'नैनो' कार के भविष्य को लेकर तमाम अटकलों के बीच कंपनी ने जनवरी में एक भी नैनो कार नहीं बनाई और न ही एक भी कार की बिक्री की है।

टाटा मोटर्स ने कहा कि उसने इस साल जनवरी में एक भी नैनो कार का उत्पादन नहीं किया जबकि जनवरी 2018 में कंपनी ने 83 इकाइयों का उत्पादन किया था। इसी तरह जनवरी 2019 में एक भी नैनो की ब्रिकी नहीं हुई जबकि पिछले साल इसी महीने 62 नैनो कारें बेची गई थीं। इसके अलावा कंपनी ने इसका निर्यात भी नहीं किया है।

कंपनी ने हाल ही में नैनो के उत्पादन और बिक्री को अप्रैल 2020 से बंद करने का संकेत दिया था। कंपनी की रतन टाटा की ड्रीम कार में और ज्यादा निवेश नहीं करने की योजना है क्योंकि यह बीएस-6 मानकों और अन्य सुरक्षा नियमों का पालन नहीं करती है।



टाटा मोटर्स के प्रवक्ता ने कहा, 'जैसा कि पहले भी कहा गया था कि नैनो का मौजूदा माडल नए सुरक्षा और उत्सर्जन मानकों को पूरा नहीं करता है और इसे नियमों के अनुरूप बनाने के लिए इसमें नया निवेश करना होगा। इस संबंध में अभी तक कोई फैसला नहीं किया गया है। फिलहाल ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए हम नैनो का उत्पादन जारी रखेंगे।' बता दें कि पिछले साल जून में, कंपनी ने सिर्फ नैनो इकाई का उत्पादन किया था और घरेलू बाजार में तीन नैनो कार की बिक्री की थी।

**घटता क्रेज**

- जनवरी महीने में नहीं बनाई गई एक भी नैनो कार
- इस दौरान इस ब्रांड की नहीं बेची गई कोई भी कार
- इस दौरान नहीं किया गया निर्यात
- कंपनी ने अप्रैल 2020 से उत्पादन और बिक्री बंद करने का दिया है संकेत

## स्पाइसजेट ने शुरू की सस्ती बुकिंग की सेल

**गुरुग्राम (वार्ता)।** किफायती विमान सेवा कंपनी स्पाइसजेट ने मंगलवार से चार दिन की सेल शुरू की है। इसके तहत घरेलू मार्ग पर सभी करों तथा शुल्कों समेत किराया 899 रुपए से प्रारंभ होगा।

इस ऑफर के तहत जम्मू-श्रीनगर, चेन्नई-बेंगलुरू, कोच्चि-बेंगलुरू और हुबली-बेंगलुरु मार्गों पर किराया 899 रुपए से शुरू होगा। उसने दावा किया कि यह किराया 1.75 रुपए प्रति किलोमीटर है जो रेल या बस के औसत किराए से भी कम है। इस सेल के तहत 25 सितम्बर तक की यात्रा के लिए टिकट बुक कराए जा सकते हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्गों में कोलकाता से ढाका और मदुरै से दुबई का किराया सभी करों एवं शुल्कों समेत 3699 रुपए रखा गया है।





असुरक्षा बहुत शोर मचाती है। आत्मविश्वास शांत रहता है।
- अमिताभ बच्चन@SrBachchan

जैविक स्वभाव बहुत ही ताकतवर होता है। इसमें समाप्त होने का डर ही मानव जाति की रक्षा करेगा।
- महेश भट्ट @MaheshNBhatt



## बच्चे इंटरनेट पर क्या देख रहे हैं इसकी निगरानी नहीं करते

# 60 फीसद परिजन

**नई दिल्ली (आईएएनएस)।** दुनिया भर में मंगलवार को सेफर इंटरनेट डे मनाया गया है और ऐसे में इंटरनेट के उपयोग को लेकर भारत से आने वाले आंकड़े काफी चौंकाने वाले हैं। एक सर्वेक्षण में पाया गया है कि 60 फीसदी माता-पिता अपने बच्चों द्वारा देखे जाने वाले ऑनलाइन कंटेंट की निगरानी नहीं करते, जो काफी चिंताजनक है। दुनिया मंगलवार को टुगेदर फॉर अ बेटर इंटरनेट थीम के जरिए सेफर इंटरनेट डे मना रही है और इसी दिन भारत के अग्रणी क्लीसीफाइड मंच-ओएलएक्स ने कंपनी के 2019 इंटरनेट बिहैवियर सर्वे के परिणाम जारी किए हैं।

ओएलएक्स द्वारा इंटरनेट का उपयोग करने वाले 26,000 से अधिक लोगों पर किया गया यह सर्वे ऑनलाइन और आमतौर पर सुरक्षा पर लोगों के नजरिए और व्यवहार को चिन्हित करता है। इसका लक्ष्य जागरूकता बढ़ाना है और इसने सभी यूजर्स, खासकर युवा यूजर्स से बेहतर इंटरनेट इकोसिस्टम के निर्माण में सक्रिय रूप से भाग लेने का आह्वान किया गया है। सर्वे से पता चला है कि इंटरनेट का उपयोग करने वाले अधिकांश लोग अपने व्यक्ति गत जीवन में साइबर सिक्योरिटी के सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों की जाने-अनजाने में उपेक्षा करते हैं।

उनके बच्चे ऑनलाइन क्या कंटेंट देख रहे हैं, इस पर वे नजर नहीं रखते हैं। 57 प्रतिशत लोगों ने माना कि ऑनलाइन हो या ऑफलाइन, वे अपनी ईमेल आईडी और ऑनलाइन खातों को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं। सबसे चौंकाने वाला आंकड़ा रहा है कि 60 प्रतिशत परिजनों ने माना कि वे अपने बच्चों द्वारा ऑनलाइन देखे जाने वाले कंटेंट की निगरानी नहीं करते हैं। यह काफी चिंता का सबब है क्योंकि जाने या अनजाने में ही बच्चे इंटरनेट का गलत उपयोग करते हैं और इसके परिणाम काफी गम्भीर होते हैं।

### सेफर इंटरनेट डे



**54 प्रतिशत ने कहा 6 माह से अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के पासवर्ड नहीं बदले-**
सर्वे में शामिल 67 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने किसी वेबसाइट पर साइन अप करते हुए या किसी उत्पाद का उपयोग करते समय नियम और शर्तों या अन्य सुरक्षा व लीगल गाइडलाइंस को स्किप किया है। 54 प्रतिशत ने कहा कि उन्होंने पिछले 6 माह से अधिक समय से अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स के पासवर्ड नहीं बदले हैं, जबकि 31 प्रतिशत को याद ही नहीं है कि उन्होंने पासवर्ड कब बदले थे।

सर्वे में शामिल 56 प्रतिशत लोगों ने अपनी प्रोफेशनल या सोशल मीडिया प्रोफाइल्स पर अपना मोबाइल नंबर आराम से शेयर किया है। ऐसा तब है जब सोशल मीडिया साइट्स और बैंक अपने उपयोगर्ताओं या फिर ग्राहकों को समय-समय पर पासवर्ड बदलने की सलाह देते हैं और यह भी कहा जाता है कि पासवर्ड काफी स्ट्रांग होना चाहिए।

सुरक्षा के प्रति उपेक्षा दर्शाने वाले इन लोगों में हालांकि वित्तीय सुरक्षा के लिए बड़ी जागरूकता है। 68 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने अपने बैंक अकाउंट, सोशल मीडिया अकाउंट्स, लैपटॉप या फोन के लिए ओटीपी या पासवर्ड कभी किसी के साथ शेयर नहीं किया है। ऐसा करना भी नहीं चाहिए क्योंकि इससे एकाउंट हैक होने का खतरा है।

**सावधानी रखकर सुरक्षित रहना जरूरी-**
ओएलएक्स इंडिया की निदेशक और जनरल काउंसेल लवण्या चंदन ने कहा, इंटरनेट हमारे जीवन पर हावी हो गया है। इसलिए उसका उपयोग ऐसे करना कि हमारे जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो और वास्तविक संसार जैसी सावधानी रखकर सुरक्षित रहना, हमारे हित में है। सेफर इंटरनेट डे हमारी मनोवृत्ति और व्यवहार को परखने का उचित अवसर है, ताकि हमारी और हमारे बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

- **इंटरनेट का इस्तेमाल करने वाले अधिकतर लोग अपने व्यक्तिगत जीवन में साइबर सिक्योरिटी के सर्वश्रेष्ठ अभ्यासों की जाने-अनजाने में उपेक्षा करते हैं**
- **57 प्रतिशत लोग अपनी ईमेल आईडी और ऑनलाइन खातों को लेकर असुरक्षित महसूस करते हैं**
- **68 प्रतिशत लोगों ने कहा कि उन्होंने अपने बैंक अकाउंट, लैपटॉप या फोन के लिए ओटीपी या पासवर्ड किसी के साथ शेयर नहीं किया है**

## 'जीना मरना तेरे संग' से फिल्मों में वापसी कर रहीं स्वीटी



**पटना (आईएएनएस)।** भोजपुरी फिल्मों की सफल अभिनेत्रियों में शामिल स्वीटी छाबरा बहुत दिनों के बाद एक बार फिर फिल्मों में वापसी कर रही हैं। स्वीटी इन दिनों सफल निर्देशक दिनेश यादव की फिल्म 'जीना मरना तेरे संग' की शूटिंग में व्यस्त हैं। यश कुमार, संजय पांडेय, अवधेश मिश्रा, ब्रजेश त्रिपाठी और आशुतोष खरे जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर स्वीटी बेहद उत्साहित हैं।

स्वीटी कहती हैं कि उनकी आने वाली फिल्म उनकी अब तक फिल्मों से पूरी तरह अलग है। इस फिल्म के अलावा भी कई और फिल्में हैं, जिसमें वे बतौर अभिनेत्री काम कर रही हैं। फिल्मों में अभिनय के अलावा समाज सेवा में गहरी रुचि रखने वाली स्वीटी ने मंगलवार को कहा, मैंने बेशुमार फिल्मों में अभिनय किया है और आगे भी काम जारी रखूंगी। लेकिन समाज सेवा करने के लिए भी मैं अपना समय निकालती रहती हूं क्योंकि समाज सेवा करना मुझे बहुत अच्छा लगता है। इससे जो दिल और रूह को सुकून मिलता है।





**मंगलवार को बांग्लादेश के काक्स बाजार स्थित म्यांमार के पीड़ित मुस्लिमों के शिविर में पहुंचीं हॉलीवुड अभिनेत्री ऐंजिलिना जोली। यह शिविर कुटुपालोंग के रेडक्रास फील्ड अस्पताल में स्थित है।**

## महिलाओं का मस्तिष्क पुरुषों की तुलना में तीन साल जवां रहता है



**वाशिंगटन(भाषा)।** वैज्ञानिकों का दावा है कि महिलाओं का मस्तिष्क उनके हमउम्र पुरुषों की तुलना में तीन साल जवां रहता है। इस वजह से महिलाओं का दिमाग लंबे अरसे तक तेज चलता है। इन वैज्ञानिकों में एक भारतीय मूल का है। अमेरिका के वाशिंगटन विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर मनु गोयल ने कहा कि हमने अभी यह समझना शुरू ही किया है कि कैसे विभिन्न लैंगिग कारक दिमाग के बूढ़े होने की प्रक्रिया पर असर डालते हैं।

उन्होंने कहा कि मस्तिष्क की चयापचय संबंधी क्रियाएं महिलाओं और पुरुषों की उम्र बढ़ने पर उनके मस्तिष्क संबंधी अंतरों को समझने में मदद कर सकती हैं। दिमाग शर्करा से चलता है। लेकिन मस्तिष्क शर्करा का इस्तेमाल किस तरह से करता है, इसमें उम्र बढ़ने के साथ परिवर्तन होता है। यह अध्ययन प्रोसीडिंग्स ऑफ नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज जर्नल में प्रकाशित हुआ है। अनुसंधानकर्ताओं ने 205 लोगों पर अध्ययन किया और पता लगाया कि उनका मस्तिष्क शर्करा का किस तरह से इस्तेमाल करता है। इस अध्ययन में 20 से 84 वर्ष की 121 महिलाओं और 84 पुरुषों ने हिस्सा लिया। उनके मस्तिष्क में ग्लूकोज और ऑक्सीजन के प्रवाह को मापने के लिए उनका पीईटी स्कैन किया गया। इसके बाद उन्होंने उम्र और मस्तिष्क की क्रियाओं के बीच के संबंधों का पता लगाने के लिए एक मशीन में पुरुषों की उम्र और मस्तिष्क क्रियाओं का डेटा डाला। अनुसंधानकर्ताओं ने महिलाओं के मस्तिष्क की चयापचय क्रियाओं के डेटा को मशीन में डाला और आंकड़ों से महिलाओं के दिमाग की उम्र की गणना कराई।

**अनुसंधानकर्ताओं ने 205 लोगों पर अध्ययन किया**

**मस्तिष्क शर्करा का इस्तेमाल किस तरह करता है, यह उम्र बढ़ने के साथ परिवर्तित होता है**

## 'इंस्पेक्टर गालिब' बनेंगे शाहरुख



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख सिल्वर स्क्रीन पर पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड के जाने माने फिल्मकार मधुर भंडारकर फिल्म 'इंस्पेक्टर गालिब' बनाने जा रहे हैं। शाहरुख को फिल्म के लिए अप्रोच किया गया है। उन्होंने इसकी कहानी सुनी और उन्हें स्क्रिप्ट पसंद आई है। हालांकि शाहरुख ने अभी तक फिल्म के लिए हामी नहीं भरी है। यदि शाहरुख फिल्म के लिए हामी भरते है तो फैन्स उन्हें पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में देख पाएंगे। शाहरुख की फ्लॉप फिल्मों का ट्रैक रिकॉर्ड देखें तो उनमें से ज्यादातर कच्चे और कमजोर कंटेंट के चलते पिटीं। शाहरुख फिल्मों के चुनाव के मामले में इस वक्त फूंकफूंक कर कदम रख रहे है। 'इंस्पेक्टर गालिब' यूपी बेस्ड फिल्म है जिसकी कहानी रेत खनन माफिया के खिलाफ भिड़ने वाले एक पुलिस ऑफिसर पर है। फिल्म के लिए मधुर पिछले 6-7 महीने से रिसर्च में जुटे हुए थे।

## ऑस्कर मिलने के बाद मेरे पिता जरा भी नहीं बदले



**मुंबई (आईएएनएस)।** ऑस्कर विजेता भारतीय संगीतकार एआर रहमान की बेटी खतीजा रहमान का कहना है कि वह अपने पिता पर न केवल उनकी संगीत उपलब्धियों के कारण गर्व करती है बल्कि उन मूल्यों के कारण भी गर्व करती हैं, जो उन्होंने एक पिता के रूप में उन्हें सिखाए। फिल्म 'स्लमडॉग मिलियनेयर' के लिए ऑस्कर जीतने के 10 वर्ष पूरे होने के मौके पर धारावी में एक समारोह आयोजित किया गया था, जिसमें रहमान, उनकी बेटी खतीजा, गुलजार और अनिल कपूर सहित कई लोग शामिल हुए।

इस दौरान खतीजा काफी भावुक नजर आईं। उन्होंने अपने पिता की प्रशंसा की, जिन्होंने इस फिल्म के लिए ऑस्कर जीता था। समारोह में खतीजा ने कहा, दुनिया आपको आपके संगीत और आपके द्वारा जीते गए पुरस्कार के लिए जानती है लेकिन मैं आपसे हमें सिखाए मूल्यों के कारण असीम प्यार और सम्मान करती हूं। आपकी विनम्रता मेरे लिए सबसे ज्यादा मायने रखती है। ऑस्कर जीतने के बाद से आपका व्यवहार जरा भी नहीं बदला है। पिछले 10 सालों में आपमें कुछ भी नहीं बदला है सिवाय इसके कि आपने हमारे साथ समय बिताना कम कर दिया है।

**रहमान भी भावुक हुए :** इस समारोह में जब बेटी ने अपने पिता से कुछ सलाह साझा करने के लिए कहा जो वह उनके बच्चों और सभी युवाओं को देना चाहते हों, तो इस पर रहमान बहुत भावुक हो गए। उन्होंने थोड़ा रुककर जवाब दिया, मैं वास्तव में लोगों को सलाह नहीं देता। जब आप तीनों बड़े हो रहे थे तो मैंने यह सोचा कि मैं आपको वह सब कुछ सिखाऊं, जो मेरी मां ने मुझे सिखाया था जब मैं बड़ा हो रहा था। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि आप अपने दिल की सुनें और ईश्वर से आपका मार्गदर्शन करने की प्रार्थना करें। मुझे लगता है कि आपका विवेक जीवन में आपका सबसे अच्छी तरह से मार्गदर्शन कर सकता है।

**एक समारोह में एआर रहमान की बेटी ने खतीजा रहमान ने व्यक्त किए उद्‌गार**

**'स्लमडॉग मिलियनेयर' के लिए रहमान के ऑस्कर जीतने के 10 वर्ष पूरे होने के मौके पर आयोजित था समारोह**

## शाहिद कपूर से लेता हूं प्रेरणा : आयुष



**मुंबई (आईएएनएस)।** अभिनेता आयुष मेहरा ने शाहिद कूपर की मां नीलिमा अजीम के साथ एक वेब सीरीज 'मॉम एंड कंपनी' में काम करने का मौका मिलने पर खुशी जताई है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि वह शाहिद से काफी प्रेरणा लेते हैं। आयुष ने एक बयान में कहा, शाहिद और ईशान खट्टर दोनों शानदार अभिनेता हैं। मैं शाहिद की फिल्मों में उनके अभिनय से काफी प्रेरणा लेता हूं। जहां तक नीलिमा जी के बेटे की भूमिका निभाने की बात है। उन्होंने मुझे कभी भी इससे कम महसूस नहीं कराया। वह काफी दयालु और विनम्र हैं। उन्होंने कहा, शूटिंग के दौरान, वह जिन लोगों के साथ होती हैं, उनका ख्याल रखा रखती हैं। मैं सच में उम्मीद करता हूं कि शाहिद और इशान यह सीरीज देखें।



## श्रद्धा की फिल्म का नाम होगा

# स्ट्रीट डांसर

**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन और अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की आने वाली फिल्म का नाम 'स्ट्रीट डांसर' रखा गया है। बॉलीवुड निर्देशक रेमो डिसूजा की आने वाली फिल्म में वरुण धवन और श्रद्धा कपूर की मुख्य भूमिका है। फिल्म का लोगो और फर्स्ट लुक रिवील कर दिया गया है। इसे खुद वरुण ने अपने ट्विटर हैंडल से जारी किया है। फिल्म का नाम 'स्ट्रीट डांसर 3 डी' होगा। काफी लंबे समय से भूषण कुमार के प्रोडक्शन में बनने जा रही इस फिल्म के नाम को लेकर कयास लगाए जा रहे थे। माना जा रहा था कि इस फिल्म का नाम 'एबीसीडी-3' होगा लेकिन वरुण ने ट्वीट करके इन कयासों को विराम दे दिया है। इस फिल्म में पहले वरुण धवन के साथ कैटरीना कैफ थी लेकिन बाद ने उन्होंने डेट कमिटमेंट के कारण फिल्म छोड़ दी। इसके बाद फिल्म में श्रद्धा कपूर शामिल को शामिल किया गया। श्रद्धा इस फिल्म में प्रोफेशनल डांसर के किरदार में नजर आने वाली है।

## बर्लिन फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जाएगी 'डस्ट'

**मुंबई (आईएएनएस)।**

उदिता भार्गव की फिल्म 'डस्ट' को 2019 बर्लिन इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाया जाएगा। मोर्टेन होल्स और विनय पाठक अभिनीत फिल्म को न्यू जर्मन सिनेमा सेक्शन के अंतर्गत प्रदर्शित किया जाएगा। भार्गव भारतीय फिल्मकार हैं और इससे पहले वह हॉलीवुड के कई प्रोजेक्ट्स में काम कर चुकी हैं। 'डस्ट' बतौर निर्देशक उनकी पहली फीचर फिल्म है।

भार्गव ने कहा, हम बर्लिन में अपने सफर की शुरुआत को लेकर उत्साहित हैं। हमारी टीम के अधिकतर सदस्य बर्लिन से हैं। भारतीय होने के नाते मैं जोया और रीमा की फिल्में देखने के लिए उत्सुक हूं और आशा करती हूं कि वे भी मेरी फिल्म देखेंगी। डस्ट में विनय पाठक और मोर्टेन होल्स के अलावा अबु बाकर गोलू, कल्याणी मुले और अमृता बागची ने काम किया है।

## एलिजाबेथ बैंक्स को बचपन की याद दिलाती है लीगो मूवी



**लॉस एंजेलिस (आईएएनएस)।** अभिनेत्री एलिजाबेथ बैंक्स का कहना है कि लीगो मूवी उन्हें उनके बचपन की याद दिलाती है और उनकी रचनात्मकता को उभारती है। बैंक्स ने कहा, मैं जानती हूं कि लीगो के साथ मेरा कोई संबंध है। यह मुझे मेरे बचपन की याद दिलाती है और मैं पुरानी यादों में खो जाती हूं। यह रचनात्मकता उभारती है। अभिनेत्री द लीगो मूवी 2 द सेकेंड पार्ट में लूसी के रूप में लीगो यूनीवर्स में फिर लौटेंगी। यह फिल्म भारत में आठ फरवरी को रिलीज होगी। भारत में यह फिल्म वार्नर ब्रदर्स पिक्चर्स ला रही है। उन्होंने कहा, यह आपके खामोश लम्हों और भीतर से आप कौन है इसे बयां करती है और वही दूसरी तरफ आप दुनिया को क्या दिखाना चाहते हैं। यह कुछ ऐसा है जिससे जुड़ाव महसूस होता है। उन्होंने कहा, उसी तरीके से जैसे पहली फिल्म पिता-बेटे के संबंधों पर आधारित थी, यह फिल्म मानवीय जुड़ाव, समझदारी, समानुभूति और हर उस चीज के बारे में है जिससे हम दूसरे लोगों के करीब आते हैं, और इसीलिए मुझे ये पसंद है।

## चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं का चयन कर रही हैं सोनम : अनिल



**मुंबई (आईएएनएस)।** हालिया फिल्म 'एक लड़की को देखा तो ऐसा लगा' में एलजीबीटीक्यू समुदाय की पक्षधरता के लिए प्रशंसा बटोर रही सोनम कपूर आहूजा के पिता व अभिनेता अनिल कपूर ने कहा कि वह अपने फिल्मी करियर में चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं का चयन कर रही हैं। इस फिल्म में अनिल ने सोनम के पिता की भूमिका निभाई है। अनिल कपूर ने कहा, वह इस तरह की चुनौतीपूर्ण भूमिकाओं का चयन कर रही है। 'नीरजा' एक ऐसी फिल्म थी, जिसने कई अवधारणाएं तोड़ीं। इस फिल्म ने सोनम को एक अभिनेत्री के रूप में खुद को साबित करने का मौका दिया। मैं सोनम में विश्वास करने के लिए निर्देशक राम माधवनी का शुक्रिया अदा करता हूं।

## एक्शन जॉनर की फिल्म में काम करेंगे ऋतिक



**मुंबई (वार्ता)।** बॉलीवुड के माचो मैन ऋतिक रोशन एक्शन जॉनर की फिल्म में काम करना चाहते हैं। ऋतिक रोशन ने रोमांटिक और डांस बेस्ट फिल्मों में काम किया है। इसके अलावा वह ऐतिहासिक किरदारों में परफेक्ट अभिनेता माने जाते हैं। वह अब कुछ अलग करने की योजना बना रहे हैं। ऋतिक अब अपनी रोमांटिक और डांस फिल्मों की कैटिगरी से बाहर निकलना चाहते हैं। वह फिलहाल फिल्म कृष-4 की तैयारी में लगे हैं।

गल्फ, कनाडा, सिंगापुर
2 साल का वीजा। रहना खाना, टिकट फ्री।
हैल्पर, फूड पैकर, मेसन, ऑपरेटर, सुपरवाइजर, ड्राइवर।
सैलरी 1.5 से 2.5 लाख
एजेंट को अच्छा कमीशन
8264710952, 7528047029

प्रधान मंत्री योजना मुद्रा बैंक की तरफ से
हर प्रकार प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधार कार्ड पर लोन प्राप्त करे
0% ब्याज दर, 50% सब्सिडी छूट
Call: 7065764925 7065854083

कैनेडा न्यूजीलैंड
रहना+खाना+PR+टिकट कंपनी से।
कारपेंटर मेसन, कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्टोरकीपर, सेक्यूरटी गार्ड, पलम्बर, सुपरवाईजर, एलेक्ट्रिशन, हेल्पर, पैकर
वेतन 2.50 से 3.50 लाख महीना
70870-33731

ऑल इंडिया खुला चैलेंज
3 घंटे में 100% गारंटीड समाधान
तांत्रिक मास्टर किंग खान
कारोबार, प्यार में परेशानी व दुश्मन से छुटकारा, गृह क्लेश व पति-पत्नी के झगड़े, लव मैरिज, प्रोपर्टी, कोर्ट केस, गुप्त रोग, पुराना दर्द, दवा का न लगना, वशीकरण, जादू-टोना, किया कराया
A to Z समस्या का समाधान घर बैठे।
हमारे किये हुए काम को कोई ज्योतिष, पंडित या मौलवी काट दे उसे मुंह मांगा ईनाम।।
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी एवं काला जादू
बाबा आमिल सूफी (अजमेर वाले)
काम न होने पर पैसे वापस
9717667063, 9971793786

अपनी परेशानी से क्यों हो परेशान
दिल में है तो काम में देरी क्यों?
ईश्वर अल्लाह ने चाहा किसी को खून के आंसू रोने नहीं दूंगा
बाबा कमाल पाशा (कलकत्ता वाले)
8826048967

जबरदस्त मर्दाना ताकत के लिये
हजारों मरीजों पर आजमाया हुआ
एस.एस. तेल व पाउडर
सैक्स टाइम बढ़ायें
मर्द एक्स्ट्रा टाइम वटी
9219632232
9050205100

कामोत्तेजना में आई कमी के कारण स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है खोई हुई ताकत दोबारा प्राप्त करें आज ही फोन करें या मिलें।
hashmi.com
हाशमी दवाखाना अमरोहा-UP
नई खुशियों के लिए
9027281900-9997161320

